दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :167
प्रतापगढ़ | शनिवार, 20 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# प्रथम चरण में कुल 63 फीसदी मतदान

## पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 77 जबकि सबसे कम बिहार में मात्र 46.32 फीसदी वोट पड़े

**वोट डालने में त्रिपुरा दूसरे स्थान पर रहा, यहां कुल 76.10 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया**

**उत्तर प्रदेश में लगभग 58 फीसदी ने जबकि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश 63.25 फीसदी लोगो ने वोट डाले**





**ब्यूरो और एजेंसियां**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए कुल 63 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने में पश्चिम बंगाल के लोग देश में सबसे आगे रहे। यहां के 77 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा के लोग रहे। यहां कुल 76.10 फीसदी वोट पड़े। इस मामले में सबसे फिसड्डी बिहार राज्य रहा जहां मात्र 46.32 फीसदी लोगों ने ही लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश में लगभग 58 तो पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में 63.25 फीसदी मतदान हुआ।

देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और पहले चरण में देशभर में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डाल रहे हैं। शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है।पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक चल रहा है। आज सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। यह क्रम देर शाम तक जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है।चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है।उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा।छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 45.43 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया है। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जा रही। 661 पर्यवेक्षक तैनात हैं। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

## उप्र की आठ सीटों पर 58 फीसदी मतदान



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की आठ निर्वाचन क्षेत्रों पर शुक्रवार की सुबह सात बजे से शांतिपूर्ण मतदान जारी है। इन सीटों पर शाम पांच बजे तक 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह जानकारी उप्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से दी गई है। जिन सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा सीट शुरूआत से लेकर पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान 63.29 प्रतिशत हुआ है।उल्लेखनीय है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के अंतर्गत सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच आठ लोकसभा सीटों पर मतदान की शुरूआत हुई। धीरे-धीरे तपमान की गर्मी भी मतदाताओं को हौसला कमजोर नहीं कर सकी और लगातार मतदान केन्द्रों के बूथों पर भीड़ लगी रही।

# केंद्र की हरी झंडी, वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे अगले नौसेना प्रमुख

**मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे**

**नए नेवी चीफ के रूप में वाइस एडमिरल त्रिपाठी उसी दिन कार्यभार संभालेंगे**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वह वर्तमान में नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वाइस एडमिरल त्रिपाठी उसी दिन नए नेवी चीफ के रूप में कार्यभार संभालेंगे।वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है। नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। उन्हें परम विशिष्ठ सेवा मेडल, अति विशिष्ठ सेवा मेडल और नौसेना मेडल से नवाजा जा चुका है।वाइस एडमिरल डीके त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिनमें पश्चिमी बेड़े के संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन निदेशक, नई दिल्ली में प्रधान निदेशक, नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रधान निदेशक, नौसेना योजनाएं हैं। रियर एडमिरल के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया है।वाइस एडमिरल के पद पर उन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के कमांडेंट, नौसेना संचालन के महानिदेशक, कार्मिक प्रमुख और पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया है। सैनिक स्कूल, रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, नेवल हायर कमांड कोर्स, करंजा और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज, यूएसए में नेवल कमांड कॉलेज से पाठ्यक्रम पूरा किया है।

## बाबा रामदेव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ और बिहार सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं पर की गई टिप्पणी के खिलाफ छत्तीसगढ़ और बिहार में बाबा रामदेव के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने या सभी को एक साथ जोड़ने की मांग वाली याचिका पर छत्तीसगढ़ और बिहार सरकार को जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका दिया है। जस्टिस एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने बाबा रामदेव की याचिका पर छत्तीसगढ़ और बिहार सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया।बाबा रामदेव ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्ज एफआईआर को एक साथ क्लब करने की मांग की है। इसके साथ ही बाबा रामदेव ने आईएमए की पटना और रायपुर ब्रांच की ओर से दर्ज एफआईआर को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की है। रायपुर में बाबा रामदेव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 269 और 504 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# इंडी गठबंधन राम और कृष्ण विरोधी-पीएम मोदी

## पुरानी सरकारों ने एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा दिया

**बोले, 2024 का लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव**

**मोदी गरीब का बेटा, आप सबके लिए खुद को खपा रहा है**

**कांग्रेस उम्मीदवारों को तो भारत माता की जय बोलना भी मंजूर नहीं**



**अमरोहा, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अमरोहा में पार्टी की जनसभा इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने 400 पार के संकल्प को दुहराते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता राम और कृष्ण विरोधी हैं। उन्होंने युवाओं का पहले चरण के लिए हो रहे मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने खासकर युवाओं से कहा कि वह ऐसा मौका अपने हाथ से जाने न दें। युवा अवश्य वोट करें। उन्होंने अपनी और योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए समूचे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया।प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि यूपी के दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म शूटिंग चल रही है। इसका पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। यह लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। यहां के कांग्रेस उम्मीदवार को तो भारत माता की जय बोलना भी मंजूर नहीं। जिन लोगों को भारत माता की जय बोलना पसन्द नहीं, क्या वह संसद में शोभा देंगे। रमालला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं आए। इनसे तो ठीक वे लोग हैं जिन्होंने जीवनभर बाबरी मस्जिद के लिए मुकदमा लड़ा और हार गए तो प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर खूब हमला बोला।अमरोहा भगवान श्री कृष्ण के चरणों की दासी रही है- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमरोहा कोई साधारण जगह नहीं है। मां गंगा के तट पर स्थित यह धरती भगवान श्रीकृष्ण के चरणों की दासी रही है। यह वीरों की भूमि है। अमरोहा की ढोलक की थाप दूर-दूर तक गूंजती है।

मुख्यमंत्री योगी ने जीआई टैग के माध्यम से अलग पहचान दिलाई है। आज अमरोहा की एक थाप है-कमल छाप। अमरोहा का एक ही स्वर है फिर एक बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमरोहा दुनिया में डंका बजाता है। क्रिकेट की दुनिया में मोहम्मद शामी ने जो प्रदर्शन किया, उसकी दुनिया कायल है। केंद्र सरकार ने बेहतर प्रदर्शन के लिए मोहम्मद शामी को अर्जुन पुरस्कार दिया है। योगी सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई।

# नफरत को हराकर हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलें-राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** जैसे ही शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हुआ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाताओं से नफरत को हराकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश के हर कोने में %मोहब्बत की दुकान% खोलने का आग्रह किया।शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाताओं से नफरत को हराकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश के हर कोने में %मोहब्बत की दुकानखोलने का आग्रह किया। गांधी ने %एक्स% पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, ÷आज मतदान का पहला चरण है! याद रखें, आपका प्रत्येक वोट भारत के लोकतंत्र और इसकी पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा।उन्होंने कहा, बाहर निकलें और पिछले 10 वर्षों में देश की आत्मा पर लगे घावों पर अपने वोट का मरहम लगाकर लोकतंत्र को मजबूत करें।%% कांग्रेस नेता ने कहा, नफरत को हराकर देश के हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलें।गांधी ने लोगों को कांग्रेस की प्रमुख गारंटी का एक ग्राफिक भी साझा किया, जिसमें प्रशिक्षुता का अधिकार, एमएसपी की कानूनी गारंटी और राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना शामिल है। 2024 के लोकसभा चुनाव शुक्रवार को शुरू हो गए, जिसमें पहले चरण के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। मैदान में उतरने वालों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोझी और भाजपा के के अन्नामलाई शामिल हैं।अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी एक साथ हो रहे हैं। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए मजबूत बहुमत की मांग कर रहा है, वहीं विपक्षी भारत गुट के घटक 2014 और 2019 के चुनावों में हार का सामना करने के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

## बीजेपी नेता आनंद स्वरूप शुक्ला का ऐलान, भविष्य में नहीं लड़ेंगे चुनाव

**बलिया(आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया है। खबर है कि पूर्व मंत्री एवं बीजेपी के कद्दावर नेता आनन्द स्वरूप शुक्ला ने बलिया के बैरिया सीट पर अब भविष्य में कभी चुनाव ना लड़ने का ऐलान किया है। रामनवमी के उल्लास के बीच उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर अपने इस फैसले का ऐलान किया, लेकिन खास बात यह है कि उन्होंने अपने इस ऐलान के पीछे की वजह अभी तक नहीं बताई है।

# केजरीवाल के ईडी के समन पर पेश न होने के केस में सुनवाई चार मई को



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश नहीं पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर शिकायत के मामले की सुनवाई टाल दी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने मामले की अगली सुनवाई 4 मई को करने का आदेश दिया।आज केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय देने की मांग की। इसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। दरअसल केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए जारी समन पर पेश न होने के चलते दो शिकायतें कोर्ट में दाखिल की थीं। यह मामला ईडी के समन की अवहेलना करने का है। ये शिकायतें केजरीवाल के खिलाफ उनकी गिरफ्तारी से पहले दायर की गई थी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी भले हो गई हो लेकिन इसके चलते ये मामला निष्प्रभावी नहीं हो जाता है। इसको लेकर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट में समानांतर सुनवाई चलेगी। ईडी के समन को नजरअंदाज करने के मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 174 के तहत एक महीने की सजा या पांच सौ रुपये जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। इस मामले में कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को 15 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी।

सात फरवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की पहली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। दिल्ली आबकारी घोटाला के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं जबकि राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# कांग्रेस-सीपीआई (एम) को नहीं करे वोट

## मतदाताओं से ममता बनर्जी की अपील, कहा- मैंने ही इंडिया गठबंधन बनाया है



**कलकत्ता,एजेंसियॉ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए विपक्षी गुट इंडिया के सहयोगियों सीपीआई (एम) और कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य में विपक्षी मोर्चे का अस्तित्व समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कांग्रेस और सीपीआई (एम) के पक्ष में वोट न देने का भी आग्रह किया। वह मुर्शिदाबाद में एक चुनाव प्रचार रैली को संबोधित कर रही थीं। पश्चिम बंगाल में कोई इंडिया गठबंधन नहीं है. मैंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां तक कि गठबंधन का नाम भी मैंने ही दिया था। लेकिन यहां पश्चिम बंगाल में सीपीआई (एम) और कांग्रेस भाजपा के लिए काम कर रहे हैं।यदि आप भाजपा को हराना चाहते हैं तो कांग्रेस और सीपीआई (एम) के पक्ष में अपना वोट न डालें इससे पहले जनवरी में सीट-बंटवारे समझौते पर बातचीत करने के कांग्रेस नेतृत्व के प्रयासों को खारिज करते हुए, ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। ममता बनर्जी ने भाजपा पर राज्य में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा भड़काने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा ÷पूर्व नियोजित÷ थी। हालाँकि, भाजपा ने ममता बनर्जी पर पलटवार किया और कहा कि बंगाली हिंदुओं की रक्षा करने में विफल रहने के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

## एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों के सहयोगी की अचल संपत्ति की जब्त

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाक स्थित खालिस्तानी आतंकियों के प्रमुख सहयोगी सूरत सिंह की अचल संपत्ति जब्त कर ली है। यह जब्ती जलालाबाद मोटरसाइकिल बम विस्फोट मामले में हुई है। एएनआई के मुताबिक इस मामले में अब तक नौ आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। इसमें सूरत सिंह एक हैं। एनआईए ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।एनआईए के मुताबिक सूरत सिंह उर्फ सुरती 2021 में मोटरसाइकिल बम ब्लास्ट के आरोपित और पाक-आधारित ड्रग्स और हथियार तस्कर हबीब खान उर्फ डाक्टर और लखबीर सिंह उर्फ रोडे का सहयोगी

## आप ने फिर लगाया बड़ा आरोप

# केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही गहरी साजिश, जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी का आरोप दोहराया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है और जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलजी, ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए। संजय सिंह ने कहा कि सीएम केजरीवाल के खिलाफ साजिश हो रही है और उनके खिलाफ झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर हालिया हंगामे पर सिंह ने कहा कि शुगर के मरीज होने के बावजूद सीएम को समय पर इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है। सांसद ने केजरीवाल की बीमारी का ÷मजाक उड़ाने÷ के लिए भी भाजपा नेताओं की आलोचना की और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में ÷भ्रामक÷ खबरें मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर जेल के नियम किसी कैदी के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा करने की इजाजत नहीं देते तो ईडी ने गुरुवार को केजरीवाल का फर्जी डाइट चार्ट मीडिया में क्यों प्रचारित किया?संजय सिंह ने कहा, ÷मैंने पेशी के दौरान बयान दिया था कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश हो रही है। मैं जानता हूं कि बीजेपी तब तक नहीं रुकेगी जब तक किसी की जान नहीं ले ली जाएगी। जेल में केजरीवाल के साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। केजरीवाल के साथ आतंकवादी जैसा व्यवहार किया जा रहा है. किसी भी कैदी के जीवन का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उन्होंने फर्जी डाइट चार्ट कैसे जारी किया? क्या वे उसे जहर देने की साजिश रच रहे हैं?दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में घर का बना खाना और इंसुलिन न देकर मारने की साजिश रची गई थी, जेल अधिकारियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया।

# गेहूं की खरीद के लिए किसान के द्वार पहुंच रही है सरकार

## प्रयागराज में बनाए गए 293 गेहूं क्रय केंद्र , पिछले साल से 5 गुना हुई खरीद



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले प्रदेश सरकार इसके लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार किसानों की फसल का उचित मूल्य तय करने के बाद इस बार किसानों के घर से ही उनकी फसलों की खरीद भी कर रही है। इससे किसान एक तरफ जहां बिचौलियों के चंगुल में नहीं फस रहे हैं तो वहीं उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी बच रहा है।

किसानों को सहूलियत देने और उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा कम करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने गेहूं क्रय नीति में कई बदलाव किए हैं जिसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं। सरकार ने गेहूं की खरीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष क्रय केंद्रों के साथ ही मोबाइल क्रय केंद्र की व्यवस्था की है। प्रयागराज के संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम बताते हैं कि सरकार के निर्देश पर इस बार गेहूं की खरीद उनके घरों से ही की जा रही है। जनपद में अब तक की गई गेहूं की कुल खरीद का 60 फीसदी किसानों के घर से मोबाइल वैन के जरिए की है। कई मोबाइल वैन इसके लिए पूरे दिन इलाके में भेजी जा रही हैं। सरकार ने जिले में 293 गेहूं क्रय केंद्र बनाए हैं। इसके लिए 9 एजेंसियां लगाई गई हैं।

संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम के मुताबिक विपणन विभाग के अधिकारी गेहूं क्रय केंद्रों के साथ ही गांवों में जाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। सरकार की तरफ से इस बार जनपद में 3 लाख 54 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है जबकि पिछली बार तीन लाख दो हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य था। मार्च से अब तक 6 हजार 526 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जो पिछले साल इसी महीने हुई खरीद का 5 गुना है।

निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और निरंतर इसकी मॉनिटरिंग हो रही है।

प्रदेश की योगी सरकार ने इस बार

### 150 प्रति क्विंटल बढ़ाया गया गेहूं का समर्थन मूल्य

2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। यह पिछले साल की तुलना में 150 रुपये ज़्यादा है। पिछली बार समर्थन मूल्य 2125 रुपये था। निर्देश जारी हुए हैं कि किसानों से खरीद के 48 घंटे के अंदर उनके आधार से जुड़े खाते में भुगतान कर दिया जाएगा। इस साल 100 कुंतल तक गेहूं विक्रय के लिए सत्यापन से छूट दी गई है। क्रय केंद्रों पर प्रति कुंतल 20 रुपये तौलाई के पैसे भी अब किसानों को वापस कर दिए जाएंगे। गेहूं के प्रति कुंतल 2275 रुपये के साथ ही तौलाई की रकम भी किसान के खाते में भेज दी जा रही है। किसी भी समस्या के समाधान हेतु विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। जिससे किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# नीरज त्रिपाठी को घेरने के लिए कांग्रेस ने बिछाई बिसात

### ब्राह्मण लीडर प्रमोद तिवारी को उतारा मैदान में

**प्रयागराज।** प्रयागराज की इलाहबाद लोक सभा सीट के लिए चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा ने अपने कद्दावर नेता केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को यहां से उतारा जिनका यह पहला चुनाव है। सियासी जोड़तोड़ से अंजान नीरज को घेरने के लिए इंडी गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इंडी गठबंधन से कांग्रेस के उज्ज्वल रमण यहां चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे उज्जवल रमण का इस क्षेत्र से यह चौथा चुनाव है। जिसमे वह दो बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। उज्ज्वल के पिता रेवती रमण सिंह खुद यहां से दो बार लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। लेकिन रेवती भूमिहार बिरादरी से है। जबकि यह सीट ब्राह्मण वोटर्स बाहुल्य सीट है।ब्राह्मण वोटर्स को रिझाने के लिए कांग्रेस के सीनियर लीडर प्रमोद तिवारी ने अब यहां से मोर्चा संभाला है। प्रमोद तिवारी ने उज्ज्वल रमण से मुलाकात कर ब्राह्मण वोटर्स के लिए बड़ा संदेश दिया है। प्रमोद तिवारी ने उज्ज्वल से दोनो के परिवार के पुराने घरेलू संबंधों का हवाला देकर खुद उनका प्रचार करने के लिए क्षेत्र में उतरने की बात कही।

# भाजपा का बूथ विजय अभियान का मंत्र बूथ जीता चुनाव जीता- राजेश केसरवानी

### नुक्कड़ सभा, नुक्कड़ नाटक के जरिए डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाया जाएगा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज संगठन ने जिले के लोकसभा फूलपुर एवं इलाहाबाद की दोनों सीटो पर प्रचंड बहुमत के साथ जीतने की मजबूत तैयारी की है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया भारतीय जनता पार्टी बूथो पर बूथ विजय अभियान के अंतर्गत बूथ जीता चुनाव जीता विजय मंत्र को लेकर पूरी तरह से सजग है और एक लंबी फौज का निर्माण किया है जो विरोधियों को बूथो पर ही धराशाही कर देंगे। भाजपा ने इसके लिए प्रत्येक बूथों पर 20 यूथ और बूथ की मैपिंग कर बेहतर ग्रेडिंग करने की मजबूत किला बंदी की है। इसके लिए इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के कुल 1811 और फूलपुर संसदीय क्षेत्र के कुल 2058 बूथो पर लगभग 18 से 20 पन्ना प्रभारियों की नियुक्त किया गया है। जिसका संचालन बूथ के त्रिदेव करेंगे जो बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और संगठन के द्वारा निर्धारित बीएलए होगें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रत्येक शक्ति केंद्रों में एवं प्रमुख चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में नुक्कड़ सभा की तैयारी की जा रही है। जिसमें प्रशिक्षित वक्ता डबल इंजन की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे और विपक्ष पर हमला बोलेंगे। कहा कि इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी वक्ताओं का, सोशल मीडिया आईटी विभाग का कार्यशाला ,की वोटर सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, बूथ सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, नुक्कड़ रैली, नुक्कड़ नाटक, पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित ,अनुसूचित जनजाति, युवा , नारी शक्ति वंदन महिला, सम्मेलन एवं बड़े नेताओं की बड़ी जनसभा एवं रैली की तैयारी कर रही है।

# मतदान से पहले 7000 लोग किए गए पाबंद

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण की वोटिंग समाप्त हो चुकी है। प्रयागराज में छठें चरण में मतदान होना है। मतदान से पहले कमिश्नट्रेट पुलिस ने अपनी कार्रवाई में तेजी लाना शुरू कर दिया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति भंग में चालान क़ी बड़ी कार्रवाई जिले में हुई है। शहर में करीब 7 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। इसके साथ-साथ पुलिस के रिकॉर्ड, सूचना संकलन के जरिए ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है जिनसे मतदान के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। देहात क्षेत्र में यह कार्रवाई काफी तेजी से चल रही है। ताकि माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर निगरानी रखने के साथ कार्रवाई की जा सके।

शहर में विभिन्न थाने में 7000 लोगों को पाबंद किया गया है। उनमें से 4600 लोग करीब अपनी जमानत भी करा चुके हैं। मतलब वह जिला मजिस्ट्रेट के यहां पेश होकर हलफनामा

### 32000 लाइसेंसी असलहे जमा

दे चुके हैं, कि अब वह शरीफ नागरिक है। बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं जिन्हे मुचलके पर छोड़ा गया है। इसके साथ 73 लोगों को गुंडा एक्ट के तहत नोटिस भेजी जा चुकी है। जिसमें 33 लोग ऐसे हैं, जो माफिया गैंग से जुड़े हैं या फिर अतीक-अशरफ के करीबी है। लोकसभा चुनाव में लाइसेंसी असलहों को जमा करने की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड में अब तक 42000 लाइसेंस है। सभी असलहों को जमा कराए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। अब तक जिले में 32000 असलहे जमा किए जा चुके हैं। बहुत से लोगों ने असलहों को न जमा करने के कारण प्रार्थना पत्र लगाए हैं। कई मामले में कोर्ट तक पहुंचे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर असलहा न जमा करने की छूट दी गई है। लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। इसको लेकर पुलिस टीम काफी सक्रिय है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने इसके लिए आईटी सेल की तीन टीमों का गठन किया है। यह टीम जिले भर में सोशल मीडिया की गतिविधियों पर निगाह रख रही है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी या फिर पुराने वीडियो ऑडियो, फोटो अपलोड करने वालों या धार्मिक टिप्पणी करने वालों, गलत प्रचार करने वालों के खिलाफ निगरानी की जा रही है। आईटी एक्ट के तहत पिछले 3 महीने में 88 लोगों के खिलाफ मुकदमा की भी दर्ज किया जा चुका है।

# रोजगार सेवकों ने काम का किया बहिष्कार, खंड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के रोजगार सेवकों ने मानदेय व ई पी एफ का भुगतान न किए जाने के कारण कार्य का बहिष्कार करते हुए विकास खंड बहरिया मुख्यालय पर एक मीटिंग करके रोजगार सेवक संघ बहरिया के अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार को एक लिखित ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख बहरिया शंशाक मिश्रा के सामने सौपा। जिसमें रोजगार सेवकों की मुख्य मांग है कि जब तक उनको मानदेय व ई पी एफ व कन्टीजन्सी लागू करते हुए भुगतान नहीं किया जाता है। तो सभी रोजगार सेवक अपनी ग्राम पंचायत में ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। ऐसी दशा में सारी जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी बहरिया की होगी। रोजगार सेवक के मांग को लेकर ब्लॉक प्रमुख बहरिया शंशाक मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार से कहा कि इनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करें इस संबंध में खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने कहा की शासन के मंशा के अनुरूप ही समस्या का निदान होगा।इस मौके पर सुभाष चंद्र साहू, पवन कुमार तिवारी,सुनीता देवी, जयपाल, अनिल कुमार पटेल, अरविंद कुमार, कुसुम देवी, कमला देवी, बी एल सिंह, हेमलता के साथ समस्त रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल



लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक सवार तीन लोग फूलपुर के लोचन गंज में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाईक से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जगदीश विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री राम विश्वकर्मा निवासी मनेथू बेलवा एवं राजेश कुमार विश्वकर्मा निवासी छीटपट्टी तथा साक्षी उम्र 10 वर्ष बाइक द्वारा फूलपुर आ रहे थे। तभी 10 बजे दिन सामने से खा रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर लाया गया। जहां से तीनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। घायलों के घर सूचना दे दी गई थी। उन्हें सीधे एस आर एन पहुंचने हेतु कहां गया है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा में नया सत्र की बृहद ग्राहक संगोष्ठी किया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर।** फूलपुर में बैंक ऑफ़ बडौदा शुक्रवार को कासा एवं खुदरा संवधी अभियान के प्रथम चरण की नया सत्र की शुरुआत शुक्रवार को ब्रांच परिसर में ग्राहकों की अपने व्यवसाय को आगे कैसे बढ़ाया जाए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक पारस नाथ चौरसिया ने किया अध्यक्षता मुख्य ब्रांच मैनेजर शाखा प्रबंधक संजय भावनानी ने किया समस्त जानकारियां नम्रता जायसवाल विपणन अधिकारी द्वारा दी गई मौके पर इसरार अहमद अकील अहमद विनय रमेश राहुल वसीम विशाल विजय शिखा अभय सर समस्त ग्राहक एवं बैंक स्टाफ मौजूद रहे।

# अवैध संबंधों की बलि चढ़ गई डेढ़ साल की मासूम बिटिया

### अवैध संबंधों में बाधक बनने पर उतार दिया बिटिया को मौत की घाट

लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के मंदर गांव में 2 दिन पहले डेढ़ साल की बच्ची की हुई हत्या का खुलासा हो गया है। मासूम बेटी अवैध संबंधों में बाधक बनने पर वह बलि चढ़ा दी गई। मंदर गांव निवासी महेन्द्र मुसहर की डेढ़ साल की बेटी मां के साथ सोई हुई थी किसी ने उसे उठा कर ले जाकर हत्या कर घर से थोड़ी दूर पर शव फेंक दिया था। सूचना पर हडिया पुलिस ने बुधवार की सुबह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अज्ञात खिलाफ 302 का मुकदमा लिखा गया। पुलिस ने मात्र 48 घंटे के अंदर ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया। महेंद्र के बयान के आधार पर उसकी पत्नी और उसके प्रेमी सूरज को पुलिस ने उठाकर कड़ाई से पूछताछ किया तो



तो वह तोते की तरह सारी बातें बयां कर दी। पुलिस के मुताबिक सूरज मुसहर महेंद्र का पड़ोसी है । सूरज मुसहर का महेंद्र की पत्नी से अवैध संबंध हो गया था । जिसमें वह मासूम बच्ची बाधक बनती थी । जिसकी वजह से सूरज ने मंगलवार की रात मासूम बच्ची को उसकी मां के पास सोते हुए चुपके से उठाकर घर से थोड़ी दूर ले जाकर हत्या कर शव झाड़ी में फेंक दिया। हत्या के आरोपित को पुलिस ने आज जेल भेज दिया।

# पृथ्वी के उदय एवं विकास पर वृहद मनन

### पृथ्वी दिवस के अवसर पर जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज में विशिष्ट व्याख्यान

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज के भूगोल एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे पृथ्वी दिवस के पूर्व संध्या पर %पृथ्वी की उत्पत्ति के बारे में हमारी समझ को आकार देने वाली हालिया खोज और घटनाएँ% पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुपम पांडेय रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सारगर्भित रूप से अल्बर्ट आईस्टीन के द्रव्यमान- ऊर्जा समतुल्यता सिद्धान्त, स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग और ब्लैक होल सिद्धान्त एवं गॉड पार्टिकल प्रयोग के विभिन्न आयामों के सहायता से हमारी पृथ्वी के उदय एवं विकाश को विशाल ब्रह्मांड के परिपेक्ष्य में समझाया। प्रो



अनुपम पांडेय ने प्राचार्या को पुस्तकालय के लिए स्टीफन हॉकिंग की एक पुस्तक भी भेंट की।

संचालन भूगोल विभाग की संयोजिका डॉ अर्चना पॉल ने किया। मुख्य वक्ता का परिचय डॉ दर्शन कुमार झा तथा स्वागत प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ शिखा दीक्षित ने किया।इस अवसर पर डॉ रीना यादव, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सुश्री भावना शर्मा, श्रीमती प्रीति राय आदि उपस्थित रहे। प्रस्तुत व्याख्यान में बड़ी संख्या में भूगोल एवम अर्थशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्राएं एवं शोध छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

# सूरत से घर पहुंचते पहुंचते युवक की खींच ले गई मौत

### तीन बेटों में सबसे छोटे दुलारे बेटे की मौत से घर में मचा है कोहराम



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के साड़ा गांव में सूरत से घर पहुंचते पहुंचते एक युवक की उसकी मौत खींच ले गई। घर से थोड़ी दूर पर सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना घरवालों को हुई तो कोहराम मच गया। साड़ा गाँव निवासी रंगबहादुर पासी 32 पुत्र दुखरन पासी तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग होकर परिवार चलाते है। रंग बहादुर सूरत में रहकर मजदूरी करता था। पत्नी काजल भी दो मासूम बच्चों के साथ घर पर रहकर मजदूरी करके जीवन यापन करती थी।

काफी दिन बीत जाने के बाद बीवी बच्चों के बुलाने पर रंग बहादुर सूरत से अपने घर के लिए चला। प्रयागराज पहुंचने के बाद ट्रेन से उतरकर वह जगतपुर आया वहां वह अप्पे पर बैठकर अपने घर के लिए चला। रंग बहादुर अपने घर से मात्र 5 किलोमीटर दूर ही मोतिहां गांव स्थित इंटर कॉलेज के पास पहुंचा था।

### 0 सूरत में मजदूरी कर परिवार का करता था भरण पोषण

तभी बसगित बाजार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित टवेरा गाड़ी जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है की जोरदार टक्कर की वजह से रंगबहादुर अप्पे से छिटककर नीचे गिर गया।

जिससे उसके ऊपर से टवेरा रौदतें हुए आगे निकल कर भाग गई। गंभीर रूप से घायल रंग बहादुर तड़पता रहा। वहां जुटे तमाशबीन काफी देर के बाद परिजनों को सूचना दिया। तब तक स्थानीय पुलिस भी आ गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में स्वरूप रानी अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी काजल और उसके दो मासूम बच्चों की रोटी का सहारा छिन गया। रंग बहादुर के घर पहुंचने पहुंचने उसकी मौत उसे खींच ले गई।

# आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को भेजा पत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर।** उप जिलाधिकारी कार्यालय फूलपुर में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन्स के प्रतिनिधियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा है । ज्ञापन में मांग की गई है कि भारत सरकार ने युद्धग्रत इजरायल भारत से हजारों निर्माण मजदूरों को पिछले दिनों भेजा । सर्वविदित है कि इजरायल हजारों फिलिस्तीनी बच्चो ,बीमार , बुजुर्गो, महिलाओ के सामूहिक नरसंहार का अपराधी है, उसी बावजूद भारत सरकार ने अपनी दशकों पुरानी विदेशी नीति के विपरीत उस देश के साथ समझौता कर मजदूर भेज दिए। दो दिन पूर्व ईरान से युद्ध के नए अध्याय की शुरुआत हुई,।भारत के विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी कर जॉर्डन,इराक,ईरान ,इजरायल ,सीरिया आदि देशों की यात्रा करने से भारत वासियों को मना किया।किंतु उस देश में गाजे बाजे के साथ भेजे गए निर्माण श्रमिको की स्थिति,उनकी सुरक्षा और उनको सुरक्षित वापस लाने के सम्बन्ध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इजरायल भेजे गए श्रमिको की कुल संख्या सार्वजनिक करते हुए विदेश मंत्रालय उनकी वर्तमान स्थिति और सुरक्षा उपायों के प्रति देश की जनता को आश्वस्त करे। इजरायल भेजे गए निर्माण श्रमिको को सुरक्षित वापस लाने की विदेश मंत्रालय गारंटी करते हुए उन्हें तत्काल वहां वापस लाना सुनिश्चित किया जाय।

ज्ञापन सौंपने में मनोज कुमार राम अभिलाष,वीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, एस के यादव, लवकुश यादव , जयप्रकाश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# कछार में मजदूर का मिला शव, इलाके में सनसनी

**प्रयागराज।** कोतवाली नैनी के महेवा स्थित विद्यापीठ स्कूल के पास कछार में एक बालू मजदूर की लाश मिली। इससे हड़कम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महेवा स्थित विद्यापीठ स्कूल के पास युवक की लाश लोगों ने देखी तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी वहां पहुंची और छानबीन शुरू की। मृतक की पहचान मिर्जापुर के विंध्यांचल थानांतर्गत नौगांव निवासी प्रदीप निषाद (30) पुत्र कमलेश के रूप में हुई। वह महेवा मे रहकर नाव से बालू निकालने का काम करता था। बताया जाता है कि मृतक को मारा पीटा गया था। पुलिस ने मौके की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।

# निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत बेरुई में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों संग बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए गांव में भ्रमण किया। इसी प्रकार में ग्राम पंचायत पुरुषोत्तम उर्फ गारापुर में एक मानव श्रृंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । इस मौके पर प्रधानाध्यापिका वंदना श्रीवास्तव, दुर्गावती, सरोज दुबे, सुषमा, मीना, प्रीति कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेल लाइन के बगल में फिर मिली बालिका की लाश

## पुलिस का मानना है कि ट्रेन की टक्कर से युवती की हुई दर्दनाक मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिले के रेल लाइन के आसपास लाश मिलने का सिलसिला नही बन्द हो रहा है संदीपन घाट थाना क्षेत्र में रेल लाइन के पास फिर 20 वर्ष की एक बालिका की लाश मिली है जो तमाम सवाल छोड़ रही है शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास एक बालिका का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची आरपीएफ और थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है।मृतका की अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी है सूचना पर पहुंची आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है थाना पुलिस का कहना है कि ट्रेन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई।

बालिका की मौत के बाद सवाल खड़े हो रहे हैं कि अगर ट्रेन से बालिका गिरती तो रेल की पटरी के पास ना गिरती क्यों कि ट्रेन पटरी से डेढ़ फिट बाहर रहती है लेकिन बालिका रेल पटरी के ठीक बगल में पड़ी हुई है जिससे इस घटना को आत्महत्या दुर्घटना कहना बकवास साबित होगा और यदि बालिका ने ट्रेन के सामने कुद कर आत्महत्या किया होता या दुर्घटना हुई होती तो बालिका के शरीर छिन्न भिन्न हो जाता शव के टुकड़े टुकड़े हो जाते बालिका के शरीर के चिथड़े उड़ जाते लेकिन बालिका के शरीर में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे इस घटना को दुर्घटना और आत्महत्या कहना पूरी तरह से बिना सिर पैर की बात होगी बालिका की पूरी बॉडी रेल लाइन के बगल में सही सलामत पड़ी है जिससे इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की हत्या करने के बाद लाश को रेल लाइन के किनारे फेका गया है शरीर के ऊपरी हिस्से में पेट पैर में गिट्टी के झटका के तमाम निशान है जिससे यह प्रतीत होता है कि ट्रेन गुजरने के वक्त उड़कर गिट्टियां शरीर पर लगी है जिससे शरीर पर गिट्टियों के निशान बन गए हैं यदि दुर्घटना में गिट्टियों के निशान शरीर में होते तो शरीर के नीचे के हिस्से पीठ में गिट्टियों के निशान होते शरीर के ऊपर के हिस्से पेट में गिट्टियों के निशान होने का कोई औचित्य नहीं है दूसरा सवाल है कि मृतक बालिका मोजा पहने हुए हैं लेकिन मोजे में मिट्टी नहीं लगी है यदि बालिका घर से आत्महत्या के लिए निकलेगी तो मोजा के साथ जूती पहन कर निकलेगी लेकिन बालिका के पैर में जूती नहीं है और मोजे में किसी प्रकार की मिट्टी नहीं लगी है

यदि वह केवल मोजा पहनकर घर से निकलती तो मोजे में मिट्टी और कीचड़ गंदगी लगी होती लेकिन मोजा साफ सुथरा दिखाई पड़ा है जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि बालिका को रेल लाइन तक आने में जमीन पर पैर नहीं रखना पड़ा है अब सवाल उठता है कि जिंदा या मुर्दा बालिका को रेल लाइन तक लाने वाला व्यक्ति कौन है।

### रेल लाइन पर अज्ञात लाशों का नहीं बंद हो रहा सिलसिला

कौशाम्बी। जिले के भरवारी रेलवे स्टेशन और उसके आसपास रेल लाइन पर अज्ञात लाश मिलने का सिलसिला बीते तीन दशक पूर्व शुरू हुआ है जो लगातार चल रहा है कनवार स्टेशन से लेकर सैय्यद सरावा स्टेशन के बीच आए दिन महिला या पुरुष की लाश मिलती है रेल लाइन के आसपास लाश मिलने का यह सिलसिला कई वर्ष बाद भी नहीं बंद हो सका है और तमाम गंभीर सक्षय परिस्थिति जन्य सबूत को नजर अंदाज कर पुलिस दुर्घटना लिखकर पत्रावली बंद कर देती है जब कि रेलवे लाइन पर मिलने वाली अधिकतर लाश हत्या करके फेंकी जा रही है लाश फेकने वालो तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच सके हैं सैनी कोखराज चरवा और संदीपन घाट थाना क्षेत्र में भरवारी कनवार और सैयद सरावा रेलवे स्टेशन के बीच 3 वर्षो के बीच कई दर्जन लाश मिल चुकी है जिनका खुलासा नहीं हो सका है।

# बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में युवक घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के कादिलपुर पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की शाम दो बाइकों के बीच आमने सामने टक्कर हो गई।हादसे में एक बाइक सवार युवक घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से चायल सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बेनीराम कटरा निवासी अनमोल पुत्र बहादुर गुरुवार को बाइक से किसी काम के सिलसिले में प्रयागराज शहर गया था। वापस घर लौटते समय शाम करीब छह बजे एयरपोर्ट क्षेत्र के कादिलपुर पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने उनके बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में अनमोल बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सिर में चोट लगने से वह लहूलुहान हो गया। इसी दौरान मौका पाकर दूसरा बाइक सवार वहां से भाग निकला। हादसे के बाद पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों ने घायल को एंबुलेंस की सहायता से चायल सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# पूर्व मंत्री के बयान को लेकर एक जाति विशेष के लोगों में आक्रोश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के विवादित बयान को लेकर एक जाति विशेष के लोगों में काफी आक्रोश है।गुरुवार को विवादित बयान से भन्नाए लोगों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।विदित हो कि इन दिनों सोशल मीडिया पर पूर्व मंत्री का एक जाति विशेष को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में पूर्व मंत्री ने एक जाति विशेष के लोगों पर कटाक्ष करते हुए उन्हें बदमाश तक कह डाला।जिस पर समाज के लोगों में भारी आक्रोश है।गुरुवार को संत शिरोमणि रविदास पीठ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम की अगुवाई में समाज के लोगों ने कड़ाधाम थाना पहुंचकर पूर्व मंत्री के खिलाफ लिखित शिकायत की।थाने पहुंचे लोगों ने पूर्व मंत्री द्वारा वायरल वीडियो में कही गयी बात पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की।इस मौके पर अनिल अग्निहोत्री, कंधई लाल गौतम, राजेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को आज दूसरे दिन दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया।



मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारीध्प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित ऑटो के पलटने से साइकिल सवार दबकर घायल

**मनौरी, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव के समीप शुक्रवार दोपहर एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बगल से गुजर रहा साइकिल सवार युवक आटो के नीचे दबकर घायल हो गया। आस पास रहे लोगों ने आनन फानन में ऑटो को सीधा कर घायल को बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी हकीम (20) पुत्र अब्दुल कपड़े की साइकिल से फेरी करता है। शुक्रवार की दोपहर वह कस्बा चायल की तरफ से फेरी लगाकर घर वापस जा रहा था।इसी दौरान निजामपुर पुरैनी गांव के समीप तिल्हापुरमोड़ की तरफ से मनौरी की तरफ जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर उसके ऊपर पलट गया। हादसे में वह ऑटो के नीचे दबकर घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास रहे लोगों ने ऑटो सीधा कर घायल को बाहर निकाला और उसे नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# कोटेदार की मनमानी से उपभोक्ता परेशान




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड के नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के फकीराबाद मोहल्ले के कोटेदार की मनमानी के चलते कार्ड धारक परेशान। बताया जाता है कि नेवादा विकास खण्ड के नगर पँचायत सराय अकिल कस्बे के वार्ड नँबर 5 के कोटेदार की मनमानी का आलम यह है कि जब कार्ड धारक राशन सामग्री के लिए जाते हैं तो दूकान बँद रहती है और कार्ड धारक निराश होकर वापस लौट जाता है जिससे उसका समय भी बेकार चला जाता है और तो और सूचना पट पर भी किसी तरह की जानकारी भी नही दी जाती है। राशन वितरण कब होगा कब नही होगा दूसरी ओर सूत्रों द्वारा जानकारी मिल रही है कि ये कोटेदार आये दिन अक्सर कार्ड धारको राशन देने के समय ऊलजलूल की बातें करने से बाज नहीं आता तनिक तनिक बातों मे लाल पियर हो कर आँख दिखाता है और कार्ड धारक को राशन सामग्री वजन करने को बाध्य करता है।

# सांसद विनोद सोनकर कई गांव में किये नुक्कड़ सभा

## सांसद ने कहा भाजपा को जिताकर जनता करेगी विकसित राष्ट्र का निर्माण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र केचिल्ला शाह बजी , रातगहा, फतेहपुर सहायपुर, पिपरी, पेरवा, बरेठी, औधन का पुरवा आदि गांव में नुक्कड़ सभा की सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर जनता विकसित राष्ट्र का निर्माण करेगी शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विभिन्न गांव में नुक्कड़ सभा में मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षो में गांव गरीब किसान मजदूर के लिए किए गए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को बताया तथा सांसद अपने द्वारा 51 संकल्प पत्र पर भी चर्चा किये और लोकसभा कौशांबी में हुए विकास कार्यों पर चर्चा किये और लोगों से अपील किये और जनता जनार्दन से फिर से देश में मोदी सरकार बनाए जाने की अपीलकिये कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकसभा संयोजक राकेश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा देवी, विनीता गुप्ता ,अतुल द्विवेदी ,जय सिंह पटेल ,शिवमोहन मौर्य ,संदीप मिश्रा ,चक्रेश मिश्रा ,विवेक शुक्ला ,अजय पटेल, सुरेश नगर चौधरी, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

# चढ़ रहा पारा बदला जाए समय- गुणेश त्रिपाठी

## बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए जूनियर शिक्षक संघ ने की समय परिवर्तन की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए जूनियर शिक्षक संघ की जनपद कौशाम्बी की कार्यकारिणी ने शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला मंत्री गुणेश त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में हीट वेव बहुत तेज हो रही है तथा अनेक विद्यालयों में विद्युतीकरण की समस्या के चलते नौनिहालों को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे नौनिहालों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में हो रही वृद्धि किसी भी अप्रिय स्थिति का कारण बने इससे पहले विद्यालयों का समय प्रातः 07:30 से 12रू00 बजे तक किया जाए। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी ने आश्वस्त किया के सचिव महोदय का निर्देश मिलते ही समय परिवर्तन किया जाएगा।

# इधर भी एक नजर साहब यह है हाल प्राइवेट बसों का

## बिना कागजात और परमिट के दौड़ रही प्राइवेट बसें



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पुरखास, कौशाम्बी।** जनपद बने दो दशक से अधिक होने के वावजूद जनपद में कई एआरटीओ आए और गए लेकिन जनपद वासियों को प्राइवेट बसों के मालिकों द्वारा सवारियों को जान में जोखिम डाल कर यात्रा करने को मजबूत है। वहीं बसों के मालिकों द्वारा बिना पूरे कागजातों के झुमरी तलैया बसों का सफर करना हो तो प्रयागराज वाया कौशाम्बी वाया मंझनपुर के रोड में चलने वाली बसों में साहब जी बैठिए देखिए कैसी बसे है आप के जीवन को ताक में रखकर चलते है इन बस मालिकों द्वारा परिवहन विभाग को मोटी रकम भी दिया जाता है तभी तो इस पर कार्यवाही के नाम पर कुछ नही होता और बसों में इस प्रकार ठूस ठूस कर सवारियों का भर कर चलाना उनका स्वाभाविक बन गया है। अब देखना है इस पर क्या कार्यवाही करते है जनपद में तैनात परिवहन अधिकारी हर किसी पब्लिक के जुबान में चुनावी मुद्दा के रूप में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। जो गंभीर समस्या आम जन मानस को जान में जोखिम डाल कर सफर करना पड़ता है लेकिन परिवहन विभाग ने जनपद में डिपो बना दिया हो लेकिन रोडवेज बसों को न चलना सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।

# डॉ. रिजवी कॉलेज में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में 240 से अधिक युवक युवतियों ने भाग लिया। मेले में विभिन्न पदों पर अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा। डॉ. रिजवी कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।



हेलो जॉब्स इंडिया के एचआर प्रभाकर ने कहा कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। बेरोजगार अभ्यर्थियों का उनकी योग्यता के अनुसार चयन किया जाएगा।

कॉलेज के डाइरेक्टर प्रो. इस्तियाक अहमद ने धन्यवाद करते हुये कहा कि कालेज के समस्त स्टाफ को विभिन्न कार्यों के लिए अभ्यर्थियों एवं अधिकारियों के सहयोग हेतु लगाया गया। चयन के उपरांत नियोजक चयनित अभ्यर्थियों की सूची सम्बंधित सेवायोजन अधिकारी को उपलब्ध करायेंगें। जिसको उनके द्वारा उक्त पोर्टल पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को सूचित किया जायेगा। इस मौके पर हेलो जॉबस इंडिया के एच आर प्रभाकर,

अफजल इदरीसी, राहुल श्रीवास्तव, शुभम कुमार के नेतृव में टीम ने परीक्षण किया। कार्यक्रम में डॉ. रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन रिजवी,आयोजक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. मंतशा हसीब, रजिष्टार सरताज आलम, आलोक श्रीवास्तव, सुधांसु शर्मा, वीरेंद्र साहू, अली जहीर आगा, हिमांशु जायसवाल, आलिम हुसैन, श्वेता सोनकर, मंतशा रशीद, हसनैन हैदर, इमरान, हामिद, अवनीश सिंह उपस्थित रहे। रिजवी एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव राशिद रिजवी ने बताया कि 14 कम्पनी आज आयी थी। 12 कंपनी कल आयेगी। लगभग कुल 26 कंपनी द्वारा छात्रो का किया जाएगा सिलेक्शन।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

## अनुपस्थित कार्मिक 20 अप्रैल को प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर की जायेंगी कार्यवाही

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज दूसरे दिन एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में-400 एवं द्वितीय पाली में-400 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें प्रथम पाली में सभी कुल 400 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय पाली में 396 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया,

04 मतदान कार्मिक-प्रवक्ता महामाया पॉलीटेक्निक चायल रोहित चौहान, सहायक अध्यापक आशीष व राजकुमार एवं प्रधानाध्यापक राजकीय इंटर कॉलेज लौधना पुरन्दर वर्मा अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी कार्मिकध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को सूचित किया है कि 20 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में यदि प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेंगी।

# ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह शाहपुर गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक से जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर मौके में पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां युवक की गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टर ने प्रयागराज स्वरूप रानी के लिए रेफर कर दिया दुर्घटना में घायल युवक की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सेगरहा गांव निवासी रवि कुमार पुत्र वासुदेव उम्र 20 वर्ष बैरागीपुर में सैलून की दुकान खोल रखा है शुक्रवार की सुबह वह बाइक अपने दुकान जा रहा था जैसे ही शाहपुर गांव पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची महेवाघाट की पुलिस ट्रैक्टर चालक को कब्जे में लेते हुए घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज

### करन चौराहे पर लगा रहता है जाम, राहगीर परेशान

**कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड के सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के करन चौराहे पर राहगीरों को जाम मे रह कर घँटों भर जूझना पड़ा। बताया जाता है कि नेवादा विकास खँड के सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के करन चौराहे पर अपरैल माह की पहली ही लगन शादी समारोह मौके पर शाम सात बजे सेलगभग दस बजे तक लोगों को जाम से जूझना पड़ा सबसे मजे की बात तो यह है कि जाम से निजात दिलाने के चक्कर मे वरदी धारियों के पसीने छूटने लगे थे दूसरी ओर कस्बे के फकीरा बाद पटेल चौराहा आदर्श इँटर कालेज के समीप गेस्टहाउस बने रहने से राहागीरो को भी अक्सर जाम के साथ साथ गेस्ट हाउसो मे देर रात डीजे के तेज आवाज ध्वनि कनफोड आवाज से भी आसपास के लोगों को इनकी मनमानी पर से गुजरना पड़ता है तथा इस ओर से जिम्मेदार अधिकारी लोगों ने भी उचित कदम उठाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं वही नियम कानून को ताक पर रख कर देर रात तक बरात उठाये जाने से मुहल्ले वासियों की नींद हराम बनी रहती है।

# बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री व पार्टी का कार्यालय नही रहेगा-सीडीओ

## विकास भवन सभागार में 44 नये और रिजर्व जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटो को किया गया प्रशिक्षित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में विकास भवन सभागार में 44 नये और रिजर्व जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेªटो की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेªट पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जो भी जिज्ञासाये है उसका समाधान यहीं पर कर लें। बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नही रहेगी, एएमएफ की उपलब्धता, न ही किसी पार्टी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेªट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब मतदाता प्रतिशत संकलन होता है।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेऊनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेऊनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा सुपर मास्टर टेऊनर डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा सहित रणवीर, अमित कुमार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु 20 व 25 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश-डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के प्राविधानों के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान से प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दिवस दिनांक 20 मई एवं 25 मई 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। इसके अतिरिक्त अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मताधिकार का उपयुक्त अवसर प्रदान किये जाने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह भी आदेश दिया जाता है कि मतदान दिवस के अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जायेगा।

# अधिवक्ताओं के सम्मान में अधिकार के लिए जारी रहेगा संघर्ष-अजय

## यूपी बार कौसिल के सदस्य अजय शुक्ल ने वकालत में ईमानदारी पर दिया जोर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बार कौंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने कहा है कि अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होने कहा है कि अधिवक्ताओं के लम्बित क्लेम का भी निस्तारण शीघ्रता से कराये जाने की प्रक्रिया जारी है। शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की आम सभा में बार कौंसिल सदस्य अजय ने कहा है कि अधिवक्ताओं के सम्मान तथा अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष में भी और तेजी लायी जाएगी। उन्होने अधिवक्ताओं से कहा कि वादकारी को न्याय दिलाने के लिए वकालत के क्षेत्र में ईमानदारी तथा मेहनत को प्राथमिकता देना चाहिए। आम सभा में पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव तथा अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने अजय कुमार शुक्ल का माल्यार्पण कर अधिवक्ताओं की ओर से सम्मान किया। उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आरबी सिंह, संजय ओझा, केबी सिंह, ने सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं की मांगों पर बिंदुवार प्रकाश डाला। इस मौके पर विभूति शुक्ला, उदयराज पाल, अरविंद चौबे, शैलेष मिश्र, सिंटू मिश्र, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, रविशंकर मिश्र, यशवीर सिंह, पीयूष मिश्र, सिद्धार्थ ओझा, शोभनाथ मिश्र, चैतन्य मिश्र, अरविन्द पाण्डेय, चंद्रभाल पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, अरूण सिंह, आशुतोष सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# डी जे डांस को लेकर बारातियों घरातियों में हुई मारपीट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**उदयपुर प्रतापगढ़-** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे कछ्वाहन नसीरपुर गांव के राम नारायण गौतम की लड़की प्रीती गौतम की गुरुवार को शादी थी जो कुसौली गांव निवासी राजबहादुर गौतम के लड़के दिवान चंद्र गौतम की बारात गई थी द्य द्वारचार में डी जे पर डांस के समय बारातियों और घरातियों में विवाद हो गया द्य देखते ही देखते दोनो पक्षों में मारपीट होने लगी जिसमें आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए द्य घायलों को सी,एच,सी सांगीपुर इलाज के लिए ले गए द्य जहां सभी घायलों का इलाज हुआविवाद होने से शादी नहीं हुई यह देख दोनों पक्षों के कुछ संभ्रांत लोगों ने मिलकर शुक्रवार दोपहर लगभग ढाई बजे घुईसरनाथ धाम में मंदिर पर लड़की की शादी करवाया मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनो पक्षों को बुलाया है

# कथा श्रवण से ज्ञान तथा वैराग्य का मिलता है फल-महामण्डलेश्वर आत्मानंद

## नया पुरवा में हो रही श्रीमदभागवत कथा में उमडे श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नया पुरवा चौराहा पर हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का बड़ा महत्व है। उन्होने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा से मनुष्यों को ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है। महामण्डलेश्वर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन में उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है। इसलिए कहते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसे ईश्वर के श्रीचरणों में स्थान मिलता है। आत्मानंद जी ने बताया कि धुंधकारी ने अपने जीवन में बहुत पाप किए थे। उन्होने बताया कि कथा सुनकर उसका उद्धार हो गया। उन्होंने कथा को



वर्तमान समाज से जोड़ते हुये कहा कि आज हमारे समाज में जो भी लोग धुंधकारी के रास्ते पर चल रहे हैं, इस रास्ते पर चलने के कारण उनका विनाश सुनिश्चित है।

महामण्डलेश्वर ने कहा कि जीवन में आप से यदि कोई पाप हो जाये तो प्रभु शरण में जाकर उसकी क्षमायाचना करें और किसी अन्य पाप को कभी भी दोहराने का प्रयास न करें। उन्होने कहा कि ईश्वर अपनी सभी संतानों की गलतियों को क्षमा अवश्य ही कर देते हैं।

कथा के संयोजक जीतलाल केसरवानी ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर लालजी केसरवानी, साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, आचार्य अनीस देहाती, विजय अनभिज्ञ, सत्येंद्र सौम्य, जवाहर लाल केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# बैंक के कैशियर ने गलती से दे दिए तीस हजार रुपए ज्यादा, युवक ने लौटाए

**दुर्गागंज प्रतापगढ़ ।** रानीगंज में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया के कैशियर ने एक ग्राहक को भूल से तीस हजार रुपए ज्यादा पेमेंट कर दिया। इसके बाद पूरा बैंक उसे इसका पता लगाने में लग गया कि किसको ज्यादा पेमेंट हुआ है। वहीं रानीगंज क्षेत्र के हरिकापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र शीतला प्रसाद ने खुद बैंक जाकर शाखा प्रबंधक को पैसे वापस किए। शाखा प्रबंधक अश्वनी श्रीवास्तव ने बताया कि युवक ने बैंक से बीस हजार रुपए निकला था जिसे बैंक के कैशियर द्वारा पचास हजार रुपए दे दिया गया।जिसके बाद युवक ने बैंक आ कर तीस हजार रुपए वापस कर दिया।

# आगजनी में सैकडो बोझ फसल जलकर राख, हडकंप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के जैनपुर वार्ड में शुक्रवार की दोपहर अचानक अप्रत्याशित आगजनी से कीमती फसल जलकर राख हो गयी। खेत में अचानक आगजनी देख लोग चीखने चिल्लाने लगे। ग्रामीणों की मशक्कत के बीच फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया। किसानों ने गेहूं की फसल काटकर बोझ बनाकर मड़ाई के लिए खेत में रखा था। वार्ड के अशोक मिश्र का तीन सौ पचास बोझ तथा रामराज मिश्र का तीन सौ बोझ व शिवशंकर मिश्र के भी कुछ फसल का बोझ आग की गिरफ्त में आ गया। खेत में बोझ में बांध कर रखी गयी फसल के जलने से प्रभावित किसानों को खासा गमगीन देखा गया। सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा सभासद दारा सिंह आदि पहुंचे और पीड़ित किसानों को मदद का भरोसा दिलाया। खेत में फसल मे आग की लपटें देख हडकंप का माहौल भी घंटो बना दिखा।

# जनता दरबार में राजा भैया ने सुनी जनसमस्याएं

## त्वरित निस्तारण के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों को दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रदेश के कोने-कोने से जन समस्याओं को लेकर लोग राजभवन बेंती कोठी कुंडा न्याय की उम्मीद लेकर आते हैं। जन समस्याओं को लेकर आए हुए लोगों को जनता दरबार में न्याय मिलता है । शुक्रवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने जनता दरबार में आए हुए लोगों की जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण किया। इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, डॉ कैलाश नाथ ओझा, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल ,

पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली,प्रमुख कुंडा संतोष सिंह,प्रमुख पति बाबागंज राम यश सरोज, प्रमुख बिहार रामचंद्र सरोज, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख बिहार अनुभव यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, आजाद सिंह परसी पुर, प्रधान पंकज यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज ग्राम प्रधान उतरार विनोद कुमार यादव, ठेकेदार पीडब्ल्यूडी विभाग विनीत पांडेय, ठेकेदार पीडब्ल्यूडी लल्ला तिवारी ढिंगवस, बब्बन सिंह कुंडा, अनिल तिवारी, प्रदीप सिंह चार पूरा, विनोद मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह जमेठी, दिलीप तिवारी बिहार, कुंडा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, नगर पंचायत अध्यक्ष डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, विजय पांडेय, सुमित तिवारी फूलमती, समाजिक कार्यकर्ता सूरज द्विवेदी, पूर्व प्रधान रायगढ़ कुंवर मुन्नू सिंह, अनु सिंह टिकरियां, युवा नेता सौरभ मिश्रा, विपुल निश्चल पांडेय तिवारी महमदपुर, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रूपेंद्र शुक्ला राजापुर समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# 20 लीटर अवैध शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**महेशगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद महिला समेत दो अभियुक्तों को गिरपफ्तार किया है।जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र महेशगंज के ग्राम संसारीपुर से 01 अभियुक्त भारत लाल गौतम पुत्र भैरव गौतम निवासी संसारीपुर,खेमकरनपुर थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 65,2024 धारा 60 आबकारी अधि0का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री शिशिर पटेल मय हमराह म0उ0नि0 वन्दना वर्मा, म0का0 गीतांजली बाजपेयी द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र महेशगंज के ग्राम बदगवां से 01 अभियुक्ता उर्मिला सरोज पत्नी गया प्रसाद सरोज निवासी ग्राम बदगवां थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 64,2024 धारा 60 आबकारी अधि0का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## विधायक मोना के जन्मदिन पर आज होंगे विविध आयोजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर आज शनिवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में दिन में दो बजे सशक्तीकरण दिवस मनाया जाएगा। विधायक मोना के जन्मदिन पर हवन पूजन समेत विविध आयोजन होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल व शैलेन्द्र मिश्र ने संयुक्त रूप से दी है। वहीं तहसील परिसर में भी गीता सिंह के संयोजन में विधायक मोना के जन्मदिन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य की भाजपा मे वापसी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बाबागंज प्रथम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वर्तमान सदस्य जिला पंचायत क्षमा सिंह के पति अभय प्रताप सिंह पप्पन द्वारा गत वर्ष नगर पंचायत चुनाव के दौरान बगावती रुख अख्तियार करते हुए पार्टी गाइड लाइन को दरकिनार कर निर्दल प्रत्याशी के समर्थन को लेकर नाराज जिला कार्यकारणी ने 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया था।

लोक सभा चुनाव मे कौशाम्बी संसदीय सीट से विनोद सोनकर को एक बार पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र के नेताओं द्वारा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के समक्ष विनोद सोनकर को तीसरी बार विजयी बनाने का संकल्प लिया गया ।

इसी क्रम मे अभय प्रताप सिंह पप्पन के मजबूत जनाधार एवं सर्व समाज के वोटरों मे अच्छी पकड़ होने के कारण जिला कार्यकारणी ने अपने निर्णय पर पुनः विचार करते हुए शुक्रवार को जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे पार्टी मे पुनः वापसी कराई गई। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल, लोक सभा संयोजक राय साहब सिंह,जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला मंत्री अनुराग मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा राघवेंद्र शुक्ल, निवर्तमान महामंत्री अशोक मिश्र, मनीष शुक्ला टीसू,भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरागंज आशुतोष मणि द्विवेदी, मंडल महामंत्री ज्ञानेंद्र मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष हंस राज मिश्र समेत बड़ी संख्या मे भाजपा पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे।

# अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 19.04.2024 को थाना दिलीपपुर के उ0नि0 श्री दुर्गेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर दिनांक 16.04.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 48,24 धारा 363, 366 भादवि में वांछित 01 अभियुक्त शुभम शर्मा पुत्र स्व0 अजीत शर्मा निवासी ग्राम मिसिद्दीपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को अमन भट्ठा के पास बशीरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना कंधई के उ0नि0 श्री रज्जन राव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0स0- 85,14 धारा से संबंधित वारण्टी 01 अभियुक्त शाहिद उर्फ अन्नू पुत्र शब्बीर निवासी रामपुर कुर्मियान थाना कंधई,

# राजकुमारी पटेल बनी महिला शिक्षक संघ शिवगढ़ अध्यक्ष




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार में महिला शिक्षकों की बैठक के बाद उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ इकाई विकासखंड शिवगढ़ का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना पुष्पाकर जी एवं महामंत्री श्रीमती स्नेहा शुक्ला जी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत कर संगठन के विस्तार का जिम्मा सौंपा । बैठक के बाद उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ इकाई विकासखंड शिवगढ़ अध्यक् पद की जिम्मेदारी सर्व श्रीमती राजकुमारी पटेल प्रधानाध्यापक कंपोजिट स्कूल जामताली,महामंत्रीट्ठ मालती सिंह प्र.अ. वीठलपुर,ट्ठमीडियाट्ठ ट्ठप्रभारीट्ठ* संचिता सिंह प्र.अ. भैसौवना, ट्ठकोषाध्यक्षट्ठ - सुषमा सिंह, प्र.अ. बालीपुर, ट्ठवरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीषा गौतम प्र.अ. मऊ,उपाध्यक्ष सपना देवी प्र.अ. बीरापुर, अर्चना सिंह स.अ. मऊ, रुचि द्विवेदी स. अ. वीजेमऊ , लौंगलता मिश्रा शिक्षामित्र बीजे मऊ, मंत्रीट्ठ निधि सिंह स.अ. बसहा,संगठन मंत्री संगीता मौर्य स.अ. कोराडीह , नीलम देवी शिक्षा मित्र बीरापुर, को सर्वसम्मत से मनोनीत कर प्राधिकार पत्र सौंपा गया । इसके उपरांत महिला शिक्षक संघ की तरफ से तहसील मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत कर रैली निकाली गई । जिसे मुख्य रूप से ट्ठएआरपीट्ठ शिवगढ़ सुशील कुमार द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान जामताली प्रमोद कुमार दुबे ने अभिवादन कर आगे बढ़ाया।

जिसमें सुरेश कुमार विश्वकर्मा बीरापुर, विजय शंकर वेणू चदीगोविंदपुर, बालमुकुंद मौर्य जामताली श्रीप्रकाश पुष्पजीवी नाहरपुर, विवेक रजक कूराडीह की गरिमामयी उपस्थिति रही , सहित स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया ।

# 11000 लाइन के चपेट में आने से लाइनमैन झुलसा

**लोकमित्र ब्यूरो**


**बिहार,प्रतापगढ़।** पावर हाउस बाघराय में बतौर संविदाकर्मी लाइनमैन के रूप में कार्यरत संजीव सिंह पुत्र हरिशंकर सिंह 11000 लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। घटना दिन शुक्रवार सुबह लगभग 6रू30 बजे की है जब खरैला फीडर से संचालित बिजली बेहद धीमी रही। उक्त के संबंध में लाइट को ठीक करने के लिए लाइनमैन संजीव सिंह रायपुर नहर के पास स्थित 11000 लाइन के पोल पर चढ़कर कार्य कर रहा था। पोल पर चढ़कर कार्य करने से पहले उसने पावर हाउस में मौजूद प्रदुम्न कुमार वर्मा से शट डाउन लिया था। इसके बाद भी ऐसी घटना लाइन होल्ड होने की वजह से घटी। जिसमें लाइन मैन संजीव सिंह का हाथ पैर दोनो गंभीर रूप से जल गया । उक्त घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में सीएचसी बाघराय ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रेफर के उपरांत सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त का इलाज सोरांव प्रयागराज स्थित किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं उक्त झुलसे लाइन मैन के इलाज के दौरान हालत स्थिर है। बता दें कि संजीव सिंह घर का इकलौता जिम्मेदार व्यक्ति है। घर में दो छोटे छोटे बच्चे है। ऐसे में घर का खर्च चलाना भी कठिन होने वाला है। ज्ञात हो कि ग्लोब टेक कंपनी की ठेकेदारी में लापरवाही के चलते आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैंघ् ऐसे में हादसे का शिकार होने वाले बिजली कर्मियों के घर और परिवार की जिम्मेदारी और खर्च के लिए कुछ तो व्यवस्थाएं होनी चाहिए।

### क्या कहना है पावर हाउस बाघराय के कर्मचारियों का

11000 हाईटेंसन लाइट के चपेट में आकर झुलसे संजीव सिंह के संबंध में जब पावर हाउस कर्मियों से फोन पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदुम्न कुमार वर्मा जो कि एसएसओ के पद पर कार्यरत हैं,उनसे फोन पर उक्त पीड़ित कर्मचारी व लाइन मैन शिवकुमार द्वारा एक ही समय एक ही फोन से शट डाउन लिया गया। कार्य पूर्ण करने के बाद उक्त दोनों लाइनमैन पोल से नीचे उतरकर शटडाउन वापस कर दिए ,जिससे की लाइन होल्ड कर दी गई। इसके बाद उक्त कर्मियों ने बगल में स्थित चाय की दुकान पर चाय पी। इसके बाद उक्त घायल कर्मी के दिमाग में पता नही क्या आया कि वह एक तार मोटर साइकिल की डिग्गी से निकाल कर फिर से पोल पर चढ़ गया,जिससे यह घटना घटित हुई।



# तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने मासूम को मारी टक्कर, मौत


**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सड़क के किनारे से जा रही एक 8 वर्षीय मासूम को कुचल दिया।हादसे में मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव निवासी श्रीपाल पुत्र मथुरा प्रसाद पाल वाराणसी में रहकर काम धंधा करता है।घर पर उसकी पत्नी बुंदा देवी बच्चों के साथ रहती है।बताते हैं कि शुक्रवार की सुबह श्रीपाल की सबसे छोटी पुत्री काजल 8 वर्ष गांव के ही नंदन की दुकान पर साइकिल बनवाने के लिए गयी थी।दुकान पर साइकिल खड़ी करके काजल पैसे लेने के लिए घर जा रही थी इसी बीच भोला चौराहे की तरफसे आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार मार दिया।आसपास के लोगों ने शोर मचाया तो चालक मय वाहन मौके से फ़रार हो गया।हादसे में मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।मृतका के दादा मथुरा प्रसाद पुत्र स्व हजारी लाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर फ़रार वाहन व चालक की खोजबीन में जुट गयी है।

# अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, दंपत्ति जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर के पास नेशनल हाइवे पर अनियंत्रित होकर बाइक पलट गई जिसमे बैठे पति, पत्नी जख्मी हो गए आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव के विनोद कुमार पुत्र मसूरियादिन 45 वर्ष शुक्रवार को अपनी पत्नी सोनी देवी के साथ बाइक से घर जा रहा था , विनोद जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर गांव के समीप नेशनल हाइवे पर पहुंचा तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके बैठे विनोद व उसकी पत्नी सोनी जख्मी हो गए हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# खड़े ट्रक से भिड़े बाइक सवार, तीन जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रक से बाइक सवार अनियंत्रित होकर भिड़ गया , हादसे में बाइक सवार तीन लोग जख्मी हो गए , हादसे की खबर पर पहुंचे घरवालों ने घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी कस्बा निवासी राजा पटेल पुत्र स्व रामसिंह , वीरू पाल पुत्र महादेव, प्रदीप पुत्र बृजलाल शुक्रवार की दोपहर बाइक से कोखराज थाना क्षेत्र के झंडापुर जा रहे थे, बाइक सवार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंचे तभी बाइक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में भिड़ गई हादसे में बाइक सवार तीनो लोग छिटककर गिर और जख्मी हो गए, आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घरवालों को खबर दी जिसके बाद पहुंचे घरवालों ने तीनो घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्रदीप की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफ़र कर दिया गया। हादसे के बाद घायलों के घर में कोहराम मच गया।

# तेज रफ्तार ऑटो ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता गांव में एक तेजरफ्तार सीएनजी ऑटो चालक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। परिजनों ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अलीपुरजीता गांव की पुसिया देवी का पति बीरेन्द्र सिंह गांव में ही चाय नास्ते की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की दोपहर पुसिया दुकान जा रही थी तभी एक तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो चालक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।हादसे में पुसिया देवी 45 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गयी।परिजनों ने इलाज के लिए महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है वहीं पुलिस ने ऑटो चालक को मय वाहन अपनी कस्टडी में ले लिया है।

# कार चालक ने मोपेड में मारी टक्कर, दंपत्ति चोटहिल

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के तहसील के नजदीक मोपेड सवार दंपती को कार चालक ने टक्कर मार दिया हादसे में मोपेड सवार दंपत्ति चोटहिल हो गए हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने दंपत्ति को इलाज के लिए भेजवाया।पईसा थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के रहने वाले भोला प्रसाद पुत्र राम अवतार 62 वर्ष शुक्रवार को पत्नी रेखा देवी 60 वर्ष के साथ मोपेड से सैनी से घर की ओर जा रहे थे । मोपेड सवार जैसे ही सिराथू तहसील के नजदीक पहुंचे तभी अनियंत्रित कार ने मोपेड में टक्कर मार दिया हादसे में मोपेड सवार दंपत्ति चोटहिल हो गए । हादसे के सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए भेजवाया।

# सड़क किनारे खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसे को दावत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** जिले के अधिकांश जगहों पर बिजली विभाग द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर खुले में पड़े हैं। विभाग द्वारा इन ट्रांसफार्मर के चारों तरफ कोई सुरक्षा घेरा तक नहीं कराया गया है। इससे हादसा होने की आशंका से लोग दहशत में जी रहे हैं। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने सुधि लेने की जहमत तक नहीं उठाई जा सकी है। विद्युत उपकेंद्र सैनी के सैनी कस्बे में सैनी के सुभाष नगर सहित सैनी कस्बे में नेशनल हाइवे किनारे ट्रांसफार्मर लगे हैं। लेकिन अभी भी क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ले में सड़क किनारे ट्रांसफार्मर को लगाया गया है। इसके अलावा सैनी में बस अड्डे के पास नेशनल हाइवे के पास ट्रांसफार्मर को लगाया गया है। खुले में रखे ट्रांसफार्मर की वजह से हादसा होने की आशंका से लोग दहशत में जी रहे हैं।

## क्या कहते है लोग

मुसीर अहमद का कहना है की सड़क किनारे में खुले ने ट्रांसफार्मर रखा है जिसमे न तो तार के नीचे गार्डिंग लगाया न ही ट्रांसफार्मर को सुरक्षित किया गया।

नेमचंद्र का कहना है की क्षेत्र में खुले में लगे ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। ट्रांसफार्मर के चारो ओर जाली वगैरह से सुरक्षित किया जाना चाहिए ।

शारदा प्रसाद का कहना है की खुले में ट्रांसफार्मर रखा होने की वजह से कभी भी हादसा हो सकता है क्योंकि ट्रांसफार्मर सड़क किनारे है जिसके बगल से दिन रात वाहन आदि गुजरते है।

राजू का कहना है की विभाग के जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं जाता खुले के रखे ट्रांसफार्मर के बगल से छोटे छोटे स्कूली बच्चे निकलते है , खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहे है । विभाग के जिम्मेदारों को इस पर ठोस कदम उठाना चाहिए।




# बकरी चरा रही किशोरी से युवक ने किया दुराचार, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी चरा रही किशोरी से पड़ोस का रहने वाला एक युवक जबरन दुराचार करने लगा, रोते विलखते घर पहुंची किशोरी ने आपबीती परिजनों को बताई जिसके बाद परिजन उलाहना देने युवक के घर पहुंचे तो युवक मारपीट पर अमादा हो गया , पीड़ित किशोरी की मां ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक पीड़िता ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की गुरुवार की दोपहर उसकी 16 वर्षीय किशोरी बकरी चरा रही थी , इस दौरान पड़ोस का एक युवक पहुंचा और 50 रुपए व बिस्किट का लालच देकर किशोरी को बहला फुसलाकर खेत की ओर ले जाकर दुराचार करने लगा , किशोरी के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग पहुंचे तो युवक मौके से फ़रार हो गया ।

जिसके बाद किशोरी घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई जिसके बाद किशोरी की मां उलाहना देने युवक के घर पहुंची तो युवक के परिजन मारपीट पर अमादा हो गए । पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल ने जुट गई है

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, सवार की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** नव निर्मित कड़ाधाम थाना के समीप बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण खाई में गिर गयी।हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को मामले की सूचना देते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार फ़तेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी देवनाथ पाल का 26 वर्षीय पुत्र अखिलेश पाल गुरुवार की रात कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कंथुवा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था।बताते हैं कि बाइक सवार युवक जैसे ही नव निर्मित कड़ाधाम थाना के समीप पहुंचा अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।राहगीरों ने युवक को एम्बुलेंस के जरिये युवक को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

# निर्माणधीन आरओबी के नीचे से कार जाने से मना करने पर दबंगों ने गार्ड से की मारपीट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के सुजातपुर में बन रहे आरओबी का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को दोपहर उसका लोहे की शटरिंग का खोलने का कार्य चल रहा था। जिस पर उस रास्ते से आवागमन सुबह से रोक दिया गया था। आने जाने वाले को रोकने के लिए गार्ड अशोक कुमार वहां पर खड़े रहकर लोगों को उधर से जाने को मना कर रहा था। इसी बीच एक कार सवार युवक उधर से अपनी कार ले जाने लगा तो गार्ड ने खतरा होने पर गाड़ी ले जाने मना किया तो कार सवार चार युवक उतर कर गार्ड के साथ मारपीट करने लगे। इस पर आसपास रहे लोगों ने बीच बचाव कर गार्ड को बचाया। बताया जा रहा है की कार सवार युवक कोखराज के भदवा गांव के रहने वाले है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, ढाई बीघे फसल जलकर खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के उदीहीन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पइंसा थाना क्षेत्र के उदहिन बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के उदहिन खुर्द निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय जगपत सिंह का गांव के बाहर खेत है जिसमे गेहूं की फसल बोई थी , शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने तत्काल ट्यूबवेल चलवा कर आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल कर्मियो को सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस दौरान किसान की लगभग ढाई बीघे के करीब गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी लेखपाल को दी जिसके बाद लेखपाल ने आकलन के बाद नुकसान की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के कोखराज थाना क्षेत्र के वॉर्ड नंबर सात रामनगर के बेलहा के पास खंभा नंबर 863/26 के डाउन लाइन पर देर शाम को एक युवक की अज्ञात ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, युवक की उम्र लगभग 40 वर्ष जिसने काली रंग की पैंट और सफेद रंग की शर्ट पहना हुआ है, युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, आरपीएफ की सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, युवक की शिनाख्त कराई जा रही है।

# पटाखा छुड़ाने को लेकर बारातियों ने ग्रामीणों से की मारपीट

## महिलाओं से छेड़छाड़ का भी लगाया आरोप 112 पुलिस पहुंचने से पहले जान से मारने की धमकी देकर हुए फरार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के अर्का महावीरपुर चौकी स्थानीय गांव गांव में वृहस्पतिवार की रात पटाखा छुड़ाने को लेकर हुए विवाद में बारातियों ने एक युवक के साथ मारपीट की। बीच बचाव को आई उसकी बहन व पत्नी को भी दूल्हे के भाई व एक रिश्तेदार ने पीटा। छेड़खानी का अभी पीड़ित ने आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

करारी के अर्का महावीर पुर गांव के संजय कुमार पुत्र रतन लाल ने बताया कि वृहस्पतिवार की रात पड़ोस के ही लाल जी की बेटी की शादी थी। बारात करारी इलाके के हकीमपुर से आई थी। रात करीब 10 बजे वह निमंत्रण खाकर घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में बाराती डीजे पर डांस कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने उसके ऊपर पटाखा जलाकर फेंक दिया। संजय ने जब इसका विरोध किया तो दूल्हे का भाई शशिकांत उर्फ दरोगा पुत्र स्व0 मुंदर लाल निवासी हकीमपुर थाना करारी व कमलेश पुत्र प्रह्लाद निवासी बंधुरी थाना करारी ने उसे पीटने लगे। आरोप है कि बीच बचाव को पहुंची उसकी पत्नी व बहन से भी मारपीट की गई। इस दौरान दोनो महिलाओं से छेड़खानी भी की गई। सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मनियरवा नाला के पास गिरे बाइक सवार, युवक की मौत

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मनियरवा नाला के नजदीक रिश्तेदारी जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई के नीचे गिर गया जिसमे एक युवक की मौत हो गई जबकि साथी बाल बाल बच गया।मिली जानकारी के अनुसार फ़तेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के राजपालपुर के शिवपुरी निवासी अखिलेश पाल पुत्र रोशनलाल 24 वर्ष अपने एक साथी के साथ बाइक से बीतीरात थाना क्षेत्र के कंथुवा गांव रिश्तेदारी में आया था , बाइक सवार जैसे ही कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मनियरवा नाला के पास पहुंचा तभी बाइक अनियंत्रित होकर खाई में चली गई हादसे में युवक बाइक सहित नीचे गिर गया और मौत हो गई

# अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पैदल घर जा रहे युवक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पूरामुफ्ती, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर गांव में गुरुवार देर शाम अनियंत्रित बाइक सवार ने पैदल घर जा रहे युवक को टक्कर मार दिया।हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजनों के होश उड़ गए।वह घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पाकर मृतक के घर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काजीपुर गांव निवासी शिवबाबू कुशवाहा (33) किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पत्नी शांति देवी के अनुसार गुरुवार की रात वह गांव में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था।खाना खाने के बाद वह पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया।



हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। वह रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे।वह घायल को इलाज के लिए पास एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पाकर मृतक के घर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का लिया जायजा

## मास्टर ट्रेनरों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे सामान्य प्रशिक्षण तथा ई0वी0एम0 प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई0वी0एम0 प्रशिक्षण के प्रत्येक कक्षों के निरीक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाय।

इसके साथ ही उन्होंने वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड तथा उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डॉ0 रिजवी डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बा स्थित डॉ0 ए0एच0 रिजवी डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्राम व नगर के लोगो को वोट करने के की मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ कैप्टन अबुतलहा अंसारी ने की। स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण इलाकों में घूम घूम कर नारो,बैनर एवम पोस्टर के माध्यम से बताया की चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा है।चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है।देश के निवासी ही चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते है। नारो के माध्यम से ष्सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो ,ष् लगाते हुए जन जागरूक किया।कौशांबी जनपद में 20 मई 2024 को चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से मतदान करना जरूरी है जिससे आपका एक वोट बहुत ही निर्णायक भूमिका निभाता है।इस मौके पर डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ मोहित कुमार त्रिपाठी,सौरभ सिंह, अवधेश मिश्रा, मुकेश ज्ञान सिंह कुशवाहा आदि शिक्षक गण मौजूद थे स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं में मो आफ्ताब,मो गुलाम,राधना अग्रहरी,साधना अग्रहरी, राखी देवी,सदफ जहरा,इशरत फ़ातमा इत्यादि ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## सम्पादकीय

# उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे 'संकल्प पत्र' कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुत्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।




**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। आज खुद पर किसी तरह की उलझन को हावी न होने दें साथ ही आपको अपने व्यवहार पर कंट्रोल करना पड़ेगा।

**वृष राशि :** आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं।

**मिथुन राशि :** आज कोई काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आएगी। इस राशि के जो विद्यार्थी घर से दूर रहकर कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता-पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा। आप समाज सेवा से जुड़कर अच्छे कामों को गति देंगे। आपके सरकारी नौकरी में चयनित होने के योग बन रहे हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर विश्वास करने से बचे। नवविवाहित आज कहीं घूमने जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है।

**धनु राशि :** आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, इससे आपको अच्छा समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस अच्छा रहेगा। फालतू खर्चे कम हो सकते हैं। लवमेट आज कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है आपको नए ऑफर मिल सकते हैं। परिवार में मांगलिक कामों की योजना बन सकती है।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। पैसों की स्थिति में सुधार होने के योग हैं।

# दूसरे चरण की आठ सीटों के लिये फिर सज गई है बिसात

## हेमामालिनी और अरुण गोविल सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर



**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण का मतदान होने के बाद ही तमाम दलों के नेताओं ने दूसरे चरण के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रथम चरण के मतदान को सभी दल अपने-अपने पक्ष में बात रहे हैं,लेकिन हकीकत 04 जून को ही सामने आयेगी। आज अमरोहा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ी रैली की। अपने आप को अमरोहा से कनेक्ट करने के लिये वह तेज गेंजबाज शमी की तरीफ करने से भी नहीं चूकें। शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गााजियाबााद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा आठ सीटों पर चुनाव होंगे।दूसरे चरण में फिल्म अभिनेत्री और सांसद हेमामालिनी,रामायण सीरियल में प्रभु श्री राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोविल,दानिश अली इन सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। सभी सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय देखने को मिल सकता है, क्योंकि बसपा ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने का एलान चुनाव में रोमांच ला दिया है। वहीं जानकारों की माने तो वोटों का बंटवारा होने से बीजेपी को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। इन सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें से 42 यानी 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़ पति है। वहीं 18 प्रत्याशियों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस चरण में मेरठ सीट सबसे हॉट सीट बन चुकी है। मेरठ में बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काट कर धारावाहिक रामायण में प्रभु श्री राम का रोल करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उधर, समाजवादी पार्टी ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला है। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु का टिकट काट कर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया था, लेकिन अतुल के नामांकन करने के बाद ही उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बसपा ने देववृत त्यागी को कैंडिडेट बनाया है। सपा को इस सीट पर अंदरूनी कलह भारी पड़ सकती है। मुकाबला कांटे का होने की संभावना है। मथुरा सीट पर बीजेपी ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होने जा रहा



है। सपा के साथ आने से कांग्रेस इस सीट पर बीजेपी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकती है। हालांकि एकला चलो की राह पर चली बसपा को किसी भी सीट पर हल्के में लेने वाला नहीं है।

बसपा अपने चुनावी नतीजों से सबको आश्चर्यचकित कर सकती है।वहीं अलीगढ़ सीट पर बीजेपी ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया दिया है। सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा बुलंदशहर सीट पर बीजेपी के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से होने की उम्मीद है। इन दोनों ही सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।गौतमबुद्धनगर सीट पर भी सपा के टिकट बदलने से ये सीट हॉट सीट बन चुकी है। सपा ने इस सीट डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन डॉ. महेंद्र का सपा ने टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया था। बाद में फिर डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया है। उधर बीजेपी ने डॉ. महेश शर्मा को फिर से प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि बसपा ने राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। 2019 में इस सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। अन्य दलों की तुलना में बीजेपी का पलड़ा भारी है। ए.छ.क.ए.। गठबंधन होने से कांटे की टक्कर मिल सकती है।ऐसे ही अमरोहा सीट पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, क्योंकि कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को उम्मीदवार बनाया है। दानिश 2019 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। हाल ही में कुंवर दानिश कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस सीट पर बीजेपी कंवर सिंह तंवर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि बसपा ने एक बार फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेला है। बसपा ने मजाहिद हुसैन को कैंडिडेट घोषित किया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन को नुकसान हो सकता है जबकि बीजेपी को इससे फायदा होने के आसार है। बीजेपी 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी इसलिए बीजेपी के लिए इस सीट से चुनाव जीतना चुनौती भरा होने वाला है।

दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस के चार में से तीन प्रत्याशियों के अलावा बसपा, भाजपा, सपा, जय हिन्द नेशनल पार्टी और समाज विकास क्रांति पार्टी के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। उप्र इलेक्शन वॉच के अनुसार मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। इनकी संपत्ति लगभग 278 करोड़ है। वहीं दूसरे नंबर पर अलीगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ और तीसरे नंबर पर मेरठ से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की संपत्ति पांच करोड़ के आसपास हैं। नौ महिला प्रत्याशी भी दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरी हैं।प्रत्साशियों की शिक्षा की बात की जाये तो 91 प्रत्याशियों में से 33 प्रत्याशी 12 वीं पास भी नहीं हैं। यानी 36 प्रतिशत प्रत्याशी बारहवीं पास भी नहीं है। इन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं से 12 वीं के बीच घोषित की है। वहीं 52 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज़्यादा पढे हैं। जबकि दो डिप्लोमा, दो साक्षर और दो अनपढ़ हैं। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के उम्मीदवार-

मेरठ लोकसभा सीट-
बीजेपी अरुण गोविल
सपा सुनीता वर्मा
बसपा देववृत त्यागी
अमरोहा से उम्मीदवार-
कांग्रेस कुंवर दानिश अली
बीजेपी कंवर सिंह तंवर
बसपा मुजाहिद हुसैन
बागपत से प्रत्याशी-
सपा मनोज चौधरी
रालोद राजकुमार सांगवान
बसपा प्रवीण बैसला
गाजियाबाद से उम्मीदवार-
बीजेपी अतुल गर्ग
कांग्रेस डॉली शर्मा
गौतमबुद्ध नगर से प्रत्याशी
बीजेपी डॉ. महेश शर्मा
सपा डॉ. महेंद्र सिंह नागर
बसपा राजेंद्र सिंह सोलंकी
मथुरा से उम्मीदवार-
बीजेपी हेमा मालिनी
कांग्रेस मुकेश धनगर
बसपा सुरेश सिंह
अलीगढ़ से प्रत्याशी-
बीजेपी सतीश कुमार गौतम
सपा चौधरी बिजेंद्र सिंह
बसपा हितेंद्र कुमार बंटी
बुलंदशहर से उम्मीदवार-
बीजेपी डॉ. भोला सिंह
कांग्रेस शिवराम वाल्मीकि
बसपा गिरीश चंद

# द. भारत में भाजपा को भरोसा योगी और प्रमोद सावंत पर



**आर.के. सिन्हा**

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अबतक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है । लेकिन, अब परिस्थितियाँ बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेज तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियोंपर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिलभारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहेहैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यानसे सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य कीश्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-सख्तप्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवाकी स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा कोविकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपनेगृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं कोसंबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है । इस बीच,तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहाँ 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहांराष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अबतक काफ़ी कमजोर रही है। हाँ भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है।और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाएजाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा कीसंभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने मेंकाफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपनासमर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया।

तमिलनाडू में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरलजैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं।इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिलहैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभासीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडुमें 8, तेलंगानामें तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकिभाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीतीथीं। तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था जबकि उसका जे. जयललिता की पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके)से इसका गठबंधन था। केरल और आंध्र प्रदेश में भी हाल यही रहा। खास बात है किदक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटेंतमिलनाडु में ही हैं। मोदी- शाह के साथ भाजपा के चुनावी रणनीतिकार इस राज्य में हीखाता खोलने पर पूरा फोकस करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी सेभी तमिलनाडु का रिश्ता जोड़ा गया है और सफलतापूर्वक आयोजित की गई तमिल संगम इसकी बानगी है।

योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को बहुत सोच समझकर दक्षिण का किला फतेह करने का काम सौप गया। इसी तरह से योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और केरल को साधने के लिए भीभेजा जाएगा। योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश जिस तरह से निजी क्षेत्रका निवेश हासिल कर रहा है, उसका संदेश दूर तक जा रहा है। कोरोना काल के बाद जबनिवेशक बहुत सोच-समझकर और फूंक-फूंककर निवेश कर रहे हैं, तब उत्तर प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का वादा हो चुका है।

पिछले कुछ समय पहले लखनऊमें हुए एक निवेशक सम्मेलन में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। उत्तरप्रदेश अपनी छवि तेजी से बदलता जा रहा है। इसे दक्षिण भारत की जनता भी देख रही है।यह ही स्थिति प्रमोद सावंत की है। वे भाजपा के सबसे कुशल मुख्यमंत्रियों के रूपमें उभरे हैं। भाजपा तमिलनाडु मेंद्रमुक और अपेक्षाकृत कमजोर अन्नाद्रमुक जैसे स्थापित दलों से मुकाबला कर रही है।वहीं, कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) के साथ एक व्यावहारिकगठबंधन बनाया है, ताकि वोक्कालिंगा और लिंगायत जैसे प्रमुख समुदायों केवोटों का विभाजन रोक सके। भाजपा तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बढ़ेहुए वोट प्रतिशत का फायदा उठाने में जुटी है।


वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के साथ मोदी जी के अच्छे समीकरण के बावजूद पार्टी ने आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है। इन सभीरणनीतियों का परिणाम तो वोट काउंटिंग के दिन ही सामने आएगा, लेकिन इतना जरूर तयहो गया है कि भाजपा ने दक्षिण को साधने के लिए पुख्ता रणनीति तैयार कर ली है। अगरदक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन पहले से बेहतर रहता है तो इसका श्रेययोगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी देना होगा जो अपने अपने राज्यों को छोडकरयहां प्रचार करने के लिए आए। **(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### मत देकर सरकार बनाओ

लोक तंत्र का मान बढ़ाओ।
वोट डाल कर फर्ज निभाओ।।
नहीं किसी से तुमको डरना।
नेता अपना अच्छा चुनना।।
लोक तंत्र को रखना पावन।
मूल मंत्र यह अति मन भावन।।
कर्म देख कर नेता चुनना।
ताना बाना जगहित बुनना।।
वोट डालने पहले आओ।
साथी मित्रों को भी लाओ।।
दादा दादी सबसे कहना।
लोक तंत्र भारत का गहना।।
भागीदारी खूब निभाओ।
वोट डाल कर साज सजाओ।।
भाव लोभ का उर से तजना।
जाति धर्म में तुम मत भगना।।
नेता उत्तम यदि नहि पाओ।
नोटा की तुम बटन दबाओ।।
मत देकर सरकार बनाओ।
अपनी सत्ता स्वयं सजाओ।।
ओम कहे निज ताकत जानो।
मूल्य वोट का तुम पहचानो।।
एक वोट सरकार बनाए।
एक वोट सरकार गिराए।।
शक्ति वोट की जो पहचाने।
मूल मंत्र सत्ता का जाने।।
ओम शपथ सबको है लेना।
वोट समय से हमको देना।।

**ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम**
**शिक्षक व साहित्यकार**
**भीतरगांव कानपुर नगर**



### जय श्री राम

है दिशाएं दीप्त प्रभु श्री राम
की जब से उपजी है कीर्ति
इस कलुषित हृदय की,
अब मिट गई है सारीअपकीर्ति
प्रभु श्री राम के प्राकट्य का
सुन्दर व्याख्यान सुनकर
उन्ही के चरणों में मिल जाऊँ
अब यही कहती है मेरी नीति।
विशाल एवं मोहक जिनके लोचन है
अधरों पर जिनके मधुर मुस्कान है
सुंदर, सलोना, श्याम जिनका वर्ण है
वही प्रभु श्री राम मेरे भगवान हैं।
दया, करुना, प्रेम के सागर है जो
सभी कामनाओं के उजागर है जो
वो धनुषधारी, धर्म रक्षक, मर्यादा पुरुषोत्तम है
जिसमें सद्वृत्ति की चेतना का सार है।
महाशक्ति के आराधक, असुरों के संहारक
असुर प्रवृतियों व विषयवासनाओं के नाशक,
वो प्रभु श्री राम ही है, जन -जन के प्राण ही है
उन्ही प्रभु श्री राम का मैं हूँ आराधक।

**महाश्वेता राजे**
**प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश)**



### जीवन पथ पर

हर पल सिखलाता जीवन का, चाहे पीड़ा दायक हो।
बढ़ते रहें जीवन के पथ पर, गर तुम सच्चे नायक हो।।
जीवन का मतलब है चलना, रुकना मृत्यु कहलाता।
हर लम्हा जीवन का हमको, पाठ ज्ञान का सिखलाता।।
गर सक्षम हो और हौंसले, अपने बहुत बुलंद हैं।
मुश्किल राहें हो आसान, पर्वत भी रोड़े चंद है।।
आंसू को गिरने ना दो, पीड़ा को मत बहने दो।
इनको अपनी शक्ति बना, हर आघात को सहने दो।।
दृढ़ संकल्प ले बढ़ते चलो, राहें खुद बन जाएंगी।
मंजिल पर भी पहुंचोगे, मेहनत वो रंग लाएगी।।
ऐसे बनो किरदार तुम्हारे, चरित्र की खुशबू महका करे।
पाए सभी सुकून तुम्हारे, संग में खुशी से चहका करें।।
हर कोई महसूस करें, महफूज तुम्हारे आंगन में।
अपना मन हल्का कर ले, बोझ रहे ना कोई मन में।।
सांझा करें विचार सभी, और पाए सांसे चैन भरी।
बिन बोले सब कह जाए,दिल की व्यथा नैन भरी ।।
मुझको दाता शक्ति दे दो, मैं ऐसे ही बढ़ती रहूं।
जीवन पथ पर मैं सदा, निर्मल सरिता सी बहती रहूं।।




**सुनीता शर्मा**
**दिल्ली**

### दाग के साथ भी चमकना बड़ा अच्छा लगता है

छुपकर चाँद सा निकलना
बड़ा अच्छा लगता है
चाँद सा घटना बढ़ना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है
चाहे जितनी भी तमस हो
मेरे जीवन की गलियों में,
सबके मन में उजास भरना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है
हरदम एक सा रहने से
कुछ उबासी होती है
मुझको चाँद सा बदलना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है
यूं तो दरमियां तेरे मेरे
एक फूल भी नहीं रूचे
फिर भी मिलन के बेला में
शब भर चाँद का ठहरना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है
जब नहीं तुम मेरे साथ
बहक जाए मेरे जज्बात
हाल-ए-दिल चाँद से कहना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है
बुलंदियों के बाम जाने पर
जब जले मुझसे जमाना
चाँद सा खामोश रहना
बड़ा अच्छा लगता है
दाग के साथ भी चमकना
बड़ा अच्छा लगता है



**बीना राय**
**गाजीपुर, उत्तर प्रदेश**



# बार एसोसिएशन का धरना जारी, मांगे पूरी होने तक संघर्ष का ऐलान

लोकमित्र
**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** बार एसोसिएशन पुरातन तहसील सदर की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष विवेकदत्त मिश्र व संचालन महामंत्री अजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में तहसील सदर के अधिवक्ता अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर 30 अप्रैल से लगातार अनवरत रूप से धरना करते हुए न्यायिक कार्य से विरत है। आज तक कोई अधिकारी अधिवक्ताओं की इन मागो के बारे में पूंछने तक नहीं आया। अधिवक्ता समाज की धुरी है। आखिर किस प्रकार से अधिवक्ताओं के प्रति शासन प्रशासन निरंकुश हो गया है। अधिवक्ता बालेन्द्र भूषण सिंह ने कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो लड़ाई जोर सोर से लड़ी जाएगी। अधिवक्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र ने कहा कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओ के मान सम्मान से कोई समझौता किसी कीमत पर नहीं होगा।बैठक में अवनीश शुक्ल, डीपी सिंह, दुर्गेश सिंह, राममूर्ति प्रजापति, बालमुकुन्द सिंह, संतोष सिंह, अजय कुमार, महेन्द्र मिश्र, नीलेश शुक्ला, करूणेन्द्र प्रताप सिंह, पवन तिवारी, भूपेन्द्र मणि तिवारी, छंगूराम वर्मा, सीमा सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, अंसार अहमद, परवेज अहमद, विशाल सिंह आदि तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## वकील परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आज

लोकमित्र
प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। वकील परिषद का शपथ ग्रहण समारोह 20 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में एनआईसी के सामने आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नीरज तिवारी उच्च न्यायालय इलाहाबाद होंगे। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद करेंगे।

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में दूसरे दिन भी नामांकन प्रक्रिया की दिखी सरगर्मी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में दूसरे दिन शुक्रवार को भी चुनावी माहौल उत्साहजनक दिखा। अध्यक्ष पद पर प्रवीण यादव तथा महामंत्री पद पर सूर्यकांत निराला व हरिश्चंद्र पाण्डेय तथा सदस्य पद पर मो0 असलम ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। प्रत्याशियों ने समर्थक अधिवक्ताओं के साथ परिसर में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता शेडो मे पहुंचकर अपने समर्थन को लेकर भी हुंकार भरी। वहीं साथियों ने प्रत्याशियों का फूल मालाओं से उत्साह भी बढ़ाया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तथा समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने उम्मीदवारों को समिति की ओर से मतदाता सूची तथा गाइडलाइन की प्रतियां प्रदान की। चुनाव समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि आज शनिवार को नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन होगा। नाम निर्देशन के समय चुनाव समिति के शिवाकांत उपाध्याय, राममोहन सिंह, रामलगन यादव, टीपी यादव, अजय शुक्ल गुड्डू, प्रबन्धों की देखरेख में मशक्कत करते दिखे। अब तक अध्यक्ष पद पर पांच तथा महामंत्री पद पर दो एवं उपाध्यक्ष पद पर एक प्रत्याशी ने नामांकन किया है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार शिक्षक घायल

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल मे शुक्रवार को सुबह आठ बजे साइकिल से शिक्षक पढ़ाने के लिए जा रहे थे कि पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी । जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर बाइक को पुलिस सहायता केंद्र ले गए । वहीं दोनों के इलाज के लिए भेज दिया।
बताया जाता है कि खीरी के नीबी गांव निवासी जगजीवन राम कुशवाहा उम्र 60 वर्ष साइकिल से एसएम पब्लिक स्कूल कैथवल में पढ़ाने जा रहे थे । कि मध्यप्रदेश के थाना चाकघट निवासी कुबरना डीही राहुल उम्र 22 वर्ष लेड़ियारी से तेज रफ्तार से अपने घर जा रहा था कि कैथवल के पेट्रोल पंप के पास पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । जिससे शिक्षक का दाहिना हाथ टूट गया ।

## विकास कार्यो की जांच को पहुंचे अधिकारी दैनिक लोकमित्र की खबर का हुआ असर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बिहार, प्रतापगढ़।** दैनिक लोकमित्र अखबार में प्रकाशित खबर का एक बार फिर से प्रतापगढ़ जनपद में जोरदार असर हुआ है।बता दें कि बीते दिनों दैनिक लोकमित्र अखबार द्वारा त्रिलोकपुर प्रधान और,सचिव की मिली भगत से विकास कार्यों में धांधली करते हुए सरकारी धन का बंदर बांट करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। दैनिक लोकमित्र अखबार में प्रकाशित खबर का जनपद के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो खंड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर मौके की जांच करने त्रिलोकपुर ग्रामसभा पहुंचे। खंड विकास अधिकारी के ग्रामसभा में पहुंचकर जांच करने के संबंध में जब फोन पर वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि सचिव से उक्त कराए गए कार्यों के अभिलेख तलब किए गए हैं। अभिलेखों की जांच के उपरांत मिली खामियों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जायेगी।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1520393 का अंकपत्र एवम प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।
आरती मिश्रा
पुत्री राम जी मिश्रा
142. गुरु नानक नगर, नैनी
प्रयागराज।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुधुन्नी वर्मा सुत राम कुमार वर्मा नि0 ग्राम बहलोलपुर पर0 व तह0 व कोतवाली सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) का शुद्ध नाम अमरेज वर्मा है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझको मेरे सही नाम अमरेज वर्म के नाम जाना व पहचाना जाये।

### बेदखली/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मो0 दैयान खान उम्र लगभग 30 साल मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मेरा कहना सुनना नहीं मानता है। आये दिन लड़ाई झगड़ा व हैरान परेशान करता रहता है। जिसका सम्बन्ध समाज के कुछ अराजक तत्वों से हो गया है। जिसके क्रिया कलाप व व्यवहार से सभी परिवारी जन काफी त्रस्त हो चुके है। जिसके कारण मैने अपने पुत्र मो0 दैयान खान को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व पिता-पुत्र के सम्बन्ध से विच्छेद कर दिया हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं रहेगा।
मोहम्मद गुलाम खान
सुत मोहम्मद मोबीन खान
निवासी अघिया तह0 कुण्डा जिला
प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान न्यायालय दण्डाधिकारी महोदय लालगंज प्रतापगढ़
परिवाद 896/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रभावती देवी बनाम चन्द्रभूषण सिंह आदि
बनाम
1. चन्द्रभूषण सिंह सुत राम नरेश सिंह (पति) (59 वर्ष) पेशा वाणिज्य 2. राम सूरत सिंह सुत राम नरेश सिंह (जेठ) (62 वर्ष) पेशा वाणिज्य 3. उमा देवी पत्नी राम सूरत (जेठानी) (59 वर्ष) पेशा गृहिणी समस्त निवासी ग्राम रामगढ़ खास पो0 बाबूगंज थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़
परि0प0अं0 धारा-12 घरेलू हिंसा
तारीख पेशी 15.04.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


### आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।
9839665450
7007509037


# दक्षिणांचल के लोगों से हमारे पारिवारिक रिश्ते- उज्ज्वल रमण सिंह

## शोक संलिप्त परिजन से मिलकर जताया शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे एवं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह द्वारा आज यमुनापार के दक्षिणांचल क्षेत्र का दौरा किया गया और लोगों से मिलकर उनके सुख-दुख में भागीदारी की गई। गंगा पुत्र के नाम से प्रसिद्ध कुंवर रेवती रमन सिंह के पुत्र उज्व्वल रमण सिंह को प्रयागराज लोकसभा का इंडिया गठबंधन द्वारा सांसद प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके तहत उनके समर्थको, सपा कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ।आज भावी सांसद प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह द्वारा सर्वप्रथम लालतारा चौराहे पर उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से मिलकर चुनाव में अभी से की जान लगाने की बात कही गई और बतलाया गया कि इस बार का चुनाव पूंजीपति एवं संविधान को समाप्त करने की मंशा रखने वाले लोगों से है। तत्पश्चात दसौती, चांद खमहरिया,इटवा कला में पुराने नेता इंद्रमणि भूर्तीया के यहां पहुंच गए उनके कुशलक्षेम जाना। ब्लॉक प्रमुख मेजा गंगा प्रसाद पुरादत्तू एवम् रामकैलाश केसरी (बब्बन) के यहां पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया और बतलाया कि दक्षिणांचल के लोगों से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। जब किसी के यहां सुख पड़ता है तो खुद को सुखी महसूस करता हूं और जब किसी के यहां किसी प्रकार का दुख पड़ता है तो मन बड़ा विचलित हो जाता है और प्रभु से यही प्रार्थना की जाती है कि इस कष्ट के समय में पीड़ित परिवार को भगवान अटूट सहन शक्ति प्रदान करें। प्रधान पुष्पराज सिंह, संतोष केसरी, शिवदयाल कुशवाहा, एवं पौशला चौराहे पर पहुंच कर सभी शुभचिंतको एवं कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना और आगामी चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश,उमा शंकर,लल्लन पटेल,सोमदत्त पटेल,किताब अली,प्रमोद पयासी, मासूक अहमद,विजय केसरी,नसीम अहमद,रविन्द्र जैसल,रवि सिंह,गिरिजेश शुक्ला,,रामगोपाल सिंह,प्रकाश मिश्र,विनय कुशवाहा,रामदेव निडर,दिलावर सिंह,योगेंद्र सिंह,खेमराज,दिनेश पटेल, दाले खान, फुरसत अली,नारायण चौहान,राका सेठ सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।



## अग्नि पीड़ितों से मिले उज्वल रमण



**बारा(प्रयागराज)।** लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी उज्व्वल रमण सिंह बारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलकरलोगों से संपर्क कर कांग्रेस सपा गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष मतदान करने की अपील की।
इस दौरान वह शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत कल्याणपुर के देवखरिया में आगजनी से पीड़ित परिवार से मिले । उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता राकेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमारे यहां बहुत समस्या है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव को एक सड़क तक नसीब नहीं हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा पिछले दस सालों में मंहगाई अपने चरम पर आ गई है।
शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि गरीब की बात तो दूर मध्यम वर्ग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे सकते। बेरोजगारी चरम सीमा पर है उनके साथ ग्राम प्रधान राम मिलन, संजय सिंह, गुड्डा भाई,
, चंद्रमा प्रसाद त्रिपाठी लाल साहब यादव ब्लॉक अध्यक्ष राजकरन सिंह , अरविन्द मिश्र गुड्डा भाई,कामद प्रताप सिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई पूर्व सीआरपीएफ कर्मी की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम दसौती में पूर्व सीआरपीएफ जवान की अनियंत्रित बाइक होकर दीवार से टकराने पर घटनास्थल पर ही जान चली गई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खूर्द( लालतारा ) निवासी संजय आदिवासी( 45) पुत्र राम दास वर्ष 2004 मे सीआरपीएफ पद पर छह वर्ष तक कार्य कर रिजाइन दे दिए थे । इसके बाद कोहड़ार एनटीपीसी दो वर्ष सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत रहे । फिर नौकरी छोड़कर किसानी के कार्य का देखरेख कर रहे थे । किसी कार्य से खीरी बाजार करने आए हुए थे । वहां से घर वापस जा रहे थे कि दसौती अंधा मोड़ पर तेज रफ्तार से अपाची मोटर साइकिल होने से एक मकान की दीवार में भिंड़ गए ।जहां गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर खीरी प्रभारी आशीष सिंह , पुलिस सहायता केंद्र इंचार्ज गिरीश चंद्र राय अपने हमराही के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । इसकी जानकारी स्वजनों को दी गई मौके पर मृतक के पुत्र विपीन कुमार 13 वर्ष, आनंद कुमार 8 वर्ष पत्नी शीला देवी मौके पर पहुंचकर रो - रो कर बुरा हाल बना हुआ है ।



## शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि बाजरा की संस्तुत संकुल किस्मों आई.सी.एम.वी.-221, धन शक्ति, आई.सी.टी.पी.-8203, राज-171, पूसा कम्पोजिट-383, पूसा कम्पोजिट-701 तथा संकर किस्मों यथा एम.पी. 7792, एम.एच.-1553, 86 एम 84, 86 एम.-52, जी.एच.बी.-526, जी.एच.बी.-558 एवं पी.बी.-180 की बुआई करें। सूरजमुखी में आवश्यकतानुसार हल्की नमी बनाये रखें।
पेड़ी प्रबंधन हेतु रेटून मैनेजमेंट डिवाइस द्वारा ठूठों की छटाई के बाद सिंचाई कर दें। तत्पश्चात पर्याप्त नमी की दशा में उर्वरकों का प्रयोग करें। गन्ने की पत्तियों पर अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट के अंडे दिखने पर पत्ती को तोड़कर नष्ट कर दें जिससे कीट के आगे की पीढ़ी समाप्त हो जाय।
पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका बीमारी (एफ.एम.डी.) एवं पी.पी.आर. बीमारी का टीकाकरण कराया जा रहा है, यह सुविधा पशुचिकित्सालयों पर निःशुल्क उपलब्ध है।
पशुओं को संतुलित आहार के साथ खनिज मिश्रण अवश्य खिलायें एवं नमक का चाटन भी करायें। वर्तमान में अधिक तापमान के दृष्टिगत मत्स्य पालन तालाबों में 5.5-6 फुट तक पानी बनाये रखें।

## शैलजा का स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में चयन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी की प्रशिक्षु शैलजा यादव का चयन शूटिंग स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में हुआ है। आर्मी मार्क्समेनशिप यूनिट इन्फैंट्री स्कूल महू में हुये चयन ट्रायल में शैलजा तीसरे स्थान पर रही थीं।
अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल व राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने बताया कि शैलजा विगत दो वर्षो से शूटिंग की अभ्यास कर रही है और इतने कम समय में यह मुकाम हासिल कर लिया है।
शैलजा का चयन भोपाल में 22 से 24 अप्रैल तक होने वाले इण्डियन टीम के ट्रायल के लिये भी हुआ है। परिवार व अकादमी में खुशी की लहर तब दौड पड़ी जब आर्मी से सेलेक्शन लेटर घर पहुंचा। शैलजा के पिता विजली विभाग मे एसडीओ और मां गृहणी है। शैलजा तीन बहने हैं,
जिसमें से दो निशानेबाजी का अभ्यास करती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग 50 बीघा फसल जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी(प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझियारी के मजरा बघोलवा से डांडो के बीच शुक्रवार को लगी संदिग्ध परिस्थितियों की आग के चलते दर्जनों किसानों की 50 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने की कड़ी मशक्कत किया, तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक किसानों की लगभग 50 बीघा फसल जल का राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बारा थाना क्षेत्र के हरों गांव में कुछ किसानों ने हार्वेस्टर से कटाई करवाने के बाद अपने खेतों में आग लगा दिया था, वह आग फैलते फैलते डंडो गांव होते हुए माझियारी के बघोलवा गांव तक पहुंच गई। लोगों के अनुसार बघोलवा और डांडो गांव के बीच लगी आग इतनी भयानक थी कि, यदि समय रहते आग पर काबू न पाया गया होता तो, पूरा डांडो गांव भी आग की चपेट में आ जाता और भारी नुकसान हो जाता।

## अपराध निरोधक समिति द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं आयुक्त कमिश्नररेट प्रयागराज तथा पुलिस विभाग पुलिस उपायुक्त यमुना पार एवं प्रदेश जिला सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव जी के आदेश के क्रम में एवं तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी प्रभारी कोराव नरेंद्र देव मिश्र जी के नेतृत्व में कोराव बाजार स्थित जीवन रेखा नर्सिंग होम में एक बैठक की गई जिसमें समस्त वॉलिंटियर एवं कमेटी कमेटी प्रभारी शफात अली एवं डॉक्टर अशोक मिश्रा प्रबंधक जीवन रेखा नर्सिंग होम उपस्थित होकर आम मतदाताओं को मतदान हेतु अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्र के इस महापर्व में अमृत कल के उषा कल में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया तथा राष्ट्रहित में अपना मूल्य समय निकालकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा आम जनमानस को यह संदेश देने का प्रयास किया की है कि मतदान के इस महापर्व को सफल बनावे और अधिक से अधिक मतदान करके देश के हित में देश के निर्माण में अपना सहयोग दें अंत में डॉक्टर अशोक मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया बैठक में सभासद सेलू प्रजापति तथा चिदानंद मिश्र अजमेर अली संगम लाल जायसवाल राजेश कुशवाहा रामानुज लखन लाल मुकेश कुमार धरम वीर रविकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

## भानु प्रताप और फाफामऊ क्लब को मिली जीत

### संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब ने श्री सहायक क्लब को सात विकेट और फाफामऊ क्लब ने रिजवी एजुकेशनल ग्रुप को छह विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।
दौलत हुसैन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में श्री सहायक क्लब में टॉस जीतकर 16.1 ओवर में 139 रन (वर्तुल शुक्ला 36, बालकेश कुमार 28, निखिल शर्मा 20, अमन मिश्र 3/09, दिव्यांश यादव 2/07, सुव्रत प्रसाद तिवारी 2/27, अक्ष श्रीवास्तव 2/34) बनाए जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 145 रन (राहुल निषाद 46, नाबाद शुभम गुप्ता 46, अखिल कुमार कश्यप 28, बालकेश कुमार गुलशन वर्मा व अश्वनी तिवारी एक-एक विकेट) बना लिए राहुल को रेलवे के पूर्व क्रिकेटर शैलेंद्र श्रीवास्तव ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।
दूसरे मैच में रिजवी एजुकेशनल ग्रुप में 14.4 में 82 रन (विवेक कुमार 18 रोशन सिंह 16, अश्वनी दुबे 3/18, ध्रुव प्रताप सिंह 3/25, प्रियांशु यादव 2/06) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 7 ओवर में चार विकेट पर 85 रन (अनुज सिंह परिहार 21 नाबाद, यादवेंद्र सिंह 19 नाबाद, जहुरुल 2/23, रवि भारती 2/30) बना लिए। ध्रुव प्रताप सिंह को पूर्व विजी ट्रॉफी क्रिकेटर एवं उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम के मैनेजर मोहम्मद राशिद ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में कल दौलत हुसैन कॉलेज का मुकाबला भानु प्रताप सिंह क्लब से होगा।

# भारी मतदान ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान- डीएम

## क्राप कटिंग बना मतदाता जागरूकता आभियान का एक माध्यम




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उप निदेशक कृषि के नेतृत्व में कृषि फार्म पिपराडांड़ में अभिनव प्रयोग करते हुए क्राप कटिंग कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता आभियान को समर्पित कर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग का लोगो विद्यालयों के बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा क्राप कटिंग के माध्यम से बनाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा लोगों से अपील की गई कि एक जून 2024 को सभी लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाएं। उन्होने मतदान के दिन को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व बताते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में पूरे देश में विभिन्न चरणो में चुनाव सम्पन्न कराया जा रहा हैं, उसी के क्रम में जनपद में सातवें चरण में मतदान होना निश्चित है। उन्होने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने व 75 प्रतिशत प्लस मतदान करने के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे जनपद में विभिन्न गतिविधियां/कार्यक्रम किये जा रहे है ताकि मतदाता जागरूक हों और अपने मताधिकार का प्रयोग सक्रियता से करें। उन्होने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत यह पहला अभिनव प्रयोग है कि क्राप कटिंग को मतदाता जागरूकता से जोड़कर किसानो व खेतो में कार्य करने वाले श्रमिको जागरूक किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ईवीएम प्रभारी आधिकारी मतदाता जागरूकता आभियान विशाल कुमार द्वारा बताया गया कि इसी तरह कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खण्डो में विभिन्न तिथियों में आयोजित होने जा रहे हैं। उक्त अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई तथा मतदान जागरूकता के गीतों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। उक्त अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित आधिकारी भी उपस्थित रहे।

### डीएम ने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत चित्रकूट इण्टर कॉलिज चित्रकूट के दोनों पालियों में दिए जा रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जमा काउंटर, पोस्टल वैलेट कैंसिलेटशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल प्रभारी पोस्ट बैलेट ओमप्रकाश मिश्रा को निर्देशित किया कि द्वितीय पाली में सभी ईडीसी जमा कराए तभी सभी लोगों की ट्रेनिंग सही मानी जाएगी। उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान सम्बन्धी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। साथ ही कहा कि आप लोग तत्परता व मनोयोग से सीखे, जिससे कि मतदान करने में किसी प्रकार की समस्या न आए।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# डेढ़ लाख दीप जला सदगुरू परिवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गौरव दिवस



**चित्रकूट:** गौरव दिवस पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट साढे 11 लाख दीपों से ऐसी जगमगा उठी जैसे आकाश में सितारे अपनी रोशनी बिखारते हैं। चित्रकूट के मध्य प्रदेश क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र दीपकों से सुजज्ज होकर जगमगा उठा। इस गौरव दिवस पर सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट ने 1 लाख 50 हजार दीपको को प्रज्वलित कर चित्रकूट गौरव दिवस को एक बडे पर्व के रूप में मनाने का काम किया है। ट्रस्ट द्वारा भरतघाट में 70 हजार, जानकीघाट चरण चिन्ह से ओशो आश्रम 35 हजार, तुलसी मार्ग में 5 हजार, चिकित्सालय परिसर में 5 हजार एवं सतना मार्ग चिकित्सालय प्रवेशद्वार से आरोग्यधाम तक 35 हजार दीपक जलाकर इस अद्वतीय चित्रकूट गौरव दिवस का साक्षी बना है।

ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बी के जैन ने कहा कि यह हम सब चित्रकूट क्षेत्रवासियों के लिए बडे गौरव का विषय है कि हर वर्ष प्रभु श्रीराम की तपोस्थली में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश शासन के साथ मिल जुलकर चित्रकूट को दीपों से दुल्हन की तरह सजाकर दीपावली पर्व की तरह चित्रकूट गौरव दिवस मनाते है। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने कहा कि हम सब बहुत ही सौभाग्यशाली जो भगवान श्री राम की तपोस्थली में रहकर रामनवमी को जिस दिन उनका जन्म हुआ था उस दिन चित्रकूट दीप जलाकर चित्रकूट गौरव दिवस के रूप में मनाते है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पांच टीमें गठित की गई थी दीपक जलाने के लिए। प्रत्येक टीम में लगभग 300 सदस्य थे।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 41 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा तेजपाल निवासी बाबूपुर को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक शिवसागर दुबे तथा आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा शिवप्रसाद निवासी पवारी मदना को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व प्रमुख राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा का भी निरीक्षण किया। साथ ही ईवीएम वेयरहाउस प्रभारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित रहना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा में लगी सुरक्षा कर्मियों को भी निर्देशित किया कि सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक ईवीएम प्रभारी राजकुमार, सीपीआई से रुद्र प्रताप मिश्रा, समाजवादी पार्टी से नरेंद्र यादव, कौंग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बहुजन समाज पार्टी से शिवबाबू, भारतीय जनता पार्टी से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से राम सिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषी लाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में शुरू हुआ स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

**चित्रकूट:** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार प्राचार्य डायट शिवरामपुर के आदेशानुसार जनपद में संचालित डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे स्काउट गाइड स्पेशल इंट्रोड्क्टरी कोर्स के क्रम में गुरूवार को सीपी गौतम महाविद्यालय देउँधा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएलएड प्रशिक्षुओं को पांच दिवसीय स्काउट - गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य रामानंद त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षुओं को स्काउटिंग इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार आदि का ज्ञान कराया गया। प्रशिक्षण शिविर का जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र एवं जिला सचिव सुरेश प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रेमचंद, रोवर लीडर रामदयाल, ललित कुमार, बिन्तु देवी, जिला सचिव सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ ईवीएम मशीनों का किया रेंडमाइजेशन




**चित्रकूट:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को पूर्ण परदर्शिता व सुचिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को एनआईसी चित्रकूट में भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम से ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनों की विधानसभा बार सूची भी उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का भरोसा देते हुए कहा कि समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराएं। उन्होंने रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताते व समझाते हुए कहा कि यह भारत निर्वाचन आयोग का सॉफ्टवेयर रैण्डम रुप से निर्धारित करेगा कि कौन सी मशीन किस विधानसभा क्षेत्र में रहेगी। इसको सभी के सामने डेमो करते हुए दिखाया गया। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति से फाइनल कर कौन सी मशीन किस विधानसभा में रहेगी की सूची प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि सेकंड रेंडमाइजेशन 9 मई को किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक राजकुमार, सीपीआई से रुद्र प्रताप मिश्रा, समाजवादी पार्टी से नरेंद्र यादव, कौंग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बहुजन समाज पार्टी से शिवबाबू, भारतीय जनता पार्टी से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से राम सिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषी लाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# श्रमिकों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित




**चित्रकूट:** सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जनपद में श्रमिकों द्वारा मतदान किए जाने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को धनुष चौराहा में जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिलाधिकारी न्यायिक के साथ श्रमिक अड्डा में मौजूद श्रमिकों को मतदान तिथि को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही श्रमिकों से वार्ता की गई। जिसमें संज्ञान में आया कि श्रमिकों एवं उनके परिवार को मतदान करने में कोई असुविधा नहीं है, उनके द्वारा मतदान किया जाएगा। इस मौके पर पोद्दार इण्टर कॉलिज से सुरेश सिंह, श्रम प्रवर्तन कार्यालय के राजेश द्विवेदी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता के जरिए युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद की दोनों विधानसभाओं में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से निर्धारित स्वीप कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, भाषण, निबंध, नुक्कड नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा कराई जा रही इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं के साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता व घर परिवार के लोगों को जागरूक करना है। छात्र-छात्राएं इन गतिविधियों की चर्चा अपने घरों में अवश्य करेंगे। जिससे उनके परिवार के लोगों में मतदान के प्रति अवश्य जागरूकता आएगी। जिससे वह अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 20 मई को अपने बुथों में जायेंगे। जेएम सिंह बालिका इण्टर कॉलिज, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा बालिका इण्टर कॉलिज, चित्रकूट बालिका इण्टर कॉलिज, वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय राजापुर, राजकीय बालिका बालिका इण्टर कॉलिज मानिकपुर एवं राजकीय हाई स्कूल सेमरिया चरनदासी, बड़ी मड़ैयन, ददरी, देशराज सिंह कृषक बालिका इण्टर कॉलिज कांडीखेरा, छत्रपति शाहू जी महाराज बालिका इण्टर कॉलिज रगौली व सीपी गौतम महाविद्यालय तेंदुआखुर्द रामनगर के बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र करते हुए मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन लिखे।

### अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बताया कि अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव तथा उप निरीक्षक मुकेश परिहार, आरक्षी जलील अहमद, विनोद कुमार द्वारा शिवनारायण निवासी नरयाच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को 2 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने परेड निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद परिवहन शाखा, बैरिक एवं भेजनालय का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर लाइन्स राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध असलहा के साथ रील बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने एक आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि नवयुवक द्वारा फिल्मी स्टाईल में अवैध शस्त्र के साथ रील बनाकर अपने इंस्टाग्राम हैण्डल पर पोस्ट की थी। जिसका संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष रैपुरा द्वारा उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह को युवक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह तथा आरक्षी सूरज निर्मल द्वारा अभिराज सिंह उर्फ भोलू सिंह निवासी अगरहुण्डा को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर थाना रैपुरा आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घरातियों ने बराती युवक को मारपीट कर किया घायल

## घायल बराती की तहरीर पर नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर ।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में गुरुवार को आई बरात में खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घराती पक्ष के लोगों ने बरात पक्ष के एक युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शुक्रवार को बराती युवक की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।नौगवां गांव निवासी राजू वर्मा के बहन की बरात सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र के बभनी गांव से आई थी।रात में खाना खाना को लेकर बरात पक्ष का एक युवक घरातियों पर भड़क गया और पत्तल पर रखा भोजन फेंक दिया। जिसे लेकर घराती और बराती युवक के बीच कहासुनी होने लगी तभी घरात पक्ष के पप्पू व दो अन्य लोगों ने बराती दिनेश की लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया। जिससे दिनेश कुमार के सिर में गंभीर चोटें आ गई। बरातियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायल युवक को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गई जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। घायल युवक के सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर मारपीट करने वाले पप्पू कहार व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि घराती और बराती पक्ष में खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घरातियों ने बराती पक्ष के एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए करें प्रेरित - शैलेन्द्र सिंह

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष कर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की प्रतिनिधि बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही दस्तक अभियान में जब घर-घर भ्रमण पर जाए तब अपने विभागीय कार्य के साथ ही सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने लिए प्रेरित करने का कार्य करें। इस अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया एवं मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

# बाइक पर सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर हुए घायल

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव के सामने गुरुवार की रात एक बाइक पर सवार 2 युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल युवकों को उपचार हेतु एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल भेजा। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित तुलसी ओवरब्रिज के पास एक बाइक पर सवार होकर सुलेमान पुत्र लल्लन निवासी मेउड़ी व संतोष पुत्र बुलल्ली निवासी मेउड़ी थाना लालगंज मीरजापुर अपने घर से कहीं जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर लहंगपुर चौकी प्रभारी विजय कुमार राय मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल भेजा। दुर्घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके इकट्ठा हो गई।

# गंगा में डूबने से लोगों की रक्षा करने वाले गोताखोर, नाविकों को जिलाधिकारी ने वितरित किया सुरक्षा किट

**मीरजापुर ।** गंगा नदी में डूबने से लोगों की जान बचाने वालें नगर के गैवी घाट के कुछ गोताखोर, नाविकों के द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, गोताखोर, नाविकों ने जिलाधिकारी से बताया कि उन लोगों द्वारा बाढ़ के दौरान अथवा अन्य सामान्य दिनों में गंगा स्नान करने वाले लोगों के द्वारा कतिपय कारणों से गंगा में डूबने वालों की जान की रक्षा की जाती है, जिसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें गोताखोर का परिचय पत्र भी दिया गया है। ?जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उक्त सभी मिलने वाले गोताखोर को आपदा राहत के नाव-नाविक सुरक्षा योजना के तहत लाइफ़ जैकेट सहित अन्य आवश्यक किट, सामान प्रदान किया गया। सुरक्षा किट प्राप्त करने वाले समस्त गोताखोरों ने यह आश्वासन दिया कि घाट पर लगने वाले आगामी मौकों पर जैसे नवरात्रि, मौनी अमावस्या, छट पूजा इत्यादि पर लगने वाले मेलों में उनके द्वारा मुस्तादी से आम जनमानस की रक्षा हेतु घाटों पर पहरा दिया जाएगा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के दौरान प्रभावित की रक्षा की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर उपजिलाधिकारी भारत लाल सरोज, जिला आपदा विशेषज अंकुर गुप्ता उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत जैसा बर्ताव, आक्रोश

मीरजापुर । उप जिला मजिस्ट्रेट मड़िहान के न्यायालय से फाइल गायब होने के आरोप में चालक, अर्दली समेत संग्रह, नजारत, आरके दफ्तर कर्मचारियों की पेशी के लिए ढाई घंटे पहले से बुला लिया गया। लेकिन किसी से पूछताछ नहीं की जा रही है। अधिकारी अपने चेम्बर से सीसीटीवी फुटेज से कर्मचारियों के खड़े होने का तमाशा देख रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि एसडीएम न्यायालय से पांच महत्वपूर्ण फाइल गुम होने के आरोप में उन्हें सजा दी जा रही है। सेवानिवृत्त के करीब कर्मचारियों को बेचैनी घबराहट हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि किसी तरह की घटना घटी तो कौन जिमेदार होगा? पूरे दिन यह मामला सोशल मीडिया पर उझलता रहा है वहीं कर्मचारी नेताओं ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे कर्मचारियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत जैसा बर्ताव होना करार दिया

# पुलिस ने की अंतर्जनपदीय मार्ग पर वाहनों की सघन चेकिंग

**मीरजापुर -** लोकसभा चुनाव को देखते हुए लालगंज पुलिस ने शुक्रवार को अंतर्जनपदीय मार्ग लालगंज-हाटा, बनवारी से गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग किया। पुलिस ने वाहनों को रोक कर डिक्की, हेलमेट, झोला, गाड़ी, ड्राइविंग लाइसेंस देखने के बाद ही वाहनों को जाने दे रही है। लालगंज थाना अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव अंतर्जनपदीय सड़क लालगंज, हाटा, बनवारी, प्रयागराज की सीमा पर गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग किया। प्रत्येक वाहन के ड्राइविंग लाइसेंस चार पहिया वाहन में रखे सामानों को देखने के बाद जाने दिया। उन्होंने चेतावनी दिया कि कोई भी संदिग्ध पाया जाएगा जिलाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई की जाएगी । लोकसभा चुनाव को सुचारू से संपन्न करने के लिए चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए पुलिस प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका में जुटी हुई है। इसी क्रम में फेललेन सड़क खजूरी वस्तरा से गुजरने वाले वाहनों का भी निरीक्षण किया।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

जौनपुर संसदीय क्षेत्र

# श्रीमती कला सिंह को प्रत्याशी बनाकर बसपा ने बढ़ाई भाजपा की मुश्किल

## भाजपा ने कृपा शंकर सिंह तो सपा ने बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट देकर चली थी जातीय समीकरण साधने की चाल

☞2019 के संसदीय चुनाव में सपा- बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीता था चुनाव

☞क्या इस बार यादव, दलित और मुस्लिम सपा प्रत्याशी को जीत दिलाकर संसद पहुंचाएंगे ?



**लक्ष्मीकान्त कुशवाहा**

**जौनपुर।** देश के राजनीतिक मिजाज के साथ यहां जाति का गणित ज्यादा महत्वपूर्ण रहता है। जातीय गणित में कई बार यहां बेरोजगारी और विकास जैसे स्थानीय मुद्दे भी गायब हो जाते हैं। इस बार यहां से भाजपा ने कृपाशंकर सिंह पर भरोसा जताया है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से बाबू सिंह कुशवाहा ने ताल ठोंकी है। पिछ्ली बार 2019 में यह सीट सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के खाते में है। इस सीट पर 25 मई को मतदान होना है। यहां क्षत्रिय नेताओं ने सात बार जीत दर्ज की है।

जौनपुर लोकसभा सीट पर करीब पौने दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। यही कारण है कि यह सीट सात बार क्षत्रिय नेताओं के हाथ रही है। ब्राह्मण दो लाख 43 हजार, मुस्लिम दो लाख 21 हजार, यादव दो लाख 25 हजार, अनुसूचित जाति दो लाख 31 हजार हैं। इस बार दलित-मुस्लिम वोटर का झुकाव जीत-हार में अहम है। भाजपा और बसपा के सजातीय उम्मीदवार होने से क्षत्रियों के वोट कट सकते हैं जिससे सपा को फायदा होगा।


सपा-कांगेस गठबंधन ने इस बार बाबू सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया है। वह बसपा सरकार में तेजतर्रार कद्दावर नेता रह चुके हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि और जातीय समीकरण को देखते हुए उनकी दावेदारी को कम नहीं आंका जा सकता। भाजपा और बसपा से उनकी सीधी टक्कर है। यहां की 87 प्रतिशत आबादी हिन्दू है और 12 प्रतिशत मुस्लिम, एक प्रतिशत अन्य हैं। यहां यादव, पासी, ठाकुर जातियों की बहुलता है। गठबंधन ने कुशवाहा प्रत्याशी को उतार कर बड़ा दांव खेला है, ऐसे में यहाँ का चुनाव खास रोचक हो गया है। जिससे भाजपा और बसपा से कड़ा मुकाबला होगा।

भाजपा ने जौनपुर मूल निवासी कृपा शंकर सिंह को टिकट देकर क्षत्रियों को लुभाने की चाल चली थी तो सपा ने बसपा के रहे कद्दावर नेता बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट देकर मुसलमानों और दलितों को साधने की जातिय समीकरण खेला है। अब बसपा ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीमती कला रेड्डी सिंह को टिकट देकर भाजपा और सपा के जातीय समीकरण को ध्वस्त कर दिया है। जौनपुर में हिंदू 87त्न वह मुसलमान 12त्न है। मुख्य रूप से इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में क्षत्रिय और मुसलमान का अहम रोल होगा जहां भाजपा से क्षत्रियों में काफी खटास नजर आ रही है। क्षत्रिय समाज के लोग जगह-जगह बैठक कर भाजपा को वोट न देने की बात कह रहे हैं। इससे सपा गठबंधन और बसपा को फायदा हो सकता है।

### जौनपुर का इतिहास

14वीं शताब्दी में फिरोज शाह तुगलक ने अपने भाई मुहम्मद बिन तुगलक की याद में जौनपुर जिले की स्थापना की थी। इसका वास्तविक नाम जौना खां था, जो बदलकर जौनपुर हो गया। 1394 के लगभग मलिक सरवर ने जौनपुर को शर्की साम्राज्य के रूप में स्थापित किया।

### सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा का जिले में आगमन कल



**जौनपुर।** संसदीय क्षेत्र में बाबू सिंह कुशवाहा के पहले आगमन पर कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह है। बदलापुर विधानसभा बॉर्डर पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके जोरदार स्वागत की तैयारी है। वह शंभूगंज बाजार होते हुए शहर के एक होटल में पहुंचेंगे। वहां इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक होगी। इसके पश्चात क्षेत्र में भ्रमण और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक करेंगे। अगले दिन इंडिया गठबंधन के मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच में अहम बैठक फिर सदर जौनपुर में पदाधिकारियों से मुलाकत करते हुए शाहगंज विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक कर अपने पक्ष में मतदान साधने की कोशिश करेंगे।

# पीएम मोदी सबसे बड़े अदाकार, संविधान को खत्म करने का रच रहे कुचक्र-अनूप संडा



**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राहुल-अखिलेश को लेकर दिए गए बयान, 'दो शहजादों की जोड़ी फिर फिल्म की शूटिंग कर रही' पर सपा की ओर से बयान आया है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि प्रधानमंत्री इस देश के सबसे बड़े अदाकार हैं। उन्होंने कहा चीन को जमीन देने के बाद अब संविधान को खत्म करने का कुचक्र रच रहे हैं।

देश की जनता दस सालों से देख रही पीएम की अदाकारी उनकी अदाकारी इस देश की जनता दस सालों से देख रही है। दूसरों को फ्लॉप फिल्मों का कलाकार बताने वाले प्रधानमंत्री वो हर साल नवजवानों को रोजगार देने वाले थे उस रोजगार देने में फेल रहे। देश के हर नागरिक के खाते में 15 लाख भेजने में फेल रहे। भारत की सुरक्षा चीन से करने में फ्लाप रहे। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी का पक्ष रखा है कि भारत ने चीन को 4000 वर्ग किलोमीटर जमीन समर्पित कर दी। रेजांगला में शहीदों का स्मारक बना था जिसे चीन ने ढहा दिया। लद्दाख में पद्म पुरस्कार लेने वाली सोनम वांचू का कहना है कि लेह लद्दाख में वादा किया हुआ आज तक पूरा नहीं हुआ। पीएम फ्लाप है, इसलिए उधर से निगाह हटाए हुए हैं। उन्होंने कहा जिन्हें पीएम फ्लाप खिलाफ बता रहे हैं, यह दोनों प्रधानमंत्री के संविधान खत्म करने के ख्वाब को ध्वस्त करने जा रहे हैं। अरुण गोविल बोलते हैं कि संविधान में संशोधन करना आवश्यक हो गया है। भाजपा इसका प्रचार करके सामाजिक विद्वेष बढ़ा रही है। इस देश में जातीय संघर्ष शुरू करना चाहते हैं। सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करना चाहते हैं। शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सपना खत्म कर संविधान की मूल भावना को प्रभावित करने का काम करना चाहते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा भारती की अनोखी पहल




**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सेवा भारती ने गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए अनोखी पहल की शुरुवात की है। कोतवाली नगर के गोलाघाट पर बांस का कार्य करने वालो के बच्चो को शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉक्टर सुनील त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफसे महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें जो बच्चे स्कूल नही जा रहे है उनको शिक्षित किया जाएगा। सभी बच्चो को किताब वगैरा मुहैया कराई जायेगी और जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवावर की सुबह विभाग संचालक डॉक्टर ए के सिंह ने केंद्र पर बच्चों को प्रेरणादायक बातें एवम कहानियां सुनाई। इस दौरान जिला प्रचारक अशीष जी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉक्टर सुनील त्रिपाठी ने बताया कि इसी तरह करौंदिया में भी एक केंद्र चलाया जा रहा है। वहां स्थानीय बच्चे शिक्षा का लाभ उठा रहे

## पटाखा कारोबारी के घर लगी आग, पिता-पुत्र झुलसे

**सुलतानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम में एक पटाखा कारोबारी के घर संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। पूरा मकान जल गया। पिता पुत्र झुलस गए। बाइक व साइकिल भी जल गई। पुलिस व परिजनों का कहना कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी है। चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव के पटाखा कारोबारी बुद्धू के घर शुक्रवार की सुबह संदिग्ध हालत में आग की लौ उठ पड़ी। देखते ही देखते पूरा घर आग की चपेट में आ गया। तेज हवा होने के कारण के देखते ही देखते आग ने पूरा मकान जलाकर राख कर दिया।आग की चपेट में आने से हारून उर्फबुद्धू (55)वर्ष व फिरोज पुत्र हारून (30)वर्ष झुलस गए। जिनको आनन फानन में चांदा कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वही घर में रखी गृहस्थी के सारे सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।शार्ट सर्किट होने के कारण मकान में आग लगी। घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। बुद्धू कस्बे का पटाखा कारोबारी है।

# छात्र-छात्राओं के भावनाओं का प्रतीक विदाई समारोह- डॉ जेपी

## एमएलके पीजी कॉलेज परास्नातक समाजशास्त्र छात्रों का विदाई समारोह संपन्न





**बलरामपुर।** शुक्रवार को एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में स्वागत व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में परास्नातक कक्षाओं के सीनियर छात्र-छात्राओं ने अपने जूनियर का स्वागत एवं जूनियर ने अपने सीनियर को उपहार भेंटकर विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ,विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ अनामिका सिंह,विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह एक अच्छा संयोग है कि आप अपने जूनियर का स्वागत कर रहे हैं और सीनियर का विदाई कर रहे हैं क्योंकि सुख के दुख और खुशी के साथ गम यह जिंदगी की रीत है। यहां से निकलकर आप अपने परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन करें यही शुभकामनाएं है। विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में छात्रा अंशिका उपाध्याय के गीत होंठों से छूलो तुम मेरा गीत अमर कर दो को खूब सराहा गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं व शिक्षक व शिक्षिकाओं के मध्य कई प्रकार के गीत संगीत की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक उपाध्याय ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष के साथ साथ विभागीय शिक्षक डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ अर्चना शुक्ला, सीमा पाण्डेय व नीरज पांडे ने प्राचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदानकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर प्रो0 तबस्सुम फरखी,डॉ रमेश शुक्ल, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ बीएल गुप्त, डॉ अभयनाथ, डॉ पूजा,डॉ भावना,डॉ साक्षी शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र चौहान, शिवम सिंह,मणिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जनता दरबार में राजा भैया ने सुनी जनसमस्याएं

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रदेश के कोने-कोने से जन समस्याओं को लेकर लोग राजभवन बेंती कोठी कुंडा न्याय की उम्मीद लेकर आते हैं। जन समस्याओं को लेकर आए हुए लोगों को जनता दरबार में न्याय मिलता है । शुक्रवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने जनता दरबार में आए हुए लोगों की जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण किया। इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज,दिलीप तिवारी बिहार, कुंडा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, नगर पंचायत अध्यक्ष डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, विजय पांडेय, सुमित तिवारी फूलमती, समाजिक कार्यकर्ता सूरज द्विवेदी, पूर्व प्रधान रायगढ़ कुंवर मुन्नू सिंह, अनु सिंह टिकरियां, युवा नेता सौरभ मिश्रा, विपुल निश्चल पांडेय तिवारी महमदपुर, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रूपेंद्र शुक्ला राजापुर समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# राजनीति के जोकर हैं ओमप्रकाश राजभर-पूर्वमंत्री राम भुआल




**सुल्तानपुर।** सपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री ने यूपी सरकार के मंत्री राजभर पर तंज कसा। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नाच का जोकर कहकर नई बहस को जन्म दे दिया है।

शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद ने जिले के चौमुखी विकास, गरीब समुदाय, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व अति गरीब अगड़ों के फॉर्मूले पर जिले के विकास की बात कही। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में ओपी राजभर को कोई गंभीरता से नहीं लेता। वे नाच के जोकर है। नाम बड़े और दर्शन छोटे की कहावत जिले में चरितार्थ है। जो भी विकास कार्य दिख रहा है यह पूर्व में समाजवादी सरकार की देन है।भाजपा इस पर अपना नाम लिखवा रही है। डबल इंजन की सरकार जिले में फेल है। सबका साथ सबका विकास का इनका नारा झूठ है। जनता को झूठे आश्वासन पर दस साल से बिठाया गया। उन्होंने कहा चीनी मिल की बदहाली भाजपा के विकास को आईना दिखा रही है। प्रधानमंत्री ने दो करोड़ रोजगार और हर खाते में 15 लाख देने का वादा किया था जिसे बाद में गृहमंत्री ने जुमला कह कर जनता के साथ विश्वासघात किया। जिले से संबंधित सवालों पर उन्होंने कहा बाध उद्योग को हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। किसानों के लिए बंद पड़ी चीनी मिल को फिर से खुलवायेगे। कानून व्यवस्था पर हमला करते हुए उन्होंने डॉक्टर घनश्याम तिवारी की पत्नी से सरकार द्वारा किए गए वादे को पूरा न करने का आरोप लगाया। यही नहीं डॉक्टर घनश्याम तिवारी की पत्नी व उनके परिजनों पर फर्जी मुकदमा लगाए जाने का आरोप सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने लगाया। उन्होंने मछली व्यवसाय से जुड़े लाखों लोगों के लिए जिले में ही मछली मंडी बनाने का ऐलान किया।अपनी आपराधिक छवि के सवाल पर उन्होंने कहा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पर भी मुकदमे हैं तो यह सवाल उनसे भी होना चाहिए। भीम निषाद को जा रहा उकसाया जो उनका जवाब होगा वही जवाब मेरा भी है। इसौली विधायक ताहिर खान की न मौजूदगी के सवाल पर उन्होंने कहा इसौली विधायक सबसे ज्यादा सक्रिय हैं समय आने पर वह पार्टी और हमारे साथ होकर इंडिया गठबंधन के विजय का रास्ता ठीक करेंगे। भीम निषाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह हमारे भाई हैं उन्हें उकसाया जा रहा है। जो भी कंट्रोवर्सी है वह भाजपा की साजिश के तहत की जा रही है। सपा मुखिया का निर्देश संगठन व जनप्रतिनिधियों को मिल चुका है सोशल मीडिया पर विरोध की बातें भाजपा की आईटी सेल की सुनेयोजित साजिश का हिस्सा है। पत्रकार वार्ता में सपा कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, कांग्रेस के कोआर्डिनेटर मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, प्रवक्ता नफीस फारुकी, सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, भगेलू राम, पूर्व लोकसभा प्रभारी शकील अहमद मौजूद रहे।

# बेटियों की शिक्षा ,स्वास्थ, सुरक्षा बेहद जरूरी- विमल प्रकाश

## केजीबीवी नगर क्षेत्र में एकदिवसीय विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



**बलरामपुर।** शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत बेटियों को शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति न्यायिक अधिकारी ने विभिन्न जानकारी देकर जागरूक किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक साक्षरता शिविर सचिव जज विमल प्रकाश आर्य ने की है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जज ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है शासन से उन्हें विभिन्न प्रकार की योजना का लाभ दिया जा रहा है उनकी शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उन्होंने जागरूकता शिविर में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा,बेटी बेटा भेदभाव दहेज उत्पीड़न सहित अन्य समस्याओं के प्रति जागरुक करते हुए संचालित योजनाओं का लाभ लेने की बात कही है। विधिक साक्षरता शिविर में महिला एवं बेटियों को संविधान में प्रदत अधिकारों के बारे में जागरूक किया। कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्र ऑन को जानकारी देते हुए साझा किया है कार्यक्रम का संचालन विद्यालय वार्डन सुधा मिश्रा ने किया है इस दौरान विद्यालय में अनवर जहां घनश्याम लाल दीपक यादव शाइस्ता खान आदि शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे है।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत

**सुल्तानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार बहन भाई को टक्कर मार दी। जिसमें भाई की मौके पर मौत हो गई। जबकि बहन को डॉक्टर ने सीएचसी में मृत घोषित कर दिया। सगे भाई बहन की मौत से परिवार समेत गांव में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम में भेजा है।

गुरुवार देर शाम कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सांगापुर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र रमापति अपनी बहन पूजा पत्नी गणेश कुमार निवासी नौगवां चांदा को लेकर बाइक से अपने घर सांगापुर जा रहा था। अभी वो चांदा थानाक्षेत्र के चांदा-कादीपुर मार्ग पर शाहपुर जंगल के पास पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था कि ट्रक ने पीछे से आकर बाइक में टक्कर मार दी।




टक्कर इतनी जोरदार थी कि भाई की मौके पर मौत हो गई और बहन को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा लाया गया। जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए महिला को जिला अस्पताल सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। लेकिन वो रास्ते में हिचकियां लेने लगी। ऐसे में परिजन उसे लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंच गए। जहां अधीक्षक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी साल 2019 में हुई थी। उसके एक दो साल की बेटी है। वही मृतक दो बहनों में इकलौता भाई था। हादसे की ख़बर से घर में मातम पसर गया है।

# स्वीप योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी

**सुलतानपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के संकल्प के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड मोतिगरपुर के डिंगूरपुर बनकेगांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी तथा अपने मताधिकार के इस्तेमाल का आह्वान किया गया, जिसमें श्रीमती माया सिंह, श्रीमती प्रेमा देवी मुख्यसेविका, श्रीमती जयदेवी, श्रीमती कंचन, आंगनवाडी कार्यकत्री, श्रीमती दुर्गावती, श्रीमती संजुलनिशां आंगनवाडी सहायिका द्वारा द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की लोकतांत्रिक मर्यादों के निर्वहन के साथ बगैर किसी लोभ-प्रलोभन के मताधिकार के प्रयोग की शपथ ग्रामवासियों की दिलाई गई, तथा जनमानस को वोटिंग के लिए सजग-जागरूक किया गया। नारों और तख्तियों के जरिए सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो अपना भविष्य बनाना है तो वोट करने जाना है÷ एवं ÷शत प्रतिशत मतदान जनपद का अभियान÷ आदि स्लोगन के माध्यम से अपने आस-पास के लोगो को मतदान करने और अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया।जिला कार्यक्रम अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप रवीश्वर कुमार राव ने बताया



जिले में आगामी 25 मई, 2024 को लोकसभा मतदान होगा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सुल्तानपुर के दिशा निर्देश के आलोक में इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है। जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत विशेषकर महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत वोटरों को जागरूक किया जायेगा। रैली व शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से वोटरों को सजग-जागरूक किया जायेगा। युवा - युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है लेकिन अभी तक उनके द्वारा वोट नहीं डाला जा रहा था उनको भी वोट का महत्व को समझाते हुए इस बार जरूर से वोट डालने के लिए प्रेरित करते हुए उनको मतदान करने के लिए शपथ दिलाई जा रही है।

# भारी मतदान ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान- डीएम

## क्राप कटिंग बना मतदाता जागरूकता अभियान का एक माध्यम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उप निदेशक कृषि के नेतृत्व में कृषि फार्म पिपराडांड़ में अभिनव प्रयोग करते हुए क्राप कटिंग कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता आभियान को समर्पित कर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग का लोगो विद्यालयों के बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा क्राप कटिंग के माध्यम से बनाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा लोगों से अपील की गई कि एक जून 2024 को सभी लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाएं। उन्होने मतदान के दिन को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व बताते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में पूरे देश में विभिन्न चरणो में चुनाव सम्पन्न कराया जा रहा हैं, उसी के क्रम में जनपद में सातवें चरण में मतदान होना निश्चित है। उन्होने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने व 75 प्रतिशत प्लस मतदान करने के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे जनपद में विभिन्न गतिविधियां/कार्यक्रम किये जा रहे है ताकि मतदाता जागरूक हों और अपने मताधिकार का प्रयोग सक्रियता से करें। उन्होने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत यह पहला अभिनव प्रयोग है कि क्राप कटिंग को मतदाता जागरूकता से जोड़कर किसानो व खेतो में कार्य करने वाले श्रमिको जागरूक किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ईवीएम प्रभारी आधिकारी मतदाता जागरूकता आभियान विशाल कुमार द्वारा बताया गया कि इसी तरह कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खण्डो में विभिन्न तिथियों में आयोजित होने जा रहे हैं। उक्त अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई तथा मतदान जागरूकता के गीतों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। उक्त अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित आधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डीएम ने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत चित्रकूट इण्टर कॉलिज चित्रकूट के दोनों पालियों में दिए जा रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जमा काउंटर, पोस्टल वैलेट कैंसिलेटशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल प्रभारी पोस्ट बैलेट ओमप्रकाश मिश्रा को निर्देशित किया कि द्वितीय पाली में सभी ईडीसी जमा कराए तभी सभी लोगों की ट्रेनिंग सही मानी जाएगी। उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान सम्बन्धी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। साथ ही कहा कि आप लोग तत्परता व मनोयोग से सीखे, जिससे कि मतदान करने में किसी प्रकार की समस्या न आए।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# डेढ़ लाख दीप जला सदगुरू परिवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गौरव दिवस



**चित्रकूट:** गौरव दिवस पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट साढे 11 लाख दीपों से ऐसी जगमगा उठी जैसे आकाश में सितारे अपनी रोशनी बिखारते हैं। चित्रकूट के मध्य प्रदेश क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र दीपकों से सुजज्ज होकर जगमगा उठा। इस गौरव दिवस पर सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट ने 1 लाख 50 हजार दीपको को प्रज्ज्वलित कर चित्रकूट गौरव दिवस को एक बडे पर्व के रूप में मनाने का काम किया है। ट्रस्ट द्वारा भरतघाट में 70 हजार, जानकीघाट चरण चिन्ह से ओशो आश्रम 35 हजार, तुलसी मार्ग में 5 हजार, चिकित्सालय परिसर में 5 हजार एवं सतना मार्ग चिकित्सालय प्रवेशद्वार से आरोग्यधाम तक 35 हजार दीपक जलाकर इस अद्वतीय चित्रकूट गौरव दिवस का साक्षी बना है।

ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बी के जैन ने कहा कि यह हम सब चित्रकूट क्षेत्रवासियों के लिए बडे गौरव का विषय है कि हर वर्ष प्रभु श्रीराम की तपोस्थली में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश शासन के साथ मिल जुलकर चित्रकूट को दीपों से दुल्हन की तरह सजाकर दीपावली पर्व की तरह चित्रकूट गौरव दिवस मनाते है। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने कहा कि हम सब बहुत ही सौभाग्यशाली जो भगवान श्री राम की तपोस्थली में रहकर रामनवमी को जिस दिन उनका जन्म हुआ था उस दिन चित्रकूट दीप जलाकर चित्रकूट गौरव दिवस के रूप में मनाते है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पांच टीमें गठित की गई थी दीपक जलाने के लिए। प्रत्येक टीम में लगभग 300 सदस्य थे।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 41 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा तेजपाल निवासी बाबूपुर को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक शिवसागर दुबे तथा आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा शिवप्रसाद निवासी पवारी मदना को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व प्रमुख राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा का भी निरीक्षण किया। साथ ही ईवीएम वेयरहाउस प्रभारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित रहना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा में लगी सुरक्षा कर्मियों को भी निर्देशित किया कि सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक ईवीएम प्रभारी राजकुमार, सीपीआई से रुद्र प्रताप मिश्रा, समाजवादी पार्टी से नरेंद्र यादव, कौंग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बहुजन समाज पार्टी से शिवबाबू, भारतीय जनता पार्टी से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से राम सिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषी लाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में शुरू हुआ स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

**चित्रकूट:** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार प्राचार्य डायट शिवरामपुर के आदेशानुसार जनपद में संचालित डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे स्काउट गाइड स्पेशल इंट्रोड्क्टरी कोर्स के क्रम में गुरूवार को सीपी गौतम महाविद्यालय देउँधा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएलएड प्रशिक्षुओं को पांच दिवसीय स्काउट - गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य रामानंद त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षुओं को स्काउटिंग इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार आदि का ज्ञान कराया गया। प्रशिक्षण शिविर का जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र एवं जिला सचिव सुरेश प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रेमचंद, रोवर लीडर रामदयाल, ललित कुमार, बिन्तु देवी, जिला सचिव सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ ईवीएम मशीनों का किया रेंडमाइजेशन




**चित्रकूट:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को पूर्ण परदर्शिता व सुचिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को एनआईसी चित्रकूट में भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम से ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनों की विधानसभा बार सूची भी उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का भरोसा देते हुए कहा कि समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराएं। उन्होंने रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताते व समझाते हुए कहा कि यह भारत निर्वाचन आयोग का सॉफ्टवेयर रैण्डम रुप से निर्धारित करेगा कि कौन सी मशीन किस विधानसभा क्षेत्र में रहेगी। इसको सभी के सामने डेमो करते हुए दिखाया गया। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति से फाइनल कर कौन सी मशीन किस विधानसभा में रहेगी की सूची प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि सेकंड रेंडमाइजेशन 9 मई को किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक राजकुमार, सीपीआई से रुद्र प्रताप मिश्रा, समाजवादी पार्टी से नरेंद्र यादव, कौंग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बहुजन समाज पार्टी से शिवबाबू, भारतीय जनता पार्टी से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से राम सिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषी लाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## श्रमिकों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**चित्रकूट:** सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जनपद में श्रमिकों द्वारा मतदान किए जाने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को धनुष चौराहा में जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिलाधिकारी न्यायिक के साथ श्रमिक अड्डा में मौजूद श्रमिकों को मतदान तिथि को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही श्रमिकों से वार्ता की गई। जिसमें संज्ञान में आया कि श्रमिकों एवं उनके परिवार को मतदान करने में कोई असुविधा नहीं है, उनके द्वारा मतदान किया जाएगा। इस मौके पर पोद्दार इण्टर कॉलिज से सुरेश सिंह, श्रम प्रवर्तन कार्यालय के राजेश द्विवेदी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता के जरिए युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद की दोनों विधानसभाओं में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से निर्धारित स्वीप कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, भाषण, निबंध, नुक्कड नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा कराई जा रही इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं के साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता व घर परिवार के लोगों को जागरूक करना है। छात्र-छात्राएं इन गतिविधियों की चर्चा अपने घरों में अवश्य करेंगे। जिससे उनके परिवार के लोगों में मतदान के प्रति अवश्य जागरूकता आएगी। जिससे वह अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 20 मई को अपने बुथों में जायेंगे। जेएम सिंह बालिका इण्टर कॉलिज, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा बालिका इण्टर कॉलिज, चित्रकूट बालिका इण्टर कॉलिज, वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय राजापुर, राजकीय बालिका बालिका इण्टर कॉलिज मानिकपुर एवं राजकीय हाई स्कूल सेमरिया चरनदासी, बड़ी मड़ैयन, ददरी, देशराज सिंह कृषक बालिका इण्टर कॉलिज कांडीखेरा, छत्रपति शाहू जी महाराज बालिका इण्टर कॉलिज रगौली व सीपी गौतम महाविद्यालय तेंदुआखुर्द रामनगर के बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र करते हुए मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन लिखे।

### अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बताया कि अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव तथा उप निरीक्षक मुकेश परिहार, आरक्षी जलील अहमद, विनोद कुमार द्वारा शिवनारायण निवासी नरयाच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को 2 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने परेड निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद परिवहन शाखा, बैरिक एवं भेजनालय का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर लाइन्स राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध असलहा के साथ रील बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने एक आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि नवयुवक द्वारा फिल्मी स्टाईल में अवैध शस्त्र के साथ रील बनाकर अपने इंस्टाग्राम हैण्डल पर पोस्ट की थी। जिसका संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष रैपुरा द्वारा उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह को युवक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह तथा आरक्षी सूरज निर्मल द्वारा अभिराज सिंह उर्फ भोलू सिंह निवासी अगरहुण्डा को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर थाना रैपुरा आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घरातियों ने बराती युवक को मारपीट कर किया घायल

## घायल बराती की तहरीर पर नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर ।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में गुरुवार को आई बरात में खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घराती पक्ष के लोगों ने बरात पक्ष के एक युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शुक्रवार को बराती युवक की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।नौगवां गांव निवासी राजू वर्मा के बहन की बरात सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र के बभनी गांव से आई थी।रात में खाना खाना को लेकर बरात पक्ष का एक युवक घरातियों पर भड़क गया और पत्तल पर रखा भोजन फेंक दिया। जिसे लेकर घराती और बराती युवक के बीच कहासुनी होने लगी तभी घरात पक्ष के पप्पू व दो अन्य लोगों ने बराती दिनेश की लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया। जिससे दिनेश कुमार के सिर में गंभीर चोटें आ गई। बरातियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायल युवक को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गई जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। घायल युवक के सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर मारपीट करने वाले पप्पू कहार व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि घराती और बराती पक्ष में खाना खाने को लेकर हुए विवाद में घरातियों ने बराती पक्ष के एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए करें प्रेरित - शैलेन्द्र सिंह

**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष कर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की प्रतिनिधि बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही दस्तक अभियान में जब घर-घर भ्रमण पर जाए तब अपने विभागीय कार्य के साथ ही सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने लिए प्रेरित करने का कार्य करें। इस अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया एवं मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

## बाइक पर सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर हुए घायल

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव के सामने गुरुवार की रात एक बाइक पर सवार 2 युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल युवकों को उपचार हेतु एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल भेजा। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित तुलसी ओवरब्रिज के पास एक बाइक पर सवार होकर सुलेमान पुत्र लल्लन निवासी मेउड़ी व संतोष पुत्र बुलल्ली निवासी मेउड़ी थाना लालगंज मीरजापुर अपने घर से कहीं जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर लहंगपुर चौकी प्रभारी विजय कुमार राय मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल भेजा। दुर्घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके इकट्ठा हो गई।

## गंगा में डूबने से लोगों की रक्षा करने वाले गोताखोर, नाविकों को जिलाधिकारी ने वितरित किया सुरक्षा किट

**मीरजापुर ।** गंगा नदी में डूबने से लोगों की जान बचाने वालें नगर के गैवी घाट के कुछ गोताखोर, नाविकों के द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, गोताखोर, नाविकों ने जिलाधिकारी से बताया कि उन लोगों द्वारा बाढ़ के दौरान अथवा अन्य सामान्य दिनों में गंगा स्नान करने वाले लोगों के द्वारा कतिपय कारणों से गंगा में डूबने वालों की जान की रक्षा की जाती है, जिसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें गोताखोर का परिचय पत्र भी दिया गया है। ?जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उक्त सभी मिलने वाले गोताखोर को आपदा राहत के नाव-नाविक सुरक्षा योजना के तहत लाइफ़ जैकेट सहित अन्य आवश्यक किट, सामान प्रदान किया गया। सुरक्षा किट प्राप्त करने वाले समस्त गोताखोरों ने यह आश्वासन दिया कि घाट पर लगने वाले आगामी मौकों पर जैसे नवरात्रि, मौनी अमावस्या, छट पूजा इत्यादि पर लगने वाले मेलों में उनके द्वारा मुस्तादी से आम जनमानस की रक्षा हेतु घाटों पर पहरा दिया जाएगा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के दौरान प्रभावित की रक्षा की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर उपजिलाधिकारी भारत लाल सरोज, जिला आपदा विशेषज अंकुर गुप्ता उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत जैसा बर्ताव, आक्रोश

मीरजापुर । उप जिला मजिस्ट्रेट मड़िहान के न्यायालय से फाइल गायब होने के आरोप में चालक, अर्दली समेत संग्रह, नजारत, आरके दफ्तर कर्मचारियों की पेशी के लिए ढाई घंटे पहले से बुला लिया गया। लेकिन किसी से पूछताछ नहीं की जा रही है। अधिकारी अपने चेम्बर से सीसीटीवी फुटेज से कर्मचारियों के खड़े होने का तमाशा देख रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि एसडीएम न्यायालय से पांच महत्वपूर्ण फाइल गुम होने के आरोप में उन्हें सजा दी जा रही है। सेवानिवृत्त के करीब कर्मचारियों को बेचैनी घबराहट हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि किसी तरह की घटना घटी तो कौन जिमेदार होगा? पूरे दिन यह मामला सोशल मीडिया पर उझलता रहा है वहीं कर्मचारी नेताओं ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे कर्मचारियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत जैसा बर्ताव होना करार दिया

## 7 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनता में आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले सूरज, मनोज निवासीगण भरतपुरी, सुरेश, रिंकू निवासीगण छिपनी बाहर खेडा, कीर्तिमान उर्फ बब्बू निवासी नारायणपुर, रामबाबू उर्फ रामू व अजय निवासीगण गोल तालाब के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# पुलिस ने की अंतर्जनपदीय मार्ग पर वाहनों की सघन चेकिंग

**मीरजापुर –** लोकसभा चुनाव को देखते हुए लालगंज पुलिस ने शुक्रवार को अंतर्जनपदीय मार्ग लालगंज-हाटा, बनवारी से गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग किया। पुलिस ने वाहनों को रोक कर डिक्की, हेलमेट, झोला, गाड़ी, ड्राइविंग लाइसेंस देखने के बाद ही वाहनों को जाने दे रही है। लालगंज थाना अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव अंतर्जनपदीय सड़क लालगंज, हाटा, बनवारी, प्रयागराज की सीमा पर गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग किया। प्रत्येक वाहन के ड्राइविंग लाइसेंस चार पहिया वाहन में रखे सामानों को देखने के बाद जाने दिया। उन्होंने चेतावनी दिया कि कोई भी संदिग्ध पाया जाएगा जिलाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई की जाएगी । लोकसभा चुनाव को सुचारू से संपन्न करने के लिए चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए पुलिस प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका में जुटी हुई है। इसी क्रम में फेललेन सड़क खजूरी वस्तरा से गुजरने वाले वाहनों का भी निरीक्षण किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# संविधान ,सनातन धर्म और समता मूलक समाज की रक्षा के लिए मोदी सरकार फिर से बनाने का आह्वान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने गेगासों मंडल के चांदाटीकर बूथ और डलमऊ शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और कहा कि मोदी आज सब की जरूरत बन गए हैं। संविधान, सनातन धर्म और समता मूलक समाज की रचना के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार और नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना बहुत ही आवश्यक है ।सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जन जन के नेता है। घर-घर मोदी की योजना पहुंची है। पूरा भारत मोदी मय है। जरूरत इस बात की है कि रायबरेली के भी हर बूथ पर कमल निशान खिले और हर बूथ पर 370 वोट की बढ़ोतरी हो जिससे रायबरेली में भी भाजपा भारी बहुमत से विजय श्री प्राप्त करें। डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि हमे यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री मिले है। मोदी जी का जीवन आज युवाओं के लिए आदर्श जीवन है। मोदी जी ने अपना जीवन अभावों में गुजारा है। इसीलिए वो गरीबी का दर्द जानते हैं। आज मोदी जी युद्ध स्तर पर देश के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। 2014 के पहले की सरकारों के पास विजन की कमी थी। 2014 में पहली बार मोदी सरकार बनते ही सरकार ने पहला कार्य किया कि इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जिससे आम आदमी तक सस्ता इंटरनेट पहुँचा। बैंकिंग प्रणाली का विस्तार प्रधानमंत्री ने जनधन योजना के माध्यम से किया और करोडों बैंक खाते खुलवाए गए और 50 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते जनधन योजना में खुले हैं द्य आज उन्हीं बैंक खातों के माध्यम से लोगों को सरकारी सहायता मिल रही है। इस अवसर पर महामंत्री शुभम गौड़, दिनेश त्रिपाठी,भानु प्रकाश सिंह ,राम गोपाल साहू, बाबूलाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की हुई मौत

**महराजगंज रायबरेली।।** महराजगंज चंदापुर रोड स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान पर सामान खरीदने बाइक से आए एक बुजुर्ग को सड़क क्रास करते वक्त महराजगंज की तरफसे जा रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो स्थानीय लोगों द्वारा उसे सीएचसी ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहां से डाक्टरों ने एम्स रेफर कर दिया और एम्स ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गनेशपुर मजरे कुशमहुरा का रहने वाला कालीचरण 60 पुत्र मतई बाइक से महराजगंज चंदापुर रोड पर स्थित देशी शराब की दुकान के नजदीक गिट्टी मौरंग की दुकान पर सामान खरीदने आया हुआ था दुकान पर बात चीत करने के बाद वह घर के लिए निकला था तभी बाइक से रोड क्रॉस करते वक्त महराजगंज की तरफ से जा रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कम्पोजिट विद्यालय जरैला में एमडीएम का सामान चोरी

## आबादी के करीब स्थित विद्यालय में चोरी करके चोरों ने पार किया हजारों का सामान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालय में बच्चों के बनने वाले निवाला और उसको बनाने का सामान भी चोरों से नहीं बचा है। चोर आए दिन एमडीएम का सामान पार कर दे रहे हैं। बीती रात चोरों ने महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में ताला काटकर हजारों रुपये का एमडीएम का सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सूचना दे दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बघई अहलावर ग्रामसभा के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में बीती रात चोरों ने रसोईघर का ताला काटकर उसके अंदर रखा हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने पुलिस दी गई तहरीर में बताया कि नियमित समय से आज जब विद्यालय पहुँचे तो देखा कि रसोईघर का ताला टूटा और दरवाजा खुला हुआ है। उन्होंने बताया कि रसोईघर में रखा हुआ एक सिलेंडर, चार भगौना, चिमचा, बाल्टी, 70 थाली, 2 जग, लोटा, 35 प्लेट, 15



कटोरी, 100 गिलास आदि हजारों रुपये का सामान उठा ले गए हैं। उन्होंने बताया कि गनीमत यह रही कि चोरों ने अन्य कमरों का ताला नहीं तोड़ा, इसकी वजह से अन्य सामान सुरक्षित रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान शिवकिशोर यादव, एसएमसी अध्यक्ष ननकऊ सहित गांव में अन्य संभ्रांत लोगों ने पुलिस चौकी में पहुँचकर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने कहा कि जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# रामनवमी के अवसर पर कैनवास क्लब का हुआ भव्य शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।**रामनवमी के अभिजित नक्षत्र पर चित्रकला को समर्पित संस्था कैनवास क्लब का शुभारंभ हवन पूजन के साथ बड़े ही धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि शहर रायबरेली के डिग्री कालेज चौराहा स्थित जे.के. टावर के निकट स्थित संस्था कैनवास क्लब के गठन का मुख्य उद्देश्य नवांकुरों की प्रतिभा के उन्नयन तथा संवर्धन करना है। उक्त जानकारी क्लब के संचालक एवं संस्थापक आर्टिस्ट अभिषेक वर्मा ने दी। इस अवसर पर क्लब के सदस्य सहित जनपद के कई कलाकार उपस्थित रहें जिनमें मुख्य रूप से रामजी मिश्र, अंशिका अवस्थी, सुरेंद्र शर्मा, प्राची, अर्पिता, आरजू, दिशा, कंचन, श्रेया, फिज़ा, ऐमन, नाज, अंकुश, अजय, उज्ज्वल, अंश, एवम नंदिनी आदि थे। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, राजीव भार्गव, साहित्यकार कृष्ण कुमार 'श्याम', लेखक एस.एल. वर्मा, अनुराग सिंह, जितेन्द्र सिंह एडवोकेट, आलोक वर्मा, निश्चय आदि ने संस्थान के लिए अमूल्य विचार एवम सुझाव प्रस्तुत किए।
उपस्थिति अतिथियों ने कहा कि यह प्रतिष्ठान जनपद में चित्रकला के उद्गम का स्त्रोत प्रतीत होगा, जो आज जनपद में चित्रकला सीखने और उसमे रुचि रखने वालो के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म रहेगा।

# अवकाश प्राप्त वरिष्ठ शिक्षक अशोक त्रिवेदी को बैंक आफबडौदा परिवार के द्वारा किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गेगासो क्रॉसिंग के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक मौर्य ,उप प्रबंधक विवेक रस्तोगी बबलू एवं आशीष द्वारा अवकाश प्राप्त वरिष्ठ शिक्षक अशोक त्रिवेदी को शाखा परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए शाखा प्रबंधक दीपक मौर्य ने कहा कि अशोक त्रिवेदी ने अपने शिक्षण कॉल में बच्चों को बहुत ही संस्कारित शिक्षा देने का कार्य किया है। वे हमेशा शिक्षा के प्रति समर्पित रहे। शिक्षण के प्रति डॉ अशोक त्रिवेदी के समर्पण ने पीढ़ियों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री त्रिवेदी अनगिनत छात्रों और साथी शिक्षकों के लिए प्रेरणा रहे हैं। श्री त्रिवेदी की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बैंक ऑफ



बड़ौदा परिवार ने उन्हें सम्मान पूर्वक शाखा में बुलाकर भावपूर्ण रूप से उन्हें सम्मानित किया है। यह कहना कदापि गलत नहीं होगा कि डॉ अशोक त्रिवेदी की सेवानिवृत्ति एक युग के अंत का प्रतीक है, लेकिन एक शिक्षक और गुरु के रूप में श्री त्रिवेदी की विरासत युग युगांतर जीवित रहेगी। बताते चले कि 31 मार्च को डॉक्टर अशोक त्रिवेदी जनता विद्यालय इंटर कालेज पूरेपाण्डेय में प्रवक्ता पद से रिटायर हुए। डॉ अशोक त्रिवेदी को शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ अशोक त्रिवेदी ने एक शांत स्वभाव के सुलझे हुए शिक्षक के रूप में कार्यकाल पूरा किया।
बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा सम्मानित किए जाने पर भाजपा नेता सुशील शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अशोक शुक्ला, यंग लॉयर्स अध्यक्ष सुंदर बाजपेई, रमेश मिश्रा, शिव शंकर पांडे आदि लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

# पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से हमला

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के भुजैली गांव में पुरानी रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगो पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।, जिसमें तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।कोतवाली क्षेत्र के सुंची चौकी अंतर्गत भुजैली गांव में बीती रात लगभग साढ़े नौ बजे के करीब ललित सिंह,सुनील और अनिल पुत्रगण शीतला बक्श सिंह के ऊपर गांव के ही लाल चन्द्र विनोद पुत्रगण जियालाल समेत चार लोगों ने हमला बोल दिया।घायल युवक के भतीजे सन्दीप सिंह पुत्र शंकर बक्स सिंह का आरोप है कि घटना के समय सभी ने अचानक लाठी डंडो से हमला किया।जिसमें तीनो भाई गम्भीर रुप से घायल हो गए।घटना में गम्भीर रूप से घायल ललित ,सुनील,अनिल को एम्बुलेंश से सीएचसी में भर्ती कराया गया।जिसमें ललित की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। सन्दीप सिंह ने बताया कि विनोद और लालचन्द्र से उनके परिवार की जमीन रंजिस चल रही है।पीड़ित के मुताबिक सूची चौकी पुलिस से विपक्षी की सांठगांठ बनी है।जिससे इनके हौसले बुलन्द रहते है।जिसके कारण बिती रात घटना को अंजाम देकर सभी फरार हो गए।वही चौकी इंचार्ज बृजेन्द्र सिंह का कहना है कि घटना में अभी किसी की गिरफ्तारी नही हुई है।सभी घायल है।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संदीप सिंह की तहरीर पर ,विनोद और उसकी पत्नी,लालचन्द,राजपता पत्नी जियालाल, के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने चौपाल व जनसंपर्क कर लोगोंसे की कांग्रेस नीतियों व कार्य विस्तार की चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के बरगदहा,अप्टा,हुल्ला का पुरवा,निमावर्,अड्डा,किशुनदासपुर,कल्याणपुर आदि गांव में चौपाल व जनसंपर्क कर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कांग्रेस सरकार में हुए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।श्री सिंह ने बटउआपुर मजरे कुटिया चित्रा गाँव में आग से जलकर 6 बीघे गेहूं की फसल नष्ट होने की सूचना पर किसान अंकुश यादव,उदय यादव के साथ खेत में पहुंचकर पीड़ित किसानों से हाल-चाल जाना और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस देश का विकास गांधी,नेहरू परिवार की देन है।आज रायबरेली का अभूतपूर्व विकास गांधी परिवार ने किया है।एम्स जैसा बड़ा हॉस्पिटल,एनटीपीसी,रेल कोच जैसे बड़े कारखाने रायबरेली में है,यह सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार की देन



है।रायबरेली ऐसा जिला है,जहां पांच-पांच नेशनल हाईवे शहर से निकले हुए है।श्री सिंह ने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास मोदी सरकार कर रही है। देश की एकता व अखंडता को बचाने के लिए हम सबके नेता जननायक राहुल गांधी जी लगातार संघर्ष कर रहे हैं।2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी जी प्रधानमंत्री इंडिया गठबंधन की तरफसे बनेंगे।देश की जनता सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी जी और इंडिया गठबंधन के साथ है। आज उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी जी और अखिलेश यादव जी की जोड़ी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विजय उत्तर प्रदेश में होने जा रही है।प्रियंका गांधी जी रायबरेली के विकास के लिए लगातार चिंतित रहती हैं,रायबरेली की समस्याओं के बारे में हम सबसे लगातार चर्चा करती रहती हैं।रायबरेली में ऐतिहासिक विजय कांग्रेस पार्टी की होने जा रही है,यह विजय गांधी परिवार का जो भी प्रत्याशी होगा प्रियंका जी हो या राहुल गांधी जी हो 5 लाख से अधिक मतों से विजई होने जा रहा है।भाजपा के पास कांग्रेस के सामने लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहा है।श्री सिंह ने जिगना निवासी जितेंद्र पटेल के घर पहुंच कर विगत दिनों उनके दादा की मृत्यु हो गई थी,की सूचना पाकर घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता शिव कुमार पांडे,शैलेंद्र सिंह,रामदत्त पांडे,डॉ रामखेलावन यादव,आशु सिंह,पप्पू मिश्रा,विमलेंद्र बाजपेई,राम सिंह,युवा नेता गोलू अग्रहरी,संदीप लोधी,दिनेश सिंह,मुन्ना सिंह,राकेश सिंह,डॉ राकेश यादव,उदय सिंह,सदाशिव दीक्षित,बृजेश सिंह,प्रदीप पटेल,रवि कुमार,रामनरेश पटेल,अजय पटेल,फूलचंद यादव,शीतलादीन पाल,धर्मेंद्र सिंह,दिलीप बाजपेई,सत्येंद्र सिंह,संजय रावत,शिवम कुमार,सूरज सरोज,विपिन यादव,अखिलेश पटेल,त्रिलोकी पटेल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



**रायबरेली।** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाष फौजी की अध्यक्षता में एक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं उपाध्यक्ष व फ्रन्टल संगठन प्रभारी विजयषंकर अग्निहोत्री की उपस्थिति में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ओम प्रकाष फौजी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बड़ी जीत दिलाने के लिए पिछड़ा वर्ग प्रतिबद्ध है, हमारा संगठन गांव-गांव जा कर कांग्रेस गारंटी की जानकारी सम्मानित जनता को दे रहा है, जिसका लाभ निष्चित रूप से लोकसभा चुनाव में मिलेगा। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में मुख्यरूप से जग प्रसाद पाल, देषराज यादव, राकेष कुमार, राजा रामपाल, हनुमान पाल, महेन्द्र कुषवाहा, सुनील पाल, शैलेन्द्र पाल, रमेष पटेल, गणेष प्रसाद लोधी, नरेष पाल सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

# आग लगने से सात बीघा गेहूं की फसल राख

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।**बछरावां थाना के गांव राघवपुर में शुक्रवार को 11बजे दिन में अज्ञात कारणो से आग लग गया।जिससे किसान इंदलयमोतीलाल पुत्रगण ननकऊ निवासी करमगंजराघवपुर तथा रामलखन पुत्र रामआसरे निवासी गांव चोखेकापुरवा का सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गया है।सबकुछ राख होने के बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आगे आग के बढ़त पर रोक लगाने में सफल थे।तहसीलदार ने बताया कि गांव में क्षेत्रीय लेखपाल ओमप्रकाश सोनी को भेजकर किसानो के हुए छति की रिपोर्ट मांगा गया है।

# एनिमल ब्रीडिंग रिसर्चब ऑर्गनाइजेशन ने मनाया 36वां स्थापना दिवस



**सलोन।** एनिमल ब्रीडिंग रिसर्चब ऑर्गनाइजेशन, सलोन ने अपना 36वां स्थापना दिवस एक अद्वितीय और उत्सवपूर्ण ढंग से मनाया। इस खास मौके पर, संस्था ने अपने महत्वपूर्ण कार्यो की याद में स्थापना के संस्थापक डॉ वर्गीष कुरियन को योगदान को याद किया । डॉ कुरियन के आदर्शो और मार्गदर्शन से संस्था ने पूरे भारत मे अग्रणी भूमिका निभाई।इसी उपलक्ष्य मे संस्था में विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्टाफ उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कबड्डी, क्रिकेट, वालीवाल, लम्बीकूद, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, रस्साकसी, और गिट्टा फोड़ जैसे खेलों में सभी ने उत्साह से भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से, स्टाफने अपने साथीयों के साथ टीमवर्क, संघर्ष और साझेदारी का महत्व समझा।साथ ही सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारी भाग लिए। इस धार्मिक आयोजन के बाद, सभी ने प्रसाद और भोजन का आनंद लिया, जो एक परिवारिक वातावरण में संचालित हुआ।यह उत्सव न केवल संगठन के साथियों के बीच संबंधों को मजबूत किया, बल्कि उन्हें संस्था के महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आदर्श और संज्ञान भी बढ़ाया। इस अवसर पर, संस्था ने अपने विकास के 36 वर्षों को समर्पित करते हुए एक अविस्मरणीय प्रतिष्ठा और सम्मान का महसूस किया।

# ऐक्टू ने डाक द्वारा भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

**रायबरेली।** इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां पैदा होने के चलते इजराइल में भारतीय निर्माण मजदूरों की जीवन सुरक्षा के लिए ऐक्टू के राज्य व्यापी आवाहन के तहत आज ऐक्टू के जिला सचिव का0 राम गोपाल अन्य पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय देने गए, किंतु आचार संहिता का बहाना बनाकर ज्ञापन लेने मना कर दिया गया। जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष जिला प्रशासन के व्यवहार के विरुद्ध ज्ञापन प्रदर्शित करते हुए काफी देर प्रतिवाद किया बाद में ज्ञापन को डाक से महामहिम राष्ट्रपति को भेजा गया। ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल ने अपने बयान में कहा कि भारत सरकार द्वारा युद्ध ग्रस्त इजरायल के लिए निर्माण मजदूरों को भेजने के सरकारी फैसले का ऐक्टू ने शुरू में ही विरोध करते हुए आगाह किया था कि वहां मजदूरों के जीवन को खतरा है। आज हालात बहुत खराब हैं। इजरायल की साम्राज्यवादी नीति के चलते युद्ध का दायरा बढ़ता जा रहा है और अब ईरान भी इजरायल के खिलाफ युद्ध में उतर पड़ा है जिसके चलते सरकार द्वारा गाजे बाजे के साथ भारत से इजरायल भेजे गए निर्माण मजदूरों की जिन्दगी के ऊपर और अधिक खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी कर जार्डन, ईराक, ईरान, इजरायल, सीरिया



आदि देशों की यात्रा करने से भारत वासियों को मना किया है। किंतु विदेश मंत्रालय द्वारा इजरायल भेजे गए निर्माण मजदूरों की स्थित, उनकी सुरक्षा और उनकी सुरक्षित घर वापसी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।राम गोपाल ने कहा कि इजरायल भेजे गए श्रमिकों की कुल संख्या सार्वजनिक करते हुए विदेश मंत्रालय उसकी वर्तमान स्थिति और सुरक्षा उपायों के प्रति देश को जनता को आश्वस्त करे तथा इजरायल भेजे गए निर्माण श्रमिकों को तत्काल वहां से सुरक्षित वापस लाना सुनिश्चित करें।जिला सचिव ने अंत में कहा कि इजरायल हजारों फिलिस्तीनी बच्चों, बीमार बुजुर्गों, महिलाओं के सामूहिक नर संहार का अपराधी है इसके बावजूद भी भारत सरकार ने अपनी दशकों पुरानी विदेश नीति के विपरीत उस देश के साथ समझौता कर मजदूर भेज दिए हैं।

# राज्यमंत्री ने सदर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर, की नुक्कड़ सभाएं

**रायबरेली।** मैं नकली गांधियों के बारे में कहना चाहता हूं। आपके रिश्तेदार नहीं है, यह आपके सेवक नहीं है, विस्तृत रूप से यह व्यवसाई हैं। रायबरेली में उनकी एक दुकान है उस दुकान में जब तक फायदा होगा तब तक तुम्हारे हैं और जब घाटा होगा तो वह अपनी दुकान उठाकर वहां रख लेंगे जहां पर उनका फायदा होगा। राहुल गांधी ने एक दुकान अमेठी में लगाई। अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को सांसद बनाया। राहुल गांधी की मां को सांसद बनाया। राहुल गांधी के पिता को सांसद बनाया और चाचा को सांसद बनाया। एक बार अमेठी में



स्मृति ईरानी से हारने पर घाटा हुआ तो अपनी दुकान वायनाड में रख ली। उक्त उद्गार प्रदेष के राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेष प्रताप सिंह ने आयोजित एक नुक्कड़ सभा में व्यक्त किये। राज्यमंत्री ने गांधी परिवार पर निषाना साधते हुये कहा कि रायबरेली ने इंदिरा गांधी को सांसद बनाया। उनके पति फिरोज खान को सांसद बनाया और एक बार राज नारायण से हार गई तो अपनी दुकान मेंढक मां उठा ले गई। सोनिया गांधी को रायबरेली ने पांच बार सांसद बनाया और पांचो बार खूब मलाई खाने के बाद जैसे ही छठवीं बार हार जाने का डर हुआ तो अपनी दुकान राजस्थान में लगा ली। शुक्रवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के सिधौना बाजार, मैनुपुर, लोधवारी सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण कर आयोजित चौपालों व नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। राज्यमंत्री ने इस दौरान केन्द्र व प्रदेष सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की गारंटी पर लोगों को विष्वास है। निष्चित तौर पर इस बार रायबरेली में भी कमल खिलेगा। साथ ही इस बार 400 पार की कड़ी में रायबरेली भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह मण्डल अध्यक्ष, अनुज मौर्या बूथ अध्यक्ष, मतीन्द्र प्रधान सिधौना, अखिल प्रधान मंचितपुर, अनुज चौधरी प्रधान, बीना यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, अनुप द्विवेदी वेदु पंडित मण्डल अध्यक्ष, महेष द्विवेदी महामंत्री, आरपी सिंह महामंत्री, हरिष्चन्द्र किसान नेता, संजय यादव पूर्व प्रधान लोधवारी सहित दर्जनों बीडीसी प्रधान मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में एक 10 वर्षीय बच्चा समेत 6 लोग घायल,एक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग रोड हादसों में एक 10 वर्षीय बच्चा समेत 6 लोग घायल हो गए हैं, सभी को सीएचसी महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, वहीं जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में एक की मौत हो गई। आपको बता दें कि, पहली घटना हैदरगढ़ रोड से शिवगढ़ जाने वाली सड़क पर रीवा गांव के पास की है। शिवगढ़ की तरफ से आ रहे बुलेट सवार और रीवा की तरफ जा रहे स्प्लेंडर प्लस में आमने-सामने टक्कर हो गई, हादसे में एक 10 वर्षीय लड़का शिवकुमार समेत रामकुमार (25) पुत्रगण सत्रोहन निवासी असरफाबाद, मनीष (24) पुत्र सुंदरलाल निवासी सुखई का पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए।108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में रामकुमार (25) पुत्र सत्रोहन की मौत हो गई। बताते हैं कि, अशरफाबाद निवासी रामकुमार कि, अभी 6 माह पूर्व ही शादी हुई थी।वहीं दूसरी घटना जिहवा गांव के पास की है। गहरी खाई में रामबाबू (22) पुत्र राम हर्ष निवासी सुखई का पुरवा, जगदीश (55) पुत्र मोहन निवासी कोटवा मदनीया, उमेश कुमार (20) पुत्र रामखेलावन निवासी रवना को गंभीर दशा में राहगीरों ने देखा, जो दर्द से कराह रहे थे।
एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति में सुधार न होता देख, जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# दक्षिणांचल के लोगों से हमारे पारिवारिक रिश्ते- उज्ज्वल रमण सिंह

## शोक संलिप्त परिजन से मिलकर जताया शोक



लोकमित्र ब्यूरो

**खीरी (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे एवं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह द्वारा आज यमुनापार के दक्षिणांचल क्षेत्र का दौरा किया गया और लोगों से मिलकर उनके सुख-दुख में भागीदारी की गई। गंगा पुत्र के नाम से प्रसिद्ध कुंवर रेवती रमन सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह को प्रयागराज लोकसभा का इंडिया गठबंधन द्वारा सांसद प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके तहत उनके समर्थको, सपा कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ।आज भावी सांसद प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह द्वारा सर्वप्रथम लालतारा चौराहे पर उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से मिलकर चुनाव में अभी से की जान लगाने की बात कही गई और बतलाया गया कि इस बार का चुनाव पूंजीपति एवं संविधान को समाप्त करने की मंशा रखने वाले लोगों से है। तत्पश्चात दसौती, चांद खमहरिया,इटवा कला में पुराने नेता इंद्रमणि भूर्तीया के यहां पहुंच गए उनके कुशलक्षेम जाना। ब्लॉक प्रमुख मेजा गंगा प्रसाद पुरादत्तू एवम् रामकैलाश केसरी (बब्बन) के यहां पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया और बतलाया कि दक्षिणांचल के लोगों से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। जब किसी के यहां सुख पड़ता है तो खुद को सुखी महसूस करता हूं और जब किसी के यहां किसी प्रकार का दुख पड़ता है तो मन बड़ा विचलित हो जाता है और प्रभु से यही प्रार्थना की जाती है कि इस कष्ट के समय में पीड़ित परिवार को भगवान अटूट सहन शक्ति प्रदान करें। प्रधान पुष्पराज सिंह, संतोष केसरी, शिवदयाल कुशवाहा, एवं पौशला चौराहे पर पहुंच कर सभी शुभचिंतको एवं कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना और आगामी चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश,उमा शंकर,लल्लन पटेल,सोमदत्त पटेल,किताब अली,प्रमोद पयासी, मासूक अहमद,विजय केसरी,नसीम अहमद,रविन्द्र जैसल,रवि सिंह,गिरिजेश शुक्ला,,रामगोपाल सिंह,प्रकाश मिश्र,विनय कुशवाहा,रामदेव निडर,दिलावर सिंह,योगेंद्र सिंह,खेमराज,दिनेश पटेल, दाले खान, फुरसत अली,नारायण चौहान,राका सेठ सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# अग्नि पीड़ितों से मिले उज्वल रमण



**बारा(प्रयागराज)।** लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह बारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलकरलोगों से संपर्क कर कांग्रेस सपा गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष मतदान करने की अपील की।

इस दौरान वह शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत कल्याणपुर के देवखरिया में आगजनी से पीड़ित परिवार से मिले । उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता राकेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमारे यहां बहुत समस्या है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव को एक सड़क तक नसीब नहीं हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा पिछले दस सालों में मंहगाई अपने चरम पर आ गई है।

शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि गरीब की बात तो दूर मध्यम वर्ग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे सकते। बेरोजगारी चरम सीमा पर है उनके साथ ग्राम प्रधान राम मिलन, संजय सिंह, गुड्डा भाई,

, चंद्रमा प्रसाद त्रिपाठी लाल साहब यादव ब्लॉक अध्यक्ष राजकरन सिंह , अरविन्द मिश्र गुड्डा भाई,कामद प्रताप सिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अपराध निरोधक समिति द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं आयुक्त कमिश्नररेट प्रयागराज तथा पुलिस विभाग पुलिस उपायुक्त यमुना पार एवं प्रदेश जिला सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव जी के आदेश के क्रम में एवं तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी प्रभारी कोराव नरेंद्र देव मिश्र जी के नेतृत्व में कोराव बाजार स्थित जीवन रेखा नर्सिंग होम में एक बैठक की गई जिसमें समस्त वॉलिंटियर एवं कमेटी कमेटी प्रभारी शफात अली एवं डॉक्टर अशोक मिश्रा प्रबंधक जीवन रेखा नर्सिंग होम उपस्थित होकर आम मतदाताओं को मतदान हेतु अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट के इस महापर्व में अमृत कल के उषा कल में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया तथा राष्ट्रहित में अपना मूल्य समय निकालकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा आम जनमानस को यह संदेश देने का प्रयास किया की है कि मतदान के इस महापर्व को सफल बनावे और अधिक से अधिक मतदान करके देश के हित में देश के निर्माण में अपना सहयोग दें अंत में डॉक्टर अशोक मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया बैठक में सभासद सेलू प्रजापति तथा चिदानंद मिश्र अजमेर अली संगम लाल जायसवाल राजेश कुशवाहा रामानुज लखन लाल मुकेश कुमार धरम वीर रविकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से अधेड़ की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी(प्रयागराज )।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम बघोल में बृहस्पतिवार की शाम वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही अधेड़ अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों के मदद से एबुलेश से कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया । जहां गंभीर चोट लगने से डाक्टर ने रिफर कर दिया । जिससे एक स्वजनों ने एक निजी अस्पताल ले गए।जबकि इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई ।

कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोखरा के निवासी पुष्पराज कुशवाहा (48) पुत्र स्वर्गीय भोलानाथ कुशवाहा की शुक्रवार को शाम 6 ―00 बजे नारीबारी की ओर से तेज रफ्तार से चार पहिया वाहन आ रहा था । लेड़ियारी से मध्यप्रदेश के चाकघट थाना क्षेत्र के ग्राम चदई गांव बाइक से अपने बुआ के यहाँ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने मध्यप्रदेश चंदई गांव में अपनी बाइक से जा रहे थे कि खीरी के बघोल पेट्रोल पंप के पास चार पहिया वाहन जोरदार उनकी बाइक में टक्कर मार कर फरार हो गया । जिससे वह सड़क के किनारे गिर गया । सिर में गंभीर चोट आने बेसुध हो गया । स्थनीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलवाकर सीएससी कोराव ले जाया गया जहां जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित किया । मृतक के दो लड़के विनय 20 विनीत 17 वर्ष का है

घटना की जानकारी होने पर स्वजनों और गांव पहाड़ टूट पड़ा । आसपास के लोंगों को जानकारी होने पर भीड़ जुट गई । मृतक की पत्नी अनीता देवी पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है

# अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई पूर्व सीआरपीएफ कर्मी की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम दसौती में पूर्व सीआरपीएफ जवान की अनियंत्रित बाइक होकर दीवार से टकराने पर घटनास्थल पर ही जान चली गई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खूर्द( लालतारा ) निवासी संजय आदिवासी( 45) पुत्र राम दास वर्ष 2004 मे सीआरपीएफ पद पर छह वर्ष तक कार्य कर रिजाइन दे दिए थे । इसके बाद कोहड़ार एनटीपीसी दो वर्ष सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत रहे । फिर नौकरी छोड़कर किसानी के कार्य का देखरेख कर रहे थे । किसी कार्य से खीरी बाजार करने आए हुए थे । वहां से घर वापस जा रहे थे कि दसौती अंधा मोड़ पर तेज रफ्तार से अपाची मोटर साइकिल होने से एक मकान की दीवार में भिंड़ गए ।जहां गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर खीरी प्रभारी आशीष सिंह , पुलिस सहायता केंद्र इंचार्ज गिरीश चंद्र राय अपने हमराही के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । इसकी जानकारी स्वजनों को दी गई मौके पर मृतक के पुत्र विपीन कुमार 13 वर्ष, आनंद कुमार 8 वर्ष पत्नी शीला देवी मौके पर पहुंचकर रो - रो कर बुरा हाल बना हुआ है ।

# शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि बाजरा की संस्तुत संकुल किस्मों आई.सी.एम.वी.-221, धन शक्ति, आई.सी.टी.पी.-8203, राज-171, पूसा कम्पोजिट-383, पूसा कम्पोजिट-701 तथा संकर किस्मों यथा एम.पी. 7792, एम.एच.-1553, 86 एम 84, 86 एम.-52, जी.एच.बी.-526, जी.एच.बी.-558 एवं पी.बी.-180 की बुआई करें। सूरजमुखी में आवश्यकतानुसार हल्की नमी बनाये रखें।

पेड़ी प्रबंधन हेतु रेटून मैनेजमेंट डिवाइस द्वारा ठूठों की छटाई के बाद सिंचाई कर दें। तत्पश्चात पर्याप्त नमी की दशा में उर्वरकों का प्रयोग करें। गन्ने की पत्तियों पर अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट के अंडे दिखने पर पत्ती को तोड़कर नष्ट कर दें जिससे कीट के आगे की पीढ़ी समाप्त हो जाय।

पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका बीमारी (एफ.एम.डी.) एवं पी.पी.आर. बीमारी का टीकाकरण कराया जा रहा है, यह सुविधा पशुचिकित्सालयों पर निःशुल्क उपलब्ध है।

पशुओं को संतुलित आहार के साथ खनिज मिश्रण अवश्य खिलायें एवं नमक का चाटन भी करायें। वर्तमान में अधिक तापमान के दृष्टिगत मत्स्य पालन तालाबों में 5.5-6 फुट तक पानी बनाये रखें।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार शिक्षक घायल




**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल मे शुक्रवार को सुबह आठ बजे साइकिल से शिक्षक पढ़ाने के लिए जा रहे थे कि पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी । जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर बाइक को पुलिस सहायता केंद्र ले गए । वहीं दोनों के इलाज के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि खीरी के नीबी गांव निवासी जगजीवन राम कुशवाहा उम्र 60 वर्ष साइकिल से एसएम पब्लिक स्कूल कैथवल में पढ़ाने जा रहे थे । कि मध्यप्रदेश के थाना चाकघट निवासी कुबरना डीही राहुल उम्र 22 वर्ष लेड़ियारी से तेज रफ्तार से अपने घर जा रहा था कि कैथवल के पेट्रोल पंप के पास पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । जिससे शिक्षक का दाहिना हाथ टूट गया । आनन-फानन लेड़ियारी एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए । जिससे गंभीर चोट होने पर प्रयागराज रिफर कर दिया । जबकि बाइक सवार को भी चोटे लगने से इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है ।

# शैलजा का स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में चयन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी की प्रशिक्षु शैलजा यादव का चयन शूटिंग स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में हुआ है। आर्मी मार्क्समेनशिप यूनिट इन्फैंट्री स्कूल महू में हुये चयन ट्रायल में शैलजा तीसरे स्थान पर रही थीं।

अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल व राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने बताया कि शैलजा विगत दो वर्षों से शूटिंग की अभ्यास कर रही है और इतने कम समय में यह मुकाम हासिल कर लिया है।

शैलजा का चयन भोपाल में 22 से 24 अप्रैल तक होने वाले इण्डियन टीम के ट्रायल के लिये भी हुआ है। परिवार व अकादमी में खुशी की लहर तब दौड पड़ी जब आर्मी से सेलेक्शन लेटर घर पहुंचा। शैलजा के पिता विजली विभाग मे एसडीओ और मां गृहणी है। शैलजा तीन बहने हैं,

जिसमें से दो निशानेबाजी का अभ्यास करती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग 50 बीघा फसल जलकर राख



लोकमित्र ब्यूरो

**जारी(प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझियारी के मजरा बघोलवा से डांडो के बीच शुक्रवार को लगी संदिग्ध परिस्थितियों की आग के चलते दर्जनों किसानों की 50 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने की कड़ी मशक्कत किया, तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक किसानों की लगभग 50 बीघा फसल जल का राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बारा थाना क्षेत्र के हर्रो गांव में कुछ किसानों ने हार्वेस्टर से कटाई करवाने के बाद अपने खेतों में आग लगा दिया था, वह आग फैलते फैलते डंडो गांव होते हुए माझियारी के बघोलवा गांव तक पहुंच गई। लोगों के अनुसार बघोलवा और डांडो गांव के बीच लगी आग इतनी भयानक थी कि, यदि समय रहते आग पर काबू न पाया गया होता तो, पूरा डांडो गांव भी आग की चपेट में आ जाता और भारी नुकसान हो जाता।

# भानु प्रताप और फाफामऊ क्लब को मिली जीत

## संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब ने श्री सहायक क्लब को सात विकेट और फाफामऊ क्लब ने रिजवी एजुकेशनल ग्रुप को छह विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

दौलत हुसैन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में श्री सहायक क्लब में टॉस जीतकर 16.1 ओवर में 139 रन (वर्तुल शुक्ला 36, बालकेश कुमार 28, निखिल शर्मा 20, अमन मिश्र 3/09, दिव्यांश यादव 2/07, सुव्रत प्रसाद तिवारी 2/27, अक्ष श्रीवास्तव 2/34) बनाए जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 145 रन (राहुल निषाद 46, नाबाद शुभम गुप्ता 46, अखिल कुमार कश्यप 28, बालकेश कुमार गुलशन वर्मा व अश्वनी तिवारी एक-एक विकेट) बना लिए राहुल को रेलवे के पूर्व क्रिकेटर शैलेंद्र श्रीवास्तव ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में रिजवी एजुकेशनल ग्रुप में 14.4 में 82 रन (विवेक कुमार 18 रोशन सिंह 16, अश्वनी दुबे 3/18, ध्रुव प्रताप सिंह 3/25, प्रियांशु यादव 2/06) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 7 ओवर में चार विकेट पर 85 रन (अनुज सिंह परिहार 21 नाबाद, यादवेंद्र सिंह 19 नाबाद, जहुरुल 2/23, रवि भारती 2/30) बना लिए। ध्रुव प्रताप सिंह को पूर्व विजी ट्रॉफी क्रिकेटर एवं उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम के मैनेजर मोहम्मद राशिद ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में कल दौलत हुसैन कॉलेज का मुकाबला भानु प्रताप सिंह क्लब से होगा।

# नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा कर दबंग कर रहा निर्माण

## दबंग माफिया के सामने नगर प्रशासन दिख रहा है बेबस



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में दबंग माफिया नगर पंचायत की करोड़ों की कीमत की जमीन पर बने मकान पर कब्जा कर अवैध मकान का निर्माण कर रहा है नगर वासियों ने इस दबंग माफिया के खिलाफ नगर प्रशासन से लेकर जिले के आला अधिकारियों से कई मर्तबा शिकायत कर चुके हैं लेकिन इस माफिया दबंग के खिलाफ नगर पंचायत के जिम्मेदारों सहित जिले के आला अधिकारी बेबस दिख रहे हैं इसी का नतीजा है कि यह दबंग माफिया नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज मकान पर कब्जा कर उसमें अवैध मकान का निर्माण कर रहा है शुक्रवार की दोपहर नगर पंचायत के कर्मचारियों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उनके होश फना हो गए आनन फानन में नगर पंचायत के कुछ नुमाइंदे मौके पर जा पहुंचे वह भी वहां का नजारा देख चौंके बिना नहीं रह सके इस पूरे मामले में कार्यवाही के नाम पर नगर प्रशासन के कर्मचारी खुद को बेबस महसूस करते नजर आए

यही कारण है कि फौरी पड़ताल के बाद उल्टे पांव वापस लौट गए बता दे की नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज वार्ड नंबर 13 नगर में यह मकान के अवैध निर्माण को लेकर नगर वासियों ने नगर प्रशासन से लेकर जिले के आला अधिकारियों से कई मर्तबा शिकायत कर चुके हैं

लेकिन उनकी शिकायत पर तनिक भी तवज्जो नहीं दिया गया ऐसे में सवाल यह है कि आखिरकार नगर प्रशासन इस दबंग माफिया पर कार्यवाही से क्यों कतरा रहा है

सूत्रों का कहना है कि कथित माफिया ने नगर प्रशासन को अपने झांसे में ले रखा है जिसके चलते नगर प्रशासन ही नहीं तहसील के नुमाइंदे भी इस पर कार्यवाही करने से खुद को बेबस महसूस कर रहे हैं।'

# नॉर्दन एवं फाफामऊ गोलरहित मैच ड्रा

## वीबीपीएस को पूर्ण अंक, "गोल" अन्डर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग के दूसरे मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी एवं फाफामऊ बॉयज को एक कड़े मुकाबले का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा।अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार दोनों टीमों को एक एक अंक प्राप्त हुए जबकि दिन के दूसरे मैच में विष्णु भगवान ने नैनी बॉयज को 1-0 से हराकर लीग मैच में पूर्ण अंक प्राप्त किये। आयुष प्रजापति के पास पर स्वास्तिक ने यह गोल किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार अमन एवं स्वास्तिक को मिला।

### एलोपैथी पर टिप्पणी का मामला

# बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- सभी शिकायतकर्ताओं को बनाएं पक्षकार

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाईयों को लेकर की गईं कथित टिप्पणियों के मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को उनके खिलाफ शिकायत करने वाले सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है।



### बाबा रामदेव के बयान के खिलाफ दर्ज हुईं कई शिकायतें

पटना और रायपुर के आईएमए ने साल 2021 में बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि बाबा रामदेव की कथित टिप्पणियों से लोगों को एलौपैथिक दवाईयों से मोहभंग हुआ और लोगों ने सही से इलाज नहीं कराया। इसकी वजह से भी कोरोना को नियंत्रित करने में भी परेशानी हुई। बाबा रामदेव की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कहा। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है।

बिहार सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। बाबा रामदेव ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार, बिहार सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और आईएमए को पक्षकार बनाया हुआ है। बाबा रामदेव ने साल 2021 में अपने एक बयान में कहा था कि वे एलोपैथिक दवाओं पर विश्वास नहीं करते हैं। बाबा रामदेव के बयान से नाराज होकर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। योग गुरु ने अपने खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही की जांच पर रोक लगाने की मांग की है।

### दावा- कोरोनिल से पतंजलि ने कमाए हजार करोड़ से ज्यादा

बाबा रामदेव के बयान के बाद देश में एलोपैथी बनाम आयुर्वेद की बहस शुरू हो गई थी और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने भी बाबा रामदेव के बयान पर आपत्ति जताते हुए इसे गलत बताया था। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने दावा किया है कि कोरोना के दौरान कोरोनिल दवाई बेचकर बाबा रामदेव की कंपनी ने हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, जबकि ये दवाई को किसी प्रतिस्पर्धी अथॉरिटी से मंजूरी भी नहीं मिली थी।

# '48 बार घर के बने भोजन में से केवल तीन बार आम आया', केजरीवाल ने ईडी के दावे का किया खंडन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपने शुगर स्तर की नियमित जांच और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने नियमित डॉक्टर से परामर्श की याचिका पर सुनवाई हो रही है। इससे पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपना जवाब दाखिल किया था। आज सुनवाई के दौरान राउस एवेन्यू कोर्ट के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस दावे का खंडन किया है कि वह अपना ब्लड शुगर बढ़ाने और मेडिकल आधार पर जमानत हासिल करने के लिए आम खा रहे हैं।



केजरीवाल के वकील ने शुक्रवार को न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष प्रस्तुत किया कि जेल में भेजे गए 48 बार घर के बने भोजन में से केवल तीन बार आम भेजे गए थे। वहीं, केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने कहा कि 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया है।

ईडी की तरफ से पेश हुए वकील जुहैब हुसैन ने गुरुवार को कोर्ट को बताया था कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाइयां खा रहे थे और चीनी के साथ चाय ले रहे थे ताकि उनके रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाया जा सके और इसे चिकित्सा आधार पर जमानत हासिल करने के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

हुसैन ने कहा केजरीवाल अदालत की हिरासत में हैं। वह हमारे मामले के कारण हिरासत में हैं। चिंता का कारण यह है कि उन्हें घर का बना खाना खाने की अनुमति दी गई थी क्योंकि उन्होंने दावा किया था कि उन्हें उच्च मधुमेह है। लेकिन वह आम, मिठाई और चाय के साथ चीनी खा रहे हैं। यह जमानत के लिए आधार तैयार करने का एक आधार है। हुसैन ने कहा कि विवरण तब पता चला जब एजेंसी ने तिहाड़ जेल को पत्र लिखकर केजरीवाल के आहार और उनके द्वारा ली जा रही दवाओं के बारे में जानकारी मांगी।

# नागपुर में डिप्टी CM फडणवीस ने परिवार के साथ डाला वोट, लोकसभा चुनाव से हटे राकांपा के छगन भुजबल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि यह लोकतंत्र का महोत्सव है और इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना सभी के लिए आवश्यक है और निश्चित रूप से लोग बड़े पैमाने पर मतदान करेंगे। मतदान करने के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि लोकतंत्र का महोत्सव शुरू हो चुका है। अभी-अभी मैंने, मेरी पत्नी, मेरी मां और मेरे परिवार ने मतदान किया। मैं जनता से अपील करता हूं कि मतदान करें, लोकतंत्र को मज़बूत करें, लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी हिस्सेदारी दर्ज करें।



### पहले चरण में महाराष्ट्र की इन सीटों पर वोटिंग

- रामटेक (एससी)
- नागपुर
- भंडारा-गोंदिया
- गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी)
- चंद्रपुर

### छगन भुजबल चुनाव नहीं लड़ेंगे

महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल, जो नासिक सीट से पार्टी के संभावित उम्मीदवार थे। लेकिन अब उन्होंने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। तीन पार्टियों के बीच सीट बंटवारे के विवाद के बीच महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन (बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी) का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत अधिक समय बीत चुका है क्योंकि और देरी से सीट पर महायुति की संभावनाओं पर असर पड़ेगा।

### नागपुर लोकसभा चुनाव

महाराष्ट्र से केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की नजर नागपुर सीट से लगातार तीसरी जीत पर है। 2014 के चुनावों में उन्होंने सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों के अंतर से हराया। उन्होंने 2019 में तत्कालीन महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों के अंतर से हराकर अपनी स्थिति बरकरार रखी।

## ब्रह्मोस मिसाइलों का पहला सेट फिलीपींस रवाना, दो साल पहले हुआ था 375 मिलियन डॉलर का सौदा

**नई दिल्ली।** भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों का पहले सेट फिलीपींस रवाना कर दिया गया है। दोनों देशों के बीच 2022 में इस हथियार प्रणाली को लेकर 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा हुआ था। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) मिसाइलों के साथ अपना C-17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान फिलीपींस भेज रही है। मिसाइलों को फिलीपीन मरीन कॉर्प्स को सौंपा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि हथियार प्रणालियों को समुद्री मार्ग से भी पहुंचाया गया था, जहां मालवाहक जहाजों को किराए पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि मिसाइलों के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए जमीनी प्रणाली का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हो गया था।

# यह मतदान का आनंद लेने का समय, संदेह करने का नहीं: ईसीई कुमार

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरुआत आज हो गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हो रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर तमाम नेता मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे हैं। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी लोगों से बढ़-चढ़कर वोट डालने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि भले ही बारिश क्यों न हो, पर बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं, यह देखकर अच्छा लगता है। आइए जानते हैं पहले दौर के चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने और क्या कुछ कहा।



### भले ही बारिश क्यों न हो रही हो

बिगड़ते मौसम और लंबी कतारों पर कुमार ने कहा कि मतदान डालने के लिए देश के लोगों में जो उत्साह है उसे देखकर वाकई खुशी महसूस होती है। उन्होंने कहा, 'हमें कई जगह से खबर मिल रही है कि बारिश हो रही है। भले ही बारिश क्यों न हो रही हो, लेकिन लोग बड़ी संख्या में वोट डालने के लिए बाहर आ रहे हैं। महिलाएं, युवा, बूढ़े हर कोई मतदान केंद्र जाता दिख रहा है। यह देखना बहुत अच्छा है कि लोग लोकतंत्र के लिए आगे बढ़ रहे हैं।'

### ईवीएम 100 फीसदी सुरक्षित

विपक्षी दलों द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाए जाने पर राजीव कुमार ने कहा, 'यह मामला अब सुलझ गया है। यह 100 फीसदी सुरक्षित है। यह बात सुप्रीम कोर्ट में भी उठाई गई है लेकिन मशीनों का कुछ नहीं हो सकता। मॉक पोल हो चुका है। यह मतदान का आनंद लेने का समय है, किसी भी चीज पर संदेह करने का नहीं।'

# कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर हंगामा, भाजपा ने सरकार को घेरा, सत्ता दल ने किया पलटवार

**बंगलूरू।** हुबली के बीवीबी कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर राजनीति जारी है। यह मुद्दा कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान में तब्दील हो गया है। भाजपा राज्य सरकार पर लगातार निशाना साध रही है। उसका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था नहीं है, जबकि सत्तारूढ़ दल का कहना है कि हर मामले पर राजनीति करना जरूरी नहीं है। छात्रा की हत्या पर हुबली-धारवाड़ पुलिस कमिश्नर रेणुका सुकुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।उन्होंने कहा, 'इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी को भी एक घंटे के भीतर पकड़ लिया गया था। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह बहुत गंभीर मामला है और हम जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान सब कुछ सामने आ जाएगा।'

कई जगह हो रहे विरोध- प्रदर्शन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और हिंदुत्व संगठनों से जुड़े अन्य संगठनों ने न्याय की मांग करते हुए विरोध- प्रदर्शन किया और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। कई अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के विरोध- प्रदर्शन की खबरें हैं।

### लव जिहाद होने का संदेह

केंद्रीय मंत्री और धारवाड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने संदेह जताया कि इस घटना के पीछे लव जिहाद हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति बंद करने और एक समुदाय विशेष के साथ विशेष व्यवहार करने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ रही है.

### इसलिए मारा चाकू

हालांकि, गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि अभी तक 'लव जिहाद' का कोई पहलू नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरी जानकारी के मुताबिक वे दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। बताया जा रहा है कि लड़के ने लड़की को चाकू मार दिया क्योंकि उसने उससे दूरी बनाने की कोशिश की थी। लव जिहाद का पहलू अभी नजर नहीं आ रहा है। उसे डर था कि वह किसी और से शादी कर सकती है, लेकिन अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है।'

तुमकुरू में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं तो भाजपा नियमित रूप से कांग्रेस पर आरोप लगाती है जो सही नहीं है। सरकार कानून के अनुसार ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करेगी, लेकिन चुनाव के समय हर चीज को राजनीतिक पहलुओं से देखना सही नहीं है। वे (भाजपा) एक निश्चित तरीके से जांच करने और कुछ धाराओं को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकते। सबूतों के आधार पर पुलिस धाराएं लगाएगी।

### कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य

सीएम सिद्धारमैया ने कहा, 'जो भी हत्या हुई वह व्यक्तिगत कारणों से हुई। कर्नाटक में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है। हम फिर से आपको बता दें कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।'

### कानून सभी के लिए अपना काम करेगा

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, 'भाजपा यह दिखाकर धमकाने की कोशिश कर रही है कि कर्नाटक में कानून व्यवस्था नहीं है। कर्नाटक में सबसे अच्छी कानून व्यवस्था है। वे सिर्फ मतदाताओं को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि वे राज्य में राज्यपाल शासन लगाने जा रहे हैं। वे ऐसा नहीं कर सकते। कानून सभी के लिए अपना काम करेगा।'

### पिता ने यह कहा

कांग्रेस पार्षद और मृतका के पिता निरंजन हीरेमठ ने कहा, 'मेरी बेटी जब कॉलेज से लौट रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और उस पर सात बार चाकू से वार किया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मेरी बेटी की हत्या इसलिए की गई क्योंकि उसने आरोपी के प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। घटना होने से पहले हमने आरोपी से बात की थी, जहां हमने उसे समझाया कि हम हिंदू हैं और तुम मुस्लिम हो, इसलिए तुम्हें शादी करने की अनुमति नहीं दे सकते।' हुबली से यह सनसनीखेज बीते गुरुवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर युवती को प्रपोज किया था। लेकिन छात्रा ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

# मतदान के दौरान गोलीबारी, राजनीतिक दलों के एजेंटों की मिली धमकी, नाराज मतदाताओं ने की तोड़फोड़

**इंफाल।** आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान दो पूर्वी और तीन पश्चिमी इंफाल के कुल पांच मतदान केंद्रों से गोलीबारी की घटना सामने आई है। बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थामनापोक्पी में एक हथियारबंद व्यक्ति ने मतदान केंद्र के पास हवा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए वहां मौजूद मतदाता डर से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया।



### अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की फायरिंग

अज्ञात हथियारबंदों ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंटों को धमकी भी दी। पश्चिमी इंफाल जिले के उरीपोर और इरोइशेम्बा में हथियारबंद लोगों ने एजेंटों को मतदान केंद्र के परिसर से चले जाने के लिए कहा। इस धमकी से नाराज इरोइशेम्बा के मतदाताओं ने मतदान केंद्र में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे।

### मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प

पूर्वी इंफाल जिले के कीराव निर्वाचन क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने हवा में फायरिंग भी की। शुक्रवार की सुबह खोंगमान जोन 4 में मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प हो गई। कुकी बहुल विधानसभा क्षेत्रों में एक बजे तक बहुत ही कम मतदाता मतदान करने आए। एक अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले के सैतु और सैकुल निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः 13.22 प्रतिशत और 8.58 प्रतिशत मतदान हुआ। चुराचांदपुर में 43.67 प्रतिशत मतदान हुआ। नागा और कुकी बहुल चंदेल निर्वाचन क्षेत्र में 68.63 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, मैतेई बहुल आउटर मणिपुर के क्षेत्रों में कुकी बहुल क्षेत्रों की तुलना में अधिक मतदान दर्ज किया गया।

# 'ऐसा होगा, मैंने उम्मीद नहीं की थी', ईरान द्वारा जब्त जहाज से लौटी महिला क्रू ने बताई आपबीती

**त्रिशूर।** बीते दिनों ईरान द्वारा बंधक बनाए गए जहाज की महिला क्रू सदस्य एन टेसा जोसेफ हाल ही में भारत लौट आई हैं। एना ने अपनी सुरक्षित वापसी के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय को धन्यवाद दिया और ये भी कहा कि भारत सरकार अन्य सदस्यों को भी छुड़ाने की कोशिश कर रही है। एन टेसा जोसेफ ने विदेश मंत्रालय को दिया धन्यवाद एन टेसा जोसेफ ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि 'मुझे कई लोगों को धन्यवाद देना है। सबसे पहले इतनी जल्दी रिहाई के लिए मैं विदेश मंत्रालय की आभारी हूं और इसके अलावा उन लोगों की , जिन्हें मैं नहीं जानती, लेकिन उन्होंने मेरी रिहाई में मदद की। मैं उन सभी को धन्यवाद देती हूं।' जोसेफ ने कहा कि 'मैंने कभी ऐसी उम्मीद नहीं की थी कि ऐसा कुछ होगा। मुझे पता था कि



लड़ाई चल रही है, लेकिन ऐसा होने की उम्मीद नहीं थी। हमारा जहाज जब्त किया गया, लेकिन जिन लोगों ने जहाज जब्त किया, उन्होंने पूरे क्रू का अच्छे से ख्याल रखा। खाने आदि की कोई दिक्कत नहीं हुई। हम मेस में खाना बना सकते थे, लेकिन खाना खाने के बाद वापस अपने केबिन में जाना होता था। उन्होंने हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।'

जोसेफ ने कहा कि 'जहाज पर मेरे समेत केरल के चार लोग थे। अब 16 भारतीय अभी भी वहां हैं। जब कल उन्होंने भारतीय अधिकारियों से बात की तो उन्हें बताया गया था कि जल्द ही बाकी लोगों को भी छोड़ दिया जाएगा। क्रू सदस्यों की रिहाई के लिए भारत सरकार कड़ी मेहनत कर रही है। ईरान स्थित दूतावास लगातार जहाज पर मौजूद भारतीय क्रू के संपर्क में है। क्रू सदस्यों की सेहत ठीक है और वो लोग अपने परिजनों के संपर्क में हैं।'

### इस्रइल-ईरान के बीच तनाव जारी

इस्राइल और ईरान के बीच तनाव गहराया हुआ है। ईरान का आरोप है कि दमिश्क में उसके दूतावास पर हुए हमले के पीछे इस्राइल है। उस हमले में ईरानी सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। इस हमले से नाराज होकर ईरान ने ओमान की खाड़ी से गुजर रहे एक इस्राइली जहाज पर कब्जा कर लिया था। इस जहाज पर मौजूद क्रू में 17 भारतीय थे, जिनमें से एक महिला क्रू सदस्य एन टेसा जोसेफ की सुरक्षित वापसी के बाद अब क्रू के 16 सदस्य ईरान के कब्जे में हैं। बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर जबरदस्त हवाई हमला भी किया। हालांकि इस हमले में इस्राइल को खास नुकसान नहीं हुआ और उसकी हवाई सुरक्षा व्यवस्था ने अधिकतर हमलों को नाकाम कर दिया। हालांकि इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच युद्ध की आशंका बढ़ गई है। अब खबर आ रही हैं कि इस्राइल ने ईरान पर हवाई हमला किया है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ईरान के एयरपोर्ट्स पर धमाकों की आवाज सुनी गई है।

# अवैध गेमिंग के कारण सरकार को 20897 करोड़ का नुकसान, यूजर्स को भी चपत

**नई दिल्ली।** अवैध सट्टेबाजी और जुए से जुड़ी विदेशी कंपनियों से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में सरकारी खजाने के हर साल 2.5 अरब डॉलर (20,897.08 करोड़ रुपये) का भारी नुकसान हो रहा है। गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने केंद्र सरकार से ऐसे अवैध विदेशी मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



एआईजीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोलैंड लैंडर्स ने कहा, विदेशी कंपनियां अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं। इससे उपयोगकर्ता वैध और अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते हैं। इस तरह, अवैध सट्टेबाजी और जुए से जुड़ी विदेशी कंपनियां उपयोगकर्ताओं को चपत लगा रही हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, विदेशी अवैध सट्टेबाजी और जुआ मंच एक साल में 12 अरब डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये) की रकम जुटा रहे हैं। इसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में सालाना कम-से-कम 2.5 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है।

### जीएसटी-टीडीएस पर बेबाकी से प्रचार

संगठन के सीईओ ने कहा, विदेशी अवैध गेमिंग कंपनियों ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में तेजी से बढ़ोतरी की है। इनमें कई कंपनियां इतनी हिम्मत दिखा रही हैं कि अपने मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रही हैं। लैंडर्स ने कहा, विदेशी कंपनियां अक्सर उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। वे वैध और अवैध गेमिंग कंपनियों के बीच भ्रमित हो जाते हैं। उपयोगकर्ताओं को इनके चंगुल से बचाने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी है।

### एसआरओ मॉडल से खतरे को रोकने में मिलेगी मदद

गेमिंग निकाय का कहना है कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए। विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं है। एसआरओ जैसी संस्था के जरिये जांच से वैध और अवैध मंचों के बीच अंतर करने में मदद मिल सकती है।

### आवेदन की अब तक कोई अपडेट जानकारी नहीं

सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका। उद्योग से जुड़ी कुछ कंपनियों ने इसकी स्थापना के लिए आवेदन किया था। लैंडर्स ने कहा, एआईजीएफ को कंपनियों की ओर से दिए आवेदन पर अपडेट जानकारी नहीं मिली है।

## संक्षेप

### जनपद पहुंचे व्यय प्रेक्षक धौरहरा सुमित बेसरा

लखीमपुर–खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र–29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आई.आर.एस. आफिसर सुमित बेसरा जनपद पहुँच गये हैं। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 9532608140 है। व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह (एलआरपी) के कक्ष संख्या 02 में ठहरे हुए हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रातः 10:30 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते है।

### ईवीएम व वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न प्रक्रियों को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम एवम् वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम एवम् वीवी पैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के मौजूद रहे। इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम एवम् वीवी पैट वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री स्वाति शर्मा सहित समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अपर स्वास्थ्य निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

अयोध्या। अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ सुशील प्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का में निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई दुरुस्त रखने एवं जहां खामियां मिली वहां सुधार करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी गैर हाजिर मिले। लैब टेक्नीशियन राजेंद्र कुमार और लैब सहायक अमरचंद के बगैर सूचना के गैर हाजिर रहने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा डॉ प्रतीक्षा वर्मा एवं सुरेश चंद्र के अनुपस्थित रहने के संबंध में उन्हें बताया गया कि दोनों लोग अवकाश पर हैं। अपर स्वास्थ्य निदेशक द्वारा गर्मी और बदलते मौसम लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए चार बेड का सुरक्षित रूम बनाए जाने का निर्देश दिया। जहां पर आपातकाल स्थिति में हीट स्ट्रोक लू और गर्मी से पीड़ित मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और राहत उपलब्ध हो सके। अस्पताल के ओपीडी हाल में कूलर और पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था किए जाने का भी निर्देश दिया। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। जलालपुर माफी गांव पहुंचकर स्वास्थ कार्यक्रम की सच्चाई परखी गई। अपर स्वास्थ्य निदेशक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक–ठाक मिला है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, चिकित्सक संत कुमार मौर्य, धर्मेंद्र रंजन, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

### ज्योत्सना मिश्र का निधन अयोध्या धाम में शोक की लहर

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य व राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र की धर्म पत्नी और वरिष्ठ साहित्यकार यतींद्र मोहन मिश्र की माताश्री राज माता ज्योत्सना मिश्र का निधन ब्रेन हेमरेज होने की वजह से कई दिनों से लखनऊ में थी भर्ती लखनऊ के एक निजी अस्पताल में हुआ निधन। राज परिवार व अयोध्या धाम में शोक लहर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने राजमाता के निधन से गहरा दु:ख प्रगट किया है वहीँ निधन की खबर सुनकर श पेज3 न्यूज वर्ल्ड वाइड के एडिटर इन चीफ डॉ परमेन्द्र सिंह ने भी दु:ख प्रगट करते हुवे राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र की धर्मपत्नी ज्योत्सना मिश्र के प्रति शोक प्रगट करते अपनी श्रद्धांजलि दी है।

### भीम शुक्ला विचार विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नियुक्त

अयोध्या। कांग्रेस नेता भीम शुक्ला को विचार विभाग प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया भीम शुक्ला की नियुक्ति विचार विभाग प्रकोष्ठ के चेयरमैन संपूर्णानंद ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति से की।भीम शुक्ला इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्षवेद सिंह प्रवीण श्रीवास्तव ,उमेश उपाध्याय, सेवादल अध्यक्ष बसंत मिश्रा ,सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सियोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह ,अशोक राय, फ्लावर नकवी ,कवींद्र साहनी, रामसागर रावत, राम अवध पासी, आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### अयोध्या में अबतक बनाए गये 2,57,660 स्वच्छ शौचालय

अयोध्या। श्रीराम नगरी अयोध्या में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलायी जा रही ओडीएफ प्लस योजना काफी लाभप्रद साबित हो रही है। केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत वर्ष 2012 से मार्च 2024 तक अयोध्या जिले के 2,57,660 घरों को ओडीएफ योजना के तहत आच्छादित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने व ग्रामीणों को खुले मे शौच करने से रोकने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से वर्ष 2012 में केन्द्र सरकार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्रामीणों को शौचालय का निर्माण करने के लिए स्वच्छ शौचालय योजना के तहत निर्माण राशि उपलब्ध कराई थी। हालांकि पहले यह राशि काफी कम थी किन्तु बाद में सरकार ने निर्माण राशि को बढ़ा दिया था।इसका प्रतिफल यह रहा कि अयोध्या जनपद में यदि देखा जाय तो वर्ष 2012 से लेकर अब तक अयोध्या जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 2,57,660 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण हो चुका है। जिले के अधिकांश गांव ओडीएफ घोषित हो चुके हैं।

# खीरी पहुंचे धौरहरा लोस क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक, ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों की बैठक ली और प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक

सुमित बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीडीओ/रिटर्निंग अधिकारी 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र अनिल कुमार सिंह ने जनपद में निर्वाचन सबंधी अबतक की गई तैयारियों के बारे में बताया। उन्होने जनपद की भौगोलिक स्थिति, मतदेय स्थलों, मतदान केंद्रों की जानकारी दी। प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारियों को निष्पक्ष कार्य करने के साथ आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने अबतक की गई तैयारियों को संतोषजनक बताते हुए वीडियोग्राफी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वीडियो रिकार्डिंग को सुरक्षित रखा जाए। व्यय लेखा टीमों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यय लेखा जोखा सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जाए। प्रत्याशियों के खर्चे का मदवार रिकार्ड रखा जाए।

व्यय प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय से उड़नदस्ता टीम के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि टीमों को जो भी कार्य दिए गए हैं, उन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ के निर्वहन करें। यदि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तत्काल उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाए। एमसीएमसी कमेटी, पेड न्यूज की निगरानी, सोशल मीडिया निगरानी टीम के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय, एआरओ एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, विनीत उपाध्याय, राजेश कुमार, 147_हरगांव से एआरओ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, 145_महोली से एआरओ एसडीएम अभिनव यादव, प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी) एसडीएम रेनू मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद र

## व्यय प्रेक्षक ने सीडीओ के साथ किया इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## अयोध्या रायबरेली हाइवे पर एक्सीडेंट, कार ट्रक में घुसी, एक महिला की मौत, इलाज करने जा रही थी लखनऊ

लोकमित्र ब्यूरो

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराते हुए खड़ी ट्रक में जा घुसी, कार में बैठी 65 वर्षीय शोभा श्रीवास्तव की मौत हो गई। मृतक अपने नाती अभी के साथ इलाज कराने लखनऊ जा रही थी तभी हादसा हुआ। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या के थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासिनी शोभा श्रीवास्तव पत्नी नरेंद्र श्रीवास्तव (65) अपने नाती अभी श्रीवास्तव (22) के साथ कार यूपी 32 एमएच 9832 से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से लखनऊ इलाज करने जा रही थी। हलियापुर थाना क्षेत्र कूरेभार तिराहे के पास हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सामने खड़ी ट्रक में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर कर चालक अभी श्रीवास्तव तथा उनकी दादी शोभा श्रीवास्तव को कार से किसी तरीके से बाहर निकाल कर उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया जहां पर तैनात डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची थाना कुमारगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मृतक महिला के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कई बीघा खेतों में लगी आग फसल जलकर राख


**अयोध्या।** गर्मी के मौसम में आग लगने का सिलसिला काफी तेज हो गया है इसी क्रम में बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्रामपंचायत भैरपुर टिकरा गांव में अज्ञात कारण से लगी आग से सोलह बीघा गेहूं दिनेशयादव पुत्र बाबूराम, एवं विजय तीनो भाइयो सहित एक बीघा टमाटर हरीलाल निषाद पुत्र सियाराम का शुक्रवार को दिन मे लगभग बारह बजे के आसपास अज्ञात कारण से लगी आग से फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना जैसे फायरब्रिगेड टीम बीकापुर को मिली फायरब्रिगेड टीम उमेश चंद मिश्रा संदीपकुमार मोनू कुमार मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत किए जाने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वही स्थानीय लेखपाल अनूप कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच कर नुकसानी आकलन करके तहसील प्रशासन को सहायर्थ के लिए अपनी रिपोर्ट भेजने कीबात कही है। पीड़ित ने बताया कि इस आग की घटना से लगभग लाखो के ऊपर का नुकसान हुआ है ।

## धौरहरा से दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए चतुर्थ चरण में खीरी व धौरहरा संसदीय सीट के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को 29_ धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नरसिंह और पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 04 अभ्यर्थियों ने सात सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। 28_खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। वही चार व्यक्तियों ने सात सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए।

बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन



आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

### खीरी और धौरहरा से चार-चार लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से चार-चार व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। दूसरे दिन धौरहरा संसदीय क्षेत्र से दो नामांकन पत्र दाखिल हुए, जबकि खीरी संसदीय क्षेत्र से कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

## शुक्रवार को चार घरों की ग्रहस्थी के साथ 12 एकड गेहूं भी जलकर हुआ स्वाहा



लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** होली के बाद से पछुआ हवाओं के तेज थपेड़ो से होने वाली आगजनी की घटनाओं में लगातार इजाफा होता दिख रहा है।लगभग एक पखवाड़े से क्षेत्र में डेरा डाले अग्निदेव का तांडव बराबर जारी है।अज्ञात कारणों से धधकीं चिंगारी द्वारा सैकड़ों हेक्टेयर गेहूं फसल व सैकड़ों आशियाने जलकर खाक हो गए। हालांकि तहसील प्रशासन आगजनी से प्रभावित परिवारों को फौरी तौर पर राहत देने का प्रयास कर रहा है। लेकिन शासन द्वारा देय सामग्री ऊंट के मुह में जीरा साबित हो रहा है।

होली त्योहार के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदलने के साथ साथ तराई क्षेत्र में हो रहे 20-20 मैच में अग्निदेव द्वारा नाट आऊट पारी के साथ पछुआ हवाओं के तेज थपेड़ो ने एक पखवाड़े के भीतर हजारों एकड गेहूं की फसल व सैकड़ों लोगों के आशियानों को जलाकर भस्म करने के साथ अभी तक मैदान में पूरी मुस्तैदी से बैटिंग करते नजर आ रहे हैं।ताजा मामला शुक्रवार दोपहर क्षेत्र के नारी बेहड गांव में अज्ञात कारणों से चार घरों की ग्रहस्थी के साथ दो बकरी व 72 हजार की नगदी जलने की घटना व क्षेत्र के ही नगरिया में भी अज्ञात कारणों से धधकीं चिंगारी द्वारा लगभग 12 एकड गेहूं की फसल स्वाहा हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची बताया जाता है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी स्टार्ट न होने से ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। हालांकि तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में रोजाना हो रही आगजनी की घटनाओं से नुक़सान का आंकलन कराने में सफल हो रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम बालक की मौत

**जाना बाजार- अयोध्या।** कंपोजिट विद्यालय नेतवारी चतुरपुर के पास सड़क पार कर रहे 6 वर्षीय मासूम बालक को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया । जोरदार टक्कर लगने से बालक की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है ।

दुर्घटना तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय नेतवारी चतुरपुर के पास सड़क की है । जहां शुक्रवार को ग्राम पंचायत पारा गरीब शाह के मजरे पांडेय का पुरवा निवासी अमित मिश्रा पुत्र रामबचन मिश्रा उम्र लगभग 6 वर्ष आंगनबाड़ी केंद्र नेतवारी पर गया था । बताया गया है कि बालक के पिता स्कूल में गड्ढा निर्माण के लिए खुदाई का कार्य कर रहे थे । दोपहर में अपने पिता के साथ ठेला के पीछे पीछे घर जा रहा था । इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने बालक को जोरदार टक्कर मार दिया और फरार हो गया । घटना में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।

## जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी सभी बनेंगे पन्ना प्रमुख :ओम प्रकाश

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** पार्टी द्वारा सांगठनिक स्तर पर हर घर-हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क को लेकर पार्टी ने वृहद स्तर पर तैयारियां की हैं। तैयारियों को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। तीन बार सम्पर्क अभियान को लेकर बूथ समिति के 6 सदस्यों को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। मतदाता सूची प्रमुख, लाभार्थी सम्पर्क प्रमुख, व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख, महिला सम्पर्क प्रमुख, प्रभावी मतदाता सम्पर्क प्रमुख बनाए गए हैं। 12 से 15 परिवार के वोटरों का एक पन्ना है जिसमें 60 मतदाता है। जिन पर एक पन्ना प्रमुख बनाया गया है। 22 से 25 अप्रैल तक शक्ति केन्द्रों पर बूथ समिति का बैठक किया जाएगा। जिसमें बूथ समिति को उनके कार्य बताए जाएंगे। 3 मई से 7 मई तक पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यों के लिए सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को लगाया गया है। विभिन्न मोर्चों को विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।लोक सभा सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ समिति तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा हर घर - हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य करना है। इसके लिए बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यों के बारे में सम्मेलन में बताया जाएगा। जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल पदाधिकारियों को भी पन्ना प्रमुख बनाया गया है। जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने कहा कि बूथ पर होने वाले 20 कार्यों के बारे में बूथ समिति तथा मोर्चा के पदाधिकारियों से समन्वय के आधार पर पूर्ण करने है। हर बूथ पर पिछले चुनाव से अधिक वोट प्राप्त करना है। बैठक में सियाराम कन्नौजिया, शैलेन्द्र कोरी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, तिलकराम मौर्या, इंद्रभान सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चित्रगुप्त भगवान के प्रकटोत्सव पर सरयू तट पर हुई महाआरती

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** कल कल करतीं मां सरयू की पावन लहरों के बीच सुगंधित धूप दीप के साथ सजी आरती चित्रगुप्त भगवान के प्रकटोत्सव की आभा को और भी मनोहर बना रही थीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई महा आरती समूचे वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। मौका था अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर आयोजित महाआरती का। पारंपरिक परिधानों में सजे धजे सजे धजे आचार्यों ने विधिपूर्वक पूजन अर्चन कराया। जिले में पहली बार हुए इस आयोजन में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी निभाई। महाआरती का श्री गणेश महंत विमल कृष्ण दास ने वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू किया। सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति की गई। तत्पश्चात महा आरती का आयोजन हुआ। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में समाज के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रकटोत्सव के अवसर पर संस्थान ने विधायक , महापौर,भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, समेत कायस्थ समाज के वरिष्ठ जनों और बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। यही नहीं इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सहयोगियों का भी संस्थान ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव, सेवानिवृत्ति जिला पूर्ति अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, आरसी निगम,भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा , पार्षद अर्चना श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव,पार्षद निखिल श्रीवास्तव,पूर्व नगर अध्यक्ष रवि सोनकर, सचिन सरीन, निशांत गुप्ता चेतन, पार्षद अर्जुन यादव सोमू,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव का यह पहला सफल कार्यक्रम है। संगठन का प्रयास रहेगा की प्रत्येक वर्ष भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव और भी भव्यता के साथ मनाया जाए। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकता के साथ-साथ आपसी रिश्तों की डोर मजबूत होती है। संगठन के प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि महाआरती के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा का बखान किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों में भ्रांतियां हैं कि भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थों के ही हैं। संगठन का प्रयास है कि कायस्थ समाज कायस्थ समाज ही नहीं अपितु समाज के सभी वर्गों को भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा से अवगत कराया जाए।

### हर घर जल योजना के तहत मानकों को ताक पर रख कर किया जा रहा निर्माण कार्य

**मवई-अयोध्या।** सरकार घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन पर जोर दे रही है हर घर में नल से जल देने के लिए गांव-गांव पानी टंकी बनवाकर पाइप लाइन से पानी की सप्लाई देने का प्रयास किया जा रहा है। शुरुआत से ही योजना अनियमित्ताओं से घिरने लगी है विभाग द्वारा इस कार्य को टेंडर के माध्यम से ठेकेदार को दिया जाता है।लेकिन ठेकेदार व जेई की मिलीभगत से मानकों को दर किनार कर पीली ईंट व घटिया मसाले से पानी टंकी की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।ताजा मामला रूदौली क्षेत्र के ऐथर,अल्हवाना व मवई के ग्राम पंचायत डिलवल मजरे बटैया गांव में पानी टंकी का निर्माण कार्य में ठेकेदार तथा जल निगम के कर्मचारियों द्वारा मानक को ताक पर रखकर सामग्री मद मे पीला ईंट , सीमेंट नाम मात्र डालकर मसाले का प्रयोग किया जा रहा है।

## धौरहरा फायर बिग्रेड के पास संसाधनों व फायर मैनो का टोटा, लगातार आगजनी की घटनाओं से विभागीय पोल खुली

लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक पखवाड़े से अग्निदेव का तांडव बराबर जारी है।शाशन द्वारा अनियंत्रित आग पर काबू पाने और बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला अग्निशमन विभाग संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहा है।स्टाफ,वाहन और उपकरणों की कमी के चलते क्षेत्र में अग्निकांड के समय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञात हो धौरहरा तहसील क्षेत्र मे एक फायर स्टेशन है जबकि तहसील क्षेत्र मे तीन ब्लॉक ईशानगर, धौरहरा, रमियाबेहड़ के साथ जिले सबसे बड़ी तहसील होने के नाते दूरवर्ती सीमाओ में फैली है।गर्मी के मौसम के क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए फायरमैनों के 25 पदों के सापेक्ष 20 पद खाली हैं। इससे आग की घटनाओं के समय मुश्किलों से निपटना विभाग के लिए चुनौती साबित हो रहा है। अग्निशमन द्वितीय अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी का भी एक-एक पद खाली है। विभाग को आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए पानी,आग बुझाने वाले रसायन,भिन्न प्रकार के अग्नि-




कवच, आग्निरोधक पोशाकें,पानी गिराने वाले विमान, अग्निशमकों को विशेष वाहन की जरूरत पड़ती है।

इनमें से विभाग के पास सबसे जरूरी फायर टैंकर, पंप, रेस्क्यू वाहन और वुड कटर तक की कमी है । अग्निशमन विभाग को फायर सीजन में आग की घटनाओं से निपटने के लिए सबसे अधिक सतर्क रहना पड़ता है।ऐसे में फायरमैन और संसाधनों की कमी विभाग की मुश्किलें बढ़ा सकती है।

रेस्क्यू के लिए फायर स्टेशन में वाहनों की कमी के चलते अग्निशमन कर्मियों को निजी वाहनों से रेस्क्यू करना पड़ता है। विभाग के पास रेस्क्यू वाहन की कमी एक बड़ी समस्या है।फायरमैन के दो पद भी खाली होने से आग की घटनाओं के समय परेशानी का सामना करना पड़ता है।चुनाव की डियुटी के चलते होमगार्ड भी नहीं मिल पा रहे है।जिले की तराई और बड़ी तहसील होने के नाते करीब 8 लाख से ऊपर की आबादी के साथ-साथ एक बड़े भू भाग क्षेत्र पर खेती होती है जहां अधिकांश अग्निकाण्ड जैसी घटनाएं अधिक मात्रा में होती रहती है।

पश्चिम क्षेत्र के लिए तहसील निघासन फायर स्टेशन से भी संपर्क बनाए रखना पड़ता है। इस प्रकरण में धौरहरा फायर स्टेशन प्रभारी असलम खान के अनुसार कर्मियों की भारी कमी से जूझते हुए सूचित अग्निकाण्ड की घटनाओ पर दमकल गर्मी सहित आग बुझाने की गाड़ी भेज कर आग पर काबू पाया जाता है।

# आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के लिए करें मतदान, अखिलेश-मायावती ने भी की अपील: योगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में लोकसभा की 102 सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है। वहीं, यूपी में आठ सीटों पर मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए वोट करने की अपील की है। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, आज लोकतंत्र के महापर्व का प्रथम चरण है।

सभी सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए, 'नए भारत' की अविराम विकास यात्रा के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट 'भारत' को और अधिक सशक्त बनाएगा। इसलिए ध्यान रहे, पहले मतदान,



फिर जलपान! जय हिंद!

पहले चरण के मतदान से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी जनता से अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि अपने सुनहरे भविष्य के लिए वोट ज़रूर डालें।

मायावती ने जनता से पहले मतदान और फिर जलपान की अपील करते हुए एक्स पर कहा कि देश में हो रहे 18वें लोकसभा आमचुनाव में आज पहले चरण की वोटिंग से ही 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ पूरे होश व जोश के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की सभी वोटरों से अपील, ताकि रोज़गार, सुरक्षा, आत्म-सम्मान व स्वाभिमान-युक्त जीवन देने वाली अच्छी सरकार देश में बने।

उन्होंने आगे कहा कि वोट हर पात्र नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। पूरी निर्भयता के साथ इस हक का इस्तेमाल करके सत्ता में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने का भरसक प्रयास जरूरी है। चुनाव आयोग भी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव तथा खासकर गरीबों, मजलूमों और महिलाओं को वोट देने में उनका पूरा-पूरा सहयोग करें। यूपी में नगीना, कैराना, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, बिजनौर और मुजफ्फनगर सीट पर मतदान हो रहा है।

## कानूनी बहस में बढ़ते अंतर्विभागीय मुद्दों पर चर्चा

**लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ अलका सिंह ने बेनेट विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कानूनी बहस में बढ़ते अंतर्विभागीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सम्मेलन में अंतर्विभागीय सामाजिक, विधिक एवं न्यायिक पहलुओं एक अंतर विषयक मॉडल की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का आयोजन फार ईस्टर्न फेडरल यूनिवर्सिटी, रूस के सहयोग से बेनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा किया गया। डॉ. अलका ने इंटरसेक्शनलिटी एंड जस्टिस पर आयोजित सम्मेलन में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा की शैक्षणिक, सामाजिक और विधिक पक्षों में अंतर्विभागीय एवं अंतर्विषयक परिदृश्य पर शोध एवं चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के सम्यक प्रयोगों द्वारा हमारे समाज में समूहों के बीच असमानताओं और भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है।

# 15198 .48 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा एक मार्च से 18 अप्रैल तक कुल 31250.54 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2923.61 लाख रुपये नकद धनराशि, 4014.89 लाख रुपये कीमत की शराब, 20996.69 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 18 अप्रैल को 15198.48 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 58.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 84.91 लाख रुपये कीमत की 30279.76 लीटर शराब एवं 15054.74 लाख रुपये कीमत की 88235.19 ग्राम ड्रग व 0.05 लाख रुपये कीमत की 450 अन्य सामग्री जब्त की गयी। रिणवा ने बताया कि 18 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद गौतमबुद्धनगर की जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 61670 ग्राम ड्रग तथा जनपद गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19.30 लाख रुपये नकद एवं 6.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2347.24 लीटर शराब जब्त की गई। इसी प्रकार जनपद महाराजगंज की महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 200 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।


# ईवीएम व वीवीपैट के मूवमेंट को लेकर हुआ गहन मंथन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी के कैसरबाग स्थित कलेक्ट्रेट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सामान्य निर्वाचन 2024 और विधानसभा उप निर्वाचन के ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैण्डमाईजेशन विधानसभा वार समस्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू अ प्रथम धर्मेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह, अपरनगर मैजिस्ट्रेट चतुर्थ सचिन वर्मा, कृष्ण मोहन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर व समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया गया की 29 अप्रैल 2024 से केकेसी कालेज में मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। जिसके लिए 96 ईवीएम और वीवीपैट का मूवमेंट मोहनलागंज स्थित वेयरहाउस से केकेसी कालेज में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में किया जाएगा। रैण्डमाईजेशन का विवरण कुछ इस तरह तैयार किया गया है। इसके तहत मलिहाबाद विधानसभा में 514 बैलट यूनिट, 514 कंट्रोल यूनिट और 546 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। बक्शी का तालाब में 618 बैलट यूनिट, 618 कंट्रोल यूनिट और 657 वीवीपैट यूनिट का रैण्डमाईजेशन किया गया। सरोजनीनगर में 739 बैलट यूनिट, 739 कंट्रोल यूनिट और 785 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। लखनऊ पश्चिम में 525 बैलेट यूनिट, 525 कंट्रोल यूनिट और 558 वीवीपैट यूनिट का रैण्डमाईजेशन किया गया। लखनऊ पूर्व में 529 बैलेट यूनिट, 529 कंट्रोल यूनिट और 562 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। लखनऊ उत्तर में 501 बैलेट यूनिट, 501 कंट्रोल यूनिट और 533 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। लखनऊ मध्य में 430 बैलेट यूनिट, 430 कंट्रोल यूनिट और 457 वीवीपैट, लखनऊ कैंट में 419 बैलेट यूनिट, 419 कट्रोल यूनिट और 445 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। मोहनलालगंज में 506 बैलेट यूनिट, 506 कंट्रोल यूनिट और 538 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया। इसी तरह विधानसभा उप निर्वाचन के तहत 173 विधानसभा लखनऊ पूर्व में 533 बैलेट यूनिट, 533 कंट्रोल यूनिट और 567 वीवीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया।

# डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कहीं किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाये। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मतदान को लेकर डीजीपी खुद सक्रिय नजर आये। उत्तर प्रदेश में लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार पहुंचे।

पुलिस महानिदेशक ने कंट्रोल रूम में मौजूद पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों से बातचीत की। इसके अलावा कंट्रोल रूम में चल रहे टेलीविजन के जरिए की जा रही मॉनिटरिंग को देखा। इस दौरान जिस जिले में कुछ भी शिकायतें मिल रही थी तो वह स्वयं वहां के पुलिस अधिकारी या जिला प्रशासन अफसर से फोन पर निर्देश दे रहे थे।

पुलिस महानिदेशक ने प्रथम चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज मतदान हो रहे हैं, जिसमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा की सीटें हैं।

# शौक बना जानलेवा : रील बना रहा युवक पानी की टंकी में गिरा, डूबकर मौत, सदमे में परिजन

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना के रतनखंड इलाके में पानी की टंकी पर चढ़कर रील बना रहा युवक संतुलन बिगड़ने से उसके भीतर गिर गया और डूबकर मर गया। उसके साथी ने इलाकाई लोगों को बुलाया। पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। दमकल ने हाइड्रोलिक मशीन की मदद से टंकी के भीतर से युवक का शव निकाला।

रजनीखंड निवासी सिक्योरिटी गार्ड राकेश अग्रवाल का बेटा शिवांश अग्रवाल (19) बृहस्पतिवार शाम चार बजे रुचिखंड निवासी दोस्त प्रभात के घर जाने की बात कहकर निकला था। शाम करीब पांच बजे प्रभात के साथ वह रतनखंड स्थित पानी की टंकी पर पहुंचा। इसके बाद शिवांश टंकी पर चढ़ गया और प्रभात मोबाइल से वीडियो शूट कर रील बनाने लगा। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से शिवांश टंकी के अंदर गिर गया। यह देख प्रभात ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया।

लोग जुटे तो प्रभात ने बताया कि उसका दोस्त टंकी के अंदर गिर गया है। तत्काल पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद शिवांश को हाइड्रोलिक मशीन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे लोकबंधु अस्पताल ले गए। डॉक्टर के मुताबिक जब शिवांश को लाया गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। शिवांश और प्रभात दोनों जान जोखिम में डालकर रील बनाने पहुंचे थे। विभाग के जिम्मेदारों की भी लापरवाही उजागर हुई है। दरअसल, टंकी के ऊपर ढक्कन नहीं लगा था। जब शिवांश ऊपर खड़ा था तो अचानक उसका बैलेंस बिगड़ा और वह टंकी के अंदर गिर गया। चंद मिनट में उसकी जिंदगी खत्म हो गई।

### मोबाइल बंद कर चला गया दोस्त

हादसे के बाद जब पुलिस व लोग इकट्ठा हो गए तो प्रभात वहां से चला गया। पुलिस के मुताबिक उसका मोबाइल भी बंद है। शिवांश के परिजनों को उसके घर का पता नहीं है।

- पुलिस के मुताबिक प्रभात घटनास्थल पर मौजूद था। उससे घटना की पूरी जानकारी लेने के लिए संपर्क किया जा रहा है।

### इकलौते बेटे की मौत से सदमे में परिजन

शिवांश की मौत से पिता राकेश व मां अनुपम सदमे में हैं। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनका बेटा अब दुनिया में नहीं रहा। पिता ने बताया कि शिवांश आठवीं पास था। इस साल 9वीं कक्षा में दाखिला कराने के लिए प्रयास में लगा था।

### पत्नी को कैसे बताऊंगा, शिवांश नहीं रहा...

पत्नी को कैसे बताऊंगा, शिवांश नहीं रहा...राकेश के मुताबिक उनकी पत्नी अनुपम गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। वे सिक्योरिटी एजेंसी में काम करते थे। पत्नी की तीमारदारी में ज्यादा समय गुजरने से कुछ दिन पहले नौकरी छूट गई। बोले, पत्नी को कैसे बताऊंगा, शिवांश नहीं रहा।

सावधनी बरतें....ताकि शौक जानलेवा न बने

### - ट्रेन या अन्य किसी वाहन के सामने रील बनाने से बचें।

- बीच सड़क या इमारत पर जान जोखिम में डालकर रील न बनाएं।
- चलती कार के ऊपर खड़े होकर या रफ्तार में वाहन चलाकर रील न बनाएं।
- बाइक या अन्य किसी वाहन से स्टंटबाजी कर रील बनाने से बचें।

# गर्मियों में राहत भरा हो रेल सफर, रेलवे ने बनाया प्लान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गर्मी के दिनों में रेल यात्रियों की आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए और खास तौर पर इस दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि के तहत भारतीय रेल इस वर्ष गर्मियों के मौसम के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। गौर हो कि पिछले वर्ष ग्रीष्मकाल - 2023 में संचालित किए गए कुल 6369 फेरों की तुलना में इस वर्ष और अधिक वृद्धि देखी जा रही। यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेल 9111 फेरे चला रही है जिसमे उत्तर रेलवे ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के 778 फेरे चला रही है। इस प्रकार उत्तर रेलवे ग्रीष्मकाल-2024 में पिछले वर्ष के 416 फेरों की तुलना में 362 अधिक फेरे चला रही है। जानकारी के तहत समस्त जोनल रेलों द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़-भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी की गई है। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताया गया कि किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आंकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24बाई7 इनपुट लिए जाते हैं। आवश्यकता के आधार पर, ट्रेनों की संख्या और फेरों की संख्या बढ़ाई जाती है। पूरे सीजन के लिए न तो ट्रेनों की संख्या और न ही अतिरिक्त ट्रेनों द्वारा संचालित फेरों की संख्या एक समान नहीं है। गर्मियों के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है।

# सड़क पर बने कट से टर्न हो रहे ट्रक में पीछे से घुसी पिकअप, चालक की मौत, पांच गंभीर घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के गोसाईंगंज के गंगागंज में बृहस्पतिवार देर रात सुल्तानपुर हाइवे पर स्थित उजमा हाउस के पास बने कट से टर्न हो रहे ट्रक में तेज रफ्तार में आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक समेत पिकअप सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पाकर गंगागंज चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आननफानन घायलों को सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पिकअप चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य पांच लोगों की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

उधर, हादसे के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक को एसआई चंद्रशेखर सिंह ने पीछा कर पकड़ लिया। ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक बृहस्पतिवार रात करीब दो बजे हैदरगढ़ की ओर से आ रहा ट्रक गंगागंज स्थित उजमा हाउस के पास बने कट से टर्न लेकर दूसरी साइड जा रहा था तभी पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई।

हादसे में कॉजी खेड़ा निवासी चालक गंगादीन (20) समेत पिकअप सवार आधा दर्जन लोग बुरी तरह चोटिल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी। राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने पिकअप चालक गंगादीन को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके साथ गाड़ी में सवार 5 लोगों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# माल पुलिस से उठा विश्वास, मुख्यमंत्री से लगाई आस

**मलिहाबाद, लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती का आरोप है कि उसके माता-पिता व भाई विगत 17 अप्रैल को हरदोई जनपद के थाना अतरौली के ग्राम रामपुर छतिहा में एक अंत्येष्ठि कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। युवती को अकेला जान युवती के गांव का ही एक युवक सुरेन्द्र 17 अप्रैल की देर रात उसके घर में घुस उसके साथ बदनीयती करते हुए बेड पर गिरा उसके कपड़े फाड़ नाजुक अंगों के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसका युवती ने काफी विरोध किया। इतने में ही युवती के माता-पिता व भाई घर आ गये।

अपनी बहन के साथ ऐसा कृत्य देख माल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। दूसरे दिन 18 अप्रैल को माल पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत न कर आरोपी युवक को शांतिभंग के आरोप में पाबंद कर दिया।

# दूसरे चरण की आठ सीटों के लिये फिर सज गई है बिसात, हेमामालिनी और अरूण गोविल सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण का मतदान होने के बाद ही तमाम दलों के नेताओं ने दूसरे चरण के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रथम चरण के मतदान को सभी दल अपने-अपने पक्ष में बात रहे हैं, लेकिन हकीकत 04 जून को ही सामने आयेगी। अमरोहा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ी रैली की। अपने आप को अमरोहा से कनेक्ट करने के लिये वह तेज गेंजबाज शमी की तरीफ करने से भी नहीं चूकें। शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गााजियाबााद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा आठ सीटों पर चुनाव होंगे। दूसरे चरण में फिल्म अभिनेत्री और सांसद हेमामालिनी, रामायण सीरियल में प्रभु श्री राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोविल, दानिश अली इन



सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। सभी सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय देखने को मिल सकता है, क्योंकि बसपा ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान चुनाव में रोमांच ला दिया है। वहीं जानकारों की माने तो वोटों का बंटवारा होने से बीजेपी को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। इन सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें से 42 यानी 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़ पति है। वहीं 18 प्रत्याशियों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इस चरण में मेरठ सीट सबसे हॉट सीट बन चुकी है। मेरठ में बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काट कर धारावाहिक रामायण में प्रभु श्री राम का रोल करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उधर, समाजवादी पार्टी ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला है। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु का टिकट काट कर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया था, लेकिन अतुल के नामांकन करने के बाद ही उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बसपा ने देववृत त्यागी को कैंडिडेट बनाया है। सपा को इस सीट पर अंदरूनी कलह भारी पड़ सकती है। मुकाबला कांटे का होने की संभावना है।

मथुरा सीट पर बीजेपी ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होने जा रहा है। सपा के साथ आने से कांग्रेस इस सीट पर बीजेपी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकती है। हालांकि एकला चलो की राह पर चली बसपा को किसी भी सीट पर हल्के में लेने वाला नहीं है। बसपा अपने चुनावी नतीजों से सबको आश्चर्यचकित कर सकती है।

वहीं अलीगढ़ सीट पर बीजेपी ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया दिया है। सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा बुलंदशहर सीट पर बीजेपी के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से होने की उम्मीद है। इन दोनों ही सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

गौतमबुद्धनगर सीट पर भी सपा के टिकट बदलने से ये सीट हॉट सीट बन चुकी है। सपा ने इस सीट डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन डॉ. महेंद्र का सपा ने टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया था। बाद में फिर डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया है। उधर बीजेपी ने डॉ. महेश शर्मा को फिर से प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि बसपा ने राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। 2019 में इस सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। अन्य दलों की तुलना में बीजेपी का पलड़ा भारी है। गठबंधन होने से कांटे की टक्कर मिल सकती है।

ऐसे ही अमरोहा सीट पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, क्योंकि कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को उम्मीदवार बनाया है। दानिश 2019 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। हाल ही में कुंवर दानिश कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस सीट पर बीजेपी कंवर सिंह तंवर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि बसपा ने एक बार फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेला है। बसपा ने मजाहिद हुसैन को कैंडिडेट घोषित किया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन को नुकसान हो सकता है जबकि बीजेपी को इससे फायदा होने के आसार है। बीजेपी 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी इसलिए बीजेपी के लिए इस सीट से चुनाव जीतना चुनौती भरा होने वाला है।

दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस के चार में से तीन प्रत्याशियों के अलावा बसपा, भाजपा, सपा, जय हिन्द नेशनल पार्टी और समाज विकास क्रांति पार्टी के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। उप्र इलेक्शन वॉच के अनुसार मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। इनकी संपत्ति लगभग 278 करोड़ है। वहीं दूसरे नंबर पर अलीगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ और तीसरे नंबर पर मेरठ से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की संपत्ति पांच करोड़ के आसपास हैं। नौ महिला प्रत्याशी भी दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरी हैं।

प्रत्याशियों की शिक्षा की बात की जाये तो 91 प्रत्याशियों में से 33 प्रत्याशी 12 वीं पास भी नहीं हैं। यानी 36 प्रतिशत प्रत्याशी बारहवीं पास भी नहीं है। इन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं से 12 वीं के बीच घोषित की है। वहीं 52 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज़्यादा पढे हैं। जबकि दो डिप्लोमा, दो साक्षर और दो अनपढ़ हैं।

# भाजपा चुनाव कार्यालय पर हुई बैठक




लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर भाजपा की चुनावी बैठक चुनावी कार्यालय A-58, सेक्टर 58 नोएडा में आयोजित हुई। इस बैठक को राज्यसभा सांसद एवं नोएडा प्रभारी श्रीमती कांता करदान और चुनाव की दृष्टि से लोक सभा प्रभारी और पूर्व ज़िला अध्यक्ष अनिल शिशोदिया और नोएडा ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने लिया।

कांता करदान ने सभी मंडल अध्यक्षों से हर बूथ, सेक्टर के बारे में विस्तार से जानकारी ली और चुनाव की हर बारीक गतिविधि को समझा। उन्होंने चुनाव समिति के हर अधिकारी से भी उनके विषय में चर्चा की। उन्होंने इसके साथ कहा कि अब हमारे पास समय बहुत कम बचा है और इस समय हमको अपने मण्डल और बूथ पर ही कार्य करना चाहिए ताकि हम ज़्यादा से ज़्यादा संपर्क कर सकें। आज की स्थिति देखी जाये तो गौतमबुद्ध नगर में विपक्ष की हालत ख़स्ता है और जिस तरह मोदी और योगी की डबल इंजन की सरकार ने नोएडा में विकास की गंगा बहाई है कोई बड़ी बात नहीं की विपक्ष की जमानत ही जप्त हो जाये।

अब हमको सिर्फ़ एक लक्ष्य पर कार्य करना है कि लोग ज़्यादा से ज़्यादा वोट डालें और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनायें।

लोक सभा प्रभारी अनिल शिशोदिया ने कहा जनता से सतत संपर्क व संवाद भाजपा की विजय का आधार है। इसलिए हमें प्रत्येक बूथ व घर और हर व्यक्ति तक संपर्क व संवाद के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं तथा पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का काम करना है। बैठक में सह प्रभारी के के शुक्ल, लोकसभा विस्तारक सुखपाल, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, धर्मेंद्र कोरी, सुनील भाटी, गिरजा सिंह , मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, गिरीश कोटनाला , मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बेहाल, चमन आवाना, अमरीश त्यागी, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, पंकज झा, रवि प्रधान, गोपाल गौड़, कल्लू सिंह, निर्मल सिंह, प्रदीप चौहान, सत्य नारायण महावर, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, प्रज्ञा पाठक, पूनम सिंह, सचिन अम्बवता, ओम यादव, गौतम शर्मा, सरफ़र्ज़ अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदीनगर जनसभा में योगी बोले पूर्वजों का सम्मान होना चाहिए

लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** मोदीनगर में रैली के दौरान सीएम योगी ने कहा कि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दे उसका समान होना चाहिये। रैली के दौरान 12 मिनट में छह से ज्यादा बार चौधरी साहब का नाम लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दे, उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार पीम मोदी ने चौधरी साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर हम सबको गौरवान्वित किया है। इससे किसानों और ग्रामीणों का सम्मान बढाया है।

किसानो को पीएम किसान सम्मान निधि, भारत को दुनिया मे सम्मान दिलाने का काम मोदी ने किया है। देश के अंदर आतंकवाद की समस्या का समाधान, आआईटी, डेवलपमेंट व अन्य क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। वर्ल्ड क्लास की सुविधा, इंफ्रास्ट्रक्चर, 14 लेन का एक्सप्रेस वे, रैपिड, मेट्रो, तेजी से बढ़ता इफ्रास्ट्रक्चर नए भारत पहचान बन गई गया। शुक्रवार को वह बागपत सीट से एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा चौधरी साहब का सपना था कि किसानों को सुविधा मिले। वही सपना पूरा किया ज रहा है। किसानों के लिए 2700 करोड़ इसी वर्ष दे दिया गया है।

कि देश तेजी से तरक़्क़ी के रास्ते पर बढ़ रहा है। 12 करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिल रही है। 7 करोड़ आयुष्मान कार्ड धारकों को चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। जब अच्छा नेता चुनते है अच्छी सरकार चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा निकलता है।

## संक्षेप

### भाजपा समर्थक गुंजन जैन कांग्रेस में शामिल

एटा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय धान मील वाली गली एटा पर ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष ने गुंजन जैन को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सेवा दल संजीव गुप्ता एवं श्रीमती सोनी राठौर शहर महासचिव ने गुंजन जैन के गले में कांग्रेस का पटका पहना कर स्वागत किया। गुंजन जैन ने कहा कि भाजपा के द्वारा महंगाई के कारण से मैने कॉग्रेस को जॉइन किया है। इस अवसर ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष,एकेश लोधी जी पूर्व जिला अध्यक्ष,संजीव गुप्ता, सोनी राठौर,नौसाद अली,आकाश तिवारी, आशीष राज ,सचिन यादव, सोने लाल बर्मा, पुष्पेंद्र बघेल ,अमित कुमार ,ओमबीर राजपूत आदि।

### पुलिस विभाग में किया गया पोस्टर वितरण

अमेठी जनपद में आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा शुक्रवार को हीट वेव से बचाव के दृष्टिगत जनपद के पुलिस विभाग में हीट वेव जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए पोस्टर को पुलिस अधीक्षक अमेठी के कार्यालय में पुलिस अधीक्षक , एवं अपर पुलिस अधीक्षक को वितरित किया गया। इस सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये उक्त पोस्टर के माध्यम से जनपद के समस्त पुलिस स्टेशन में कार्यरत ऐसे पुलिस कर्मियों जो कि फील्ड में रहकर धूप आदि में कार्य करते है, उनकी जानकारी के लिए व्यापक प्रभावी सिद्ध होंगे, इसके साथ ही साथ पुलिस स्टेशन में आने जाने वाले आमजन सामान्य को भी हीट वेव से बचाव की जानकारी मिल सकेगी।

### एसपी ने ली, परेड की सलामी, किया निरीक्षण दिए निर्देश

अमेठी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया ।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय व परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। उ0नि0 संतलाल यादव थाना जायस मय हमराही द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम कुमार विश्वकर्मा पुत्र शीतला प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम उड़वा थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को खोदवापुर मोड़ के पास से समय करीब 09 :30am बजे गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। उ0नि0 प्रदीप कुमार मिश्र थाना जायस मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान, शूक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नसीम पुत्र फैजल निवासी ग्राम पूरे बाबू मजरे उड़वा थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को मोजमगंज पुल के पास से समय करीब 10 :30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा एक कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### नामांकन, प्रशिक्षण , स्थलो,का डीएम,एसपी ने किया निरीक्षण

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल, मनीषी महिला महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में पोलिंग पार्टी रवाना, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने उपरोक्त स्थलों का गहनता से निरीक्षण किया एवं वहां पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अलीगंज में व्यय प्रेक्षक ने चुनाव को लेकर तैयारी का लिया जायजा बैठक कर दिए निर्देश

अलीगंज/एटा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गए प्रेक्षक श्री निवासन राव वाना की अध्यक्षता में समस्त लेखा टीमों (लेखा टीम सहायक व्यय प्रेक्षक एफ एफ टी एस एस टी वी वी टी) की बैठक उपजिलाधिकारी अलीगंज कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित की गयी बैठक में प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी टीमें द्वारा कड़ी निगरानी की जाये सभी तरह के व्यय पर कड़ी नजर रखी जाए ।लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराया जाये सभी लोग अपनी डयूटी के प्रति लापरवाही न वरते हम लोग सहयोग से निष्पक्ष चुनाव करा सकते हैं। वैठक में सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम नें क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान, मची खलबली

अलीगंज/एटा। लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अलीगंज के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां चार व दो पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके अलावा वाहनों में लगे हूटर व काली फिल्म उतारे गये। कुछ गाड़ियों की डिग्गी चेक की गयी। वहीं चुनाव में लगी गाड़ियों को भी चेक किया गया ।विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान अमरोली रोड, कायमगंज रोड बॉर्डर, एटा रोड के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया।

# प्रेक्षक संग एसडीएम नें क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान-मची खलबली

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अलीगंज के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां चार व दो पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके अलावा वाहनों में लगे हूटर व काली फिल्म उतारे गये। कुछ गाड़ियों की डिग्गी चेक की गयी। वहीं चुनाव में लगी गाड़ियों को भी चेक किया गया। 103 अलीगंज विधान सभा क्षेत्र संसदीय क्षेत्र फरुखाबाद40 में उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान अमरोली रोड कायमगंज रोड बॉर्डर एटा रोड के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां दर्जनों गाड़ियों की तलाशी ली गई और फोर व्हीलर पर लगी काली फिल्मों को उतरवाया गया। जिसे देख अन्य वाहन चालक इधर-उधर के रास्ते से होकर भाग निकले। हड़कप की स्थिति बनी रही। यह अभियान आगे भी अलग-अलग स्थानों पर क्रमबद्ध तरीके से चलाया जायेगा। वहीं चुनाव में लगी गाड़ियों को भी चेक किया गया कि कहीं कोई अवैध रूप से रूपयों का संचालन न कर रहे हो और साथ ही गाड़ियों के जारी पास को भी देखा गया। चेकिंग अभियान के दौरान संपर्क अधिकारी एच के गौतम एसटीओ कर्मजीत कौर श्रीनिवास राव व्यय पर्यवेक्षक सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी नें बताया कि आचार सहिंता का हर हाल में पालन कराने के प्रति सजगता दिखायी जा रही है। चुनाव को हरहाल में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना है। इसे देखते हुए जांच अभियान चलाये जा रहे हैं। अराजकतत्वों पर नजर रखी जा रही है। किसी भी दशा में गड़बड़ी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अगर किसी पर भी आपत्तिजनक सामान पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतना पड़ा भारी, 167 कर्मिकों पर हुई एफआईआर

**साहिबाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मोहननगर स्थित आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 से 21 अप्रैल तक चल रहे चुनाव प्रशिक्षण में गैर हाजिर होने और कार्य में लापरवाही बरतने का सिलसिला थम नहीं रहा है। 18 अप्रैल को दो पालियों में होने वाले प्रशिक्षण में 3,216 कार्मिकों ने भाग लिया। दोनों पालियों के प्रशिक्षण में गैर हाजिर 167 कार्मिकों के खिलाफ सीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 26 पीठासीन अधिकारी, 23 मतदान अधिकारी प्रथम, 30 द्वितीय मतदान अधिकारी और 88 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे।

# पुलिस के मुठभेड़ एक बदमाश के पैर में लगी गोली, मांस की कर रहे थे तस्करी, दो तस्कर गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र मसूरी में एक मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार हुए हैं। पीकअप में मांस भरा हुआ था। बदमाशों से तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए।

सूत्रों के अनुसार नाहल चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुठभेड़ में ढबारसी गांव के शहजाद व सददाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों बदमाश पीकअप में मांस लेकर उसको सप्लाई करने के लिए ले जा रहे थे।

पुलिस ने उनको चेकिंग के लिए रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शहजाद में गोली लगी, उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पर गोकशी, मारपीट समेत अन्य मामलों के नौ मुकदमे दर्ज हैं।

एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस शुक्रवार को नाहल चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। तभी एक पीकअप आती दिखी। पुलिस ने चालक को रूकने का इशारा किया तो उसने पीकअप को दौड़ा दिया। इसके बाद पुलिस का शक गहराया और पुलिस टीम ने उसको पीछा शुरू कर दिया।

इसकी भनक लगने पर पीकअप में चालक के बराबर में बैठे युवक ने तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। किसी तरह पुलिस टीम ने अपने आप को बचाया।

जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायर किया तो एक गोली युवक के पैर में लगी। दोनों से दो तमंचे, कारतूस बरामद हुए। तलाशी लेने पर पीकअप में करीब आठ कुंतल मांस बरामद हुआ। छानबीन में पता चला कि शहजाद पर पशु क्रूरता, गोकशी, मारपीट के कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, सददाम पर मारपीट का एक मुकदमा दर्ज है।

## ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें निर्वाचन को लेकर की गई तैयारी, राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अनुमति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रदीप सिंघल सहित अन्य अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद, नोएडा महानगर ने श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया जिसमें महानगर मंत्री दिनेश महावर का बौद्धिक रहा, उन्होंने भगवान श्री राम के चरित्र का वर्णन करते हुए माता सीता के स्वयंवर में शिव जी के धनुष तोड़ने और श्रीराम के विवाह का प्रसंग सुनाया और बताया कि कैसे श्री राम ने मर्यादायें निभाईं, उन्होंने कहा कि पहले कई विवाह करने के साथ राजा की कई रानियाँ होने का प्रचलन था, परंतु श्रीराम ने सीता जी से विवाह करके एक ही रानी हो, ऐसा प्रण लेकर मर्यादा निभायी.

तत्पश्चात, गतवर्ष की भांति नोएडा शहर में श्री हनुमान जी की शोभा यात्रा निकालने के विषय पर विभाग, महानगर और प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं के बीच यात्रा के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई. इस बैठक में विभाग, नोएडा महानगर और प्रखंड के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में, विभाग संयोजक ललित जी , महानगर अध्यक्ष बहन छाया जी ,महानगर मंत्री दिनेश महावर जी, महानगर संयोजक सुमित जी, महानगर उपाध्यक्ष सतबीर जी, महानगर धर्म प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा एवं महानगर सह प्रचार प्रमुख राहुल दुबे, सुरक्षा प्रमुख अजीत जी, सह धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र जी व अन्य महानगर पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यकारणी के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

## भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन

**एटा।** शुक्रवार को एटा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत एटा विधानसभा में ग्राम मलावन में भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया रहे। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता मलावन मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ रिंकू ने की। नुक्कड़ सभा को संबोधित सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के एटा लोकसभा के प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया ,एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य एवं पूर्व विधायक अजय यादव ने किया। इस अवसर पर साथ में सुशील गुप्ता, अविनाश शर्मा रामू भटेले, शिशुपाल सिंह यादव, सचिन उपाध्याय, दुलारे सिंह भदोरिया,प्रमोद गुप्ता, विजय मिश्रा, राजेश यादव निर्मल धनगर एवं पदाधिकारी,सैकड़ो कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला महिला का शव

लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के दौलतनगर कॉलोनी में बृहस्पतिवार दोपहर एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। ससुराल पक्ष ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चल रहा है।



दौलतनगर कॉलोनी में शाहरुख परिवार के साथ रहते हैं। वह एक फैक्टरी में काम करते हैं। एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की शाहरुख की पत्नी नजराना (22) ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। ससुराल पक्ष ने बताया कि घर के नीचे वाली मंजिल में शाहरुख की मां और उसका भाई रहता है। ऊपर वाली मंजिल में शाहरुख और नजराना रहती थी। पूर्व में नजराना और शाहरुख के बीच विवाद हो गया था। शादी के कुछ समय बाद नजराना अपने मायके चली गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ और नजराना अपने ससुराल आकर रहने लगी। बृहस्पतिवार को शाहरुख की मां और उसका भाई फैक्टरी चला गया था। शाहरुख भी अपनी फैक्टरी चला गया था। शाम के समय जब वह घर पहुंचा तो ऊपर वाली मंजिल का कमरा अंदर से बंद था। शाहरुख किसी तरह कमरे में पहुंचा तो उसकी पत्नी नजराना का शव फंदे से लटका मिला। एसीपी ने बताया कि परिजनों ने ससुराल पक्ष पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाताओं को किया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज और युवा क्रांति सेना ने अपने देश का भविष्य तय करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ मतदान करने के लिए अपील भी की। इस अवसर पर नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के चेयरमैन ललित ठुकराल, मदरलैंड अस्पताल के चेयरमैन डॉ बबित कुमार, एवियर कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, और कवि एडवोकेट दीपक शंखधर ने सैकड़ों युवाओं को मतदान के लिए शपथ भी दिलवाई।

इस अवसर पर एनएईसी ललित ठुकराल ने कहा की इस बार हमारा जिला पूरे देश में वोटिंग पर्सेंटेज में शीर्ष पर काबिज होगा जिसमे अहम भूमिका युवाओं की होगी। यही हम सभी का लक्ष्य भी है।

युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा की आज देश चुनाव को पर्व के रूप में मना रहा है जिसका श्रेय हमारी युवा पीढ़ी को जाता है जिसने मतदान के लिए अपनी और अपनो की सोच बदली।

इस अवसर पर कवि दीपक शंखधर ने अपनी कविता से सभी छात्र छात्राओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया और उनसे शत प्रतिशत अपने आसपास के लोगो को मतदान करवाने के लिए अपील की।

मदरलैंड अस्पताल के चेयरमैन डॉ बाबित कुमार ने कहा की हम युवा देश है। हमारे देश का भविष्य ही युवा तय करते हैं। आपका एक वोट हमारे विकास की कहानी लिखेगा।

# योग कक्षा के स्थापना एवं लता भाटिया के स्मृति दिवस पर योग शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** ग़ाज़ियाबाद अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान जानकी वाटिका कक्षा के स्थापना दिवस एवं लता भाटिय़ा के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य मे योग शिविर का आयोजन सन्त निवास,नेहरू नगर मे एवं ऑनलाइन गूगल मीट पर किया गया। योग शिविर का शुभारम्भ ओ३म की ध्वनि और गायत्री मंत्र से योगी प्रवीण आर्य द्वारा किया गया तत्पश्चात साधकों द्वारा स्व लता भाटिया के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई ।योगी प्रवीण आर्य ने हाथों,पैरों के सूक्ष्म व्यायाम,तितली आसन का अभ्यास कराया तथा इसके लाभों की चर्चा की। योग शिक्षक राम प्रकाश गुप्ता ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास चक्रों पर ध्यान कराते हुए कराया व इसके लाभों की चर्चा की,पश्चात शवासन में विश्राम कराया।

वरिष्ठ योग शिक्षिका वीना वोहरा ने दीर्घश्वसन प्राणायाम, विरेचन क्रिया,आर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रीका का अभ्यास कराने के पश्चात पद्मासन में बैठाकर कपालभांति प्राणायाम चक्रों का ध्यान करते हुए बीज मंत्रों के साथ कराया और कहा इससे कण कण में ऊर्जा का संचार होता है,ब्रेन के सेल्स प्रभावित होते हैं।फिर बाह्य एवं आंतरिक कुम्भक लगवाया।उन्होंने कहा कि हमने स्व.लता भाटिया से जीवन में बहुत कुछ सीखा है यह हमारे प्रेरणा स्रोत रही हैं।लता भाटिया का प्रिय भजन 'राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली' सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।वे 1992 से योग से जुड़ी हैं और इस कक्षा की शुरुआत 2014 में की थी। योग शिक्षिका विभा भारद्वाज ने भी भावांजली रूप में लता भाटिया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अत्यधिक गर्मी, तापमान, लू मे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे, नहीं मिल रही राहत

**अमेठी।** अत्यधिक गर्मी का तापमान के कारण लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। लोग गर्मी से परेशान हैं, ऐसे समय में जिलाधिकारी अमेठी में मंगलवार को बैठक कर हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जिसमें उन्होंने श्रमिकों व बस स्टेशन पर लोगों को 12 से 4 बजे के मध्य निकलने के लिए विशेष तरह की उपाय सुझाए थे। जनपद अमेठी में इस समय हीट वेव का कहर जारी है। जिससे लोग परेशान हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है ।तापमान बढ़ने के कारण परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की हालत खराब है उ।न्हें तेज कड़कती धूप में 2:00 बजे अपने घर वापस जाना पड़ता है। वह कहीं खेतों में से होते हुए पैदल चलकर किसी तरह अपने घर पहुंचते हैं। जिससे वह अक्सर बीमार पड़ जा रहे हैं। उनके बीमार पड़ने के कारण उसे स्कूलों में उनकी उपस्थिति प्रभावित हो रही है।

# भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में मतदाता जागरूकता अभियान का रंगारंग आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के सैक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल व निदेशक डॉ. अनिरुद्ध विश्वास व कैंपस मैनेजर डॉ गौरव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर करी। सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी, प्रोफ़ेसर्स, और स्टाफ की उपस्तिथि में सभी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एक साथ, मतदान करने व कराने की प्रतिज्ञा की। मतदाता जागरूकता के लिए रश्मि, चेतना व ध्रुव ने भाषण; वासु,तनिष्क व टीम ने रंगमंच नाटक; पारुल, ओम, अमन ने नृत्य व गायन आदि प्रस्तुत किए।

दृष्टिकोण व प्रतिधि क्लब ने संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम कराया। प्रोफेसर अनमोल कालरा ने वोट ऑफ थैंक्स के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# कृषि में जल एवं ससांधन संरक्षण की आवश्यकता- वाटर रिसोर्स ग्रुप

## सीधी बिजाई तकनीक सें पानी एवं समय की बचत- डॉ अजंली परासनिस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** 2030 वाटर रिसोर्सेज ग्रुप (2030 WRG) और कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया , सीतापुर के संयुक्त तत्वाधान में धान की सीधी बुवाई तकनीक एवं कृषि-जल पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि जल दोहन को कम करने व ससांधन संरक्षण तकनीक पर कृषक उत्पादन संगठनों की सहभागिता एवं क्षमता निर्माण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अंजलि परासनिस (वाटर रिसोर्सेज ग्रुप 2030) ने कहा कि कृषि में जल संसाधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि में अभियांत्रिकी का प्रयोग व जलवायु-स्मार्ट जल प्रबंधन तकनीक के साथ प्रकृति को पुनर्जीवित करने में पर्यावरण हितैशी तकनीकों का समावेश जरूरी है। उन्होने बताया कि एक किलो चावल पैदा करने में लगभग 2500 - 3000 लीटर पानी खर्च हो जाता है अत्यधिक पानी लगाने की प्रथा से जहां एक ओर पानी का दुरुपयोग अत्यधिक हो जाता है वहीं दूसरी ओर फसल लागत वृद्धि के साथ साथ उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि अनुसंधान अध्ययनों से संकेत मिलता है कि - अन्य सिंचाई प्रथाओं की तुलना में - विशिष्ट फसलों में सूक्ष्म सिंचाई से डीएसआर - पारंपरिक तौर पर रोपित धान जो ग्रीन हाउस गैस का एक प्रमुख स्रोत है के विपरीत पानी और श्रम की बचत के अलावा, मीथेन उत्सर्जन से बचने में मदद करता है।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न कृषक उतपादन संगठनों के निदेशकों ने प्रतिभाग कर जल संसाधन संरक्षण एवं प्राकृतिक हितैषी तकनीकियो पर चर्चा की एवं सीधी बिजाई तकनीक में खरपतवार प्रबंधन की चुनौतियों पर संवाद स्थापित कर अनुभवों को साझा किया।

## मतदान के महत्व व शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को किया गया जागरूक

**सुलतानपुर-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली- ग्राम पंचायत दियरा, ग्राम पंचायत गोरसरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, वि0ख0 भदैयाँ, वि0ख0 कूरेभार, वि0ख0 दूबेपुर, वि0ख0 कादीपुर, बरवारीपुर में छात्र/छात्राओं व सफाई कार्मिकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। उक्त मतदाता जागरूकता रैली में बैनर के साथ बच्चे परिसर से रवाना हुए और गॉव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'मेरा वोट, मेरा भविष्य' आदि के नारे लगाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में शिक्षक/शिक्षिकाओं ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अच्छी सरकार चुनता है, जिससे देश का विकास होता है। इसलिये जरूरी है कि हम सभी शत-प्रतिशत मतदान करें।

# पंचायतीराज सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत पहला ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझिया में पेंशन लाभार्थियों का सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद, सीतापुर।** पेस संस्था एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में शुक्रवार को ग्राम पंचायत मझिया में सोशल ऑडिट कार्यशाला का आयोजन किया गया

जिसमें कुल 48 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें मझिया प्रधान रणविजय सिंह उपस्थित रहे प्रधान ने सभी का स्वागत परिचय करके कार्यशाला का प्रारंभ किया। उसके बाद परियोजना कार्यकर्ता शैलजाकान्त मिश्रा ने सभी को संस्था व परियोजना के बारे में जानकारी दी और प्रधान ने सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया।

एवं विधवा, वृद्धा व विकलांग पेंशन लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई जिसमें उपस्थित सदस्यों ने मृतक लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी।आज की कार्यशाला में 25 पात्र लोगो को पेंशन योजना से जोड़ने हेतु दस्तावेज़ तैयार करने व आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत की पेंशन सूची पढ़कर उसका ऑडिट किया गया जिसमे गांव के लोगो को पेंशन पा रहे लाभार्थियों के बारे में बताया गया। जिन्हे पेंशन का लाभ मिल रहा है। आज की कार्यशाला मे कुल 48लोगो की उपस्थित रही आज की कार्यशाला में पेस संस्था से शैलजाकांत मिश्रा ने मिलकर गांव के लोगो को पेंशन योजना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यशाला में ग्राम प्रधान रणविजय सिंह, पंचायत सहायक अनुज, एवं ग्राम के अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# दरगाह हज़रत अलाउद्दीन चरमीना शाह का 534वा उर्स बडी अकीदत के साथ संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर,सीतापुर।** नगर की मशहूर दरगाह हजरत अलाउद्दीन चर्मीना शाह पोश का 534 वां सालाना उर्स अकीदत के साथ संपन्न,मजार शरीफ पर भारी संख्या में अकीदतमंदों ने अपनी नजर और नियाज पेश कर फातिहा पढ़ा और चादर चढ़ाई ,उर्स की तमाम रस्में सज्जाद नशीन गयास मियां की सरपरस्ती में अदा की गई। इस मौके पर मौजूद अकीदतमंदो को खिताब करते हुए दरगाह चर्मीना शाह पोश के सज्जादा नशीन गयाश मिया ने कहा कि, शरीयत और तरीकत दोनो इंसान को भलाई अमन और कामयाबी की तरफ लेकर जाती हें बुजुर्गान- ए- दीन ने सारी इंसानियत की हिदायत और रहनुमाई की है उनके उसूल कामयाबी की जमानत हैं। उर्स के मौके पर कव्वालों के द्वारा सूफियाना कलाम पढ़ा गया। जिसमे महफिल में शामिल लोगो में वजद की कैफियत तारी हो गई , अकीदतमंदों ने कव्वालों को उनकी पेशकश पर नजराने अता किए। इस मौके पर फुरकान मियां, हाजी शोहराब अली कादरी,शायरअनवर बिसवानी, अधिवक्ता जेड आर रहमानी, नवेद असलम, फरजान मियां, फरहान मियां,फरमान असलम, अब्दुल खालिककुरैशी , मोहम्मद युनूस कुरैशी, रियाजुउद्दीन, ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## यही तो हमारा फ़र्ज़ है.....

बुजुर्गों का ध्यान रखें,
गुरु व बड़ो की दी सीख याद रखें,
पारिवारिक दायित्व को वहन करें,
प्रत्येक सदस्य का सम्मान करें,
माता-पिता का हम पर कर्ज हैं ,
अपना पारिवारिक धर्म गर्व से
निभाएं,
यही तो हमारा फ़र्ज़ है ।
अहिंसा, सत्य के पथ पर चले,
जीवों पर सदैव दया करें,
अन्न - जल की व्यवस्था करें,
पेड़ पौधे की रक्षा करें, वृक्षारोपण
करें,
वसुधैव कुटुंबकम का हृदय में भाव
रहे, प्रकृति से ममत्व व लगाव दर्ज
रहे,अपना सामाजिक धर्म गर्व से
निभाएं,यहीं तो हमारा फ़र्ज़ है ।
देश में निर्मित उत्पादों का उपभोग
करें,
विदेशी कंपनियों में निवेश बंद करें,
ग्रामीण लघु उद्योगों को बढ़ावा दे,
देशाटन, प्रकृति संरक्षण के प्रयोजन
करें,देश से पलायन बंद करें,
वोट डाल उचित नेता का चयन करें,
अपना राज्य धर्म गर्व से निभाएं ,
यही तो हमारा फ़र्ज़ है ।
परोपकार के शुभ कर्म करें,

# कलाकारों ने पोरस-सिकंदर नाटक का आकर्षक संजीव किया मंचन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** प्राचीन व सुप्रद्धिध मां संकटा देवी मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेला महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक मंच पर श्री नीलकंठ रामलीला अभिनय समिति भिटौरा के कलाकारों ने पोरस-सिकंदर नाटक का आकर्षक संजीव मंचन किया। पोरस का सजीव मनोहारी मंचन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कलाकारों की अद्भुत अभिनय क्षमता व प्रस्तुतिकरण तथा साज-सज्जा व वेषभूषा की लोग सराहना करते नहीं थकते। ऐतिहासिक घटना पर आधारित नाटक का सजीव मंचन देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ धाम के सांस्कृतिक पांडाल में जुट रही है। संकटा देवी मंदिर के सांस्कृतिक मंच पर गुरूवार की रात्रि आठ बजे से रामलीला समिति के कलाकारों ने देशप्रेम से ओत प्रोत 'पोरस-सिकंदर' नाटक का सजीव मंचन किया। नाटक के दौरान राजा पोरस व सिकंदर के बीच हुये युद्ध में सिकंदर को उसकी ताकत का अंदाज लग जाता है। कूटनीति के तहत युद्ध के दौरान सिकंदर पोरस को गिरफ्तार कर लेता है। दरबार में पेश होने पर सिकंदर पोरस से पूछता है कि उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाये। इस पर पोरस कहता है जैसा एक राजा दूसरे राजा के साथ करता है। इस उत्तर को सुन सिकंदर काफी प्रभावित होकर पोरस से दोस्ती कर लेता है। नाटक में सिकंदर के रूप में अरूण वर्मा, पोरस के रूप में हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक के मंचन की व्यवस्था में विक्रम सिंह वर्मा, रामकिशोर प्रजापति, ओम प्रकाश पाल, रविकुमार, संजय वर्मा, अनिल राज ने विशेष सहयोग किया। संचालन रमेश विश्वकर्मा ने किया। नाटक का शुभारम्भ गणेश की आकर्षक झांकी से हुआ। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मेला मैनेजर अशोक नाग, त्रिलोकीनाथ मौर्य, शिवदास पुरवार, सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने देवी मां का दर्शन करने के साथ आकर्षक रामलीला का देर रात तक आनंद लिया।

## मेला महोत्सव में आज

मेला महोत्सव में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को रात्रि आठ बजे से रामप्रताप 'लक्खा' व शिवांश शुक्ल द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। यह जानकारी मां संकटा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी ने दी।

# रेडिको खेतान कंपनी के द्वारा कर्मचारियों को दी गई नोटिस

**बिसवां ,सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के कदुनी में स्थापित रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बीते दो वर्ष से कार्यरत एक अधिकारी द्वारा बिलों में हेरा फेरी करने के आरोप में कंपनी द्वारा उसे चार सीट दी गई है । उन्हे अपनी सफाई देने के लिए बुलाया जा रहा है। वही हेरा फेरी करने वाले अधिकारी की पत्नी अनुराधा शर्मा ने सरोजिनी नगर लखनऊ थाने में एक तहरीर देकर कहा है कि उसके पति को जबरन फर्जी केस मे फ़साने की साजिस रची जा रही है।उन्होंने कंपनी के उच्च अधिकारियो द्वारा प्रताड़ित किये जाने की भी बात कही है। कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा द्वारा अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया है। इन्ही सवालों को लेकर रेडिको खेतान कंपनी के अधिशाषी अधिकारी उपाध्यक्ष इकाई हरीशंकर शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता की।उन्होंने पत्रकारों से बातचीत मे बताया कि बीते दो वर्षो से कंपनी में सहायक प्रबंधक एडमिन के पद पर कार्य कर रहे उदित भट्ट के बिलों में कुछ हेरा फेरी की शिकायत एकाउंट टीम को मिली थी ।जिसकी जांच करने के लिए प्रधान कार्यालय दिल्ली से एक टीम भेजी गई थी ।जांच के दौरान उक्त अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। जबकि उसे सूचना देकर बुलाया गया था ।ऐसे में टीम को उक्त अधिकारी पर कुछ शक हुआ ।कंपनी के निर्देश पर कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा को उनके घर पर नोटिस देने के लिए भेजा गया जो कंपनी की गाड़ी से वहां पहुंचे और उनके घर बेल बजाई जिससे उनके पिता घर से बाहर निकाल कर आए पिता से उन्होंने बताया उदित भट्ट कहां है। तो उन्होंने कहा वह घर पर नहीं है। वह तुरंत वापस लौट आए।इससे नाराज उदित भट्ट ने अपनी पत्नी से थाना सरोजिनी नगर में विशाल शर्मा के खिलाफ अभद्रता की तहरीर दिला दी ।जो की पूर्ण रूप से निराधार है। अधिशासी अधिकारी ने बताया उदित भट्ट के बिलों की हेरा फेरी की जांच की जा रही है। और यदि जांच में वह दोषी पाए जाते हैं तो कंपनी.के द्वारा उनके खिलाफ उचित कानूनी वैधानिक कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी । उनको अपना पक्ष रखने के लिए चार सीट दे दी गई है।अभी तक उनका जबाब नही आया है।

# स्वास्थ्य का रखे ध्यान क्योंकि करना है मतदान



**जौनपुर-** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशासन शत प्रतिशत मतदान करवाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में चुनाव के दौरान अपना अमूल्य वोट देने के लिए अलग-अलग तरीके से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।इसी कड़ी में शुक्रवार को आशादीप हास्पिटल अहियापुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों को शपथ दिलाते हुए स्वयं मतदान करने व अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प दिलाया गया। तथा हॉस्पिटल के ओपीडी पर्चे में मरीज के नाम के साथ एक मुहर लगाई जा रही है जिसके माध्यम से मतदान के लिए जागरूकता लाने की पहल की गई है। अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति की ओपीडी पर्चे पर लगने वाले मुहर में 25 मई को मतदान करने की बात कही गई है। जिससे लोग चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी. एस. उपाध्याय ने कहा कि अपने स्वास्थ्य का रखे ध्यान क्योंकि 25 मई को करना है मतदान। उन्होंने कहा कि मतदान को भी एक स्वस्थ आदत के रूप में गिना जाता है। मतदान करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है। आपके पसंदीदा उम्मीदवार के लिए वोट आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी वोट हो सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि मतदान का अधिकार व्यक्त करने से अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है और बदले में, अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल सकता है, इसलिए स्वयं मतदान करे तथा दूसरों को भी वोट करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सकों को भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करने के लिए इस मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों, क्लीनिक, नर्सिंग होम, प्राथमिक/ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एंव चिकित्साधिकारी व चिकित्सकों से अपील किया है कि अपने परिसर में मतदाता जागरूकता बैनर लगाए तथा मतदान तिथि ÷25 मई को अपना मतदान ज़रुर करें ÷ एक मुहर बनवाकर मरीज़ों के पर्चे पर लगाया जाए, और लोगों को प्रेरित किया जाए कि स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व अन्य लोगों को भी वोट डालने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर डा भास्कर शर्मा, डा. एस. के. उपाध्याय, डा. आशीष यादव, अवधेश मौर्य व सुभाष यादव सहित काफी संख्या में मरीज उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

## आरसेटी द्वारा दिव्यांग जनों हेतु विशेष प्रशिक्षण उद्यमिता विकास कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ




**खैराबाद,सीतापुर।** इंडियन बैंक आरसेटी सीतापुर में दस दिवसीय दिव्यांगजनों हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अगरबत्ती और धूपबत्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख अभिलाषित कौशल अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार आरसेटी की निर्देशक प्रीति पांडेय संयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर आंचल प्रमुख ने सभी प्रशिक्षणथियों से पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्रशिक्षणथियों से कहा कि आप सभी को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तथा संस्थान की निर्देशक प्रीति पांडेय ने सभी प्रशिक्षणथियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के राष्टीय महासचिव बिन्दू मौर्या आरसेटी के समस्त स्टाफ व काफी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग चार बीघा गेंहू की फसल जलकर हुई राख



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** महमूदाबाद क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं के चलते शुकवार को ग्राम पंचायत कंडी चाँदपुर के गांव लम्बापुरवा में गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारण से आग लगा गई, जिससे किसान जहीर पुत्र मुनीर की चार बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख । प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कुछ दूरी से आग जलाई गई थी, चल रही तेज हवाओं से चिंगारी उड़ कर जहीर के गेहूं के खेत में जा गिरी और कटने के लिए तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में जमा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी पहुँचे।दमकल के पहुंचने से पूर्व ही आग पर ग्रामीणों के द्वारा काबू पा लिया गया था। पीड़ित किसान जहीर ने बताया की लगभग ₹30000 मूल्य से अधिक का गेहूं जलकर राख हो गया है। पीड़ित किसान ने आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को भी दी है।

# छोटे बालाजी मंदिर के 12 स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया विशाल भंडारा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर,सीतापुर।** नगर के प्रसिद्ध छोटे बालाजी मंदिर के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया विशाल भंडारा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के पूरवा बेहटी स्थित प्रसिद्ध छोटे बालाजी मंदिर में बृहस्पतिवार को मंदिरके बारहवें स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना कर मंदिरका भव्य श्रृंगार किया गया, प्रातः से ही भारी संख्या में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर अपनी अपनी मनौतियों को पूर्ण करने की कामना की।

इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर क्षेत्र एवं दूर दराज ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग पर प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञातव्य है कि, बालाजी मंदिर की भारी मान्यता है और मंगलवार व शनिवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना व अपनी अपनी मनोकामनापूर्ण कराने के लिए बालाजी के दर्शन के लिए आते हैं।

# मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**सुलतानपुर।** अप्रैल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे मतदान कार्मिकों में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन का प्रशिक्षण दो पालियों व 25 कमरों में संचालित किया गया। यह प्रशिक्षण 21 अप्रैल तक चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने संचालित प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी मतदान कार्मिक ई.वी.एम. व वी.वी. पैट के कनेक्शन व सील करने की प्रक्रिया को करके सीख लें, जिससे मतदान दिवस में ईवीएम संचालन में कोई समस्या न आए। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान दोहरा संवाद बनाये रखने के लिए मतदान कार्मिकों से प्रश्न-उत्तर अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रतिभागियों से मॉक पोल प्रक्रिया, चैलेंज वोट, एम.पी.एस.एप. पर मतदान कार्मिकों से प्रश्न उत्तर भी किया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि सभी 25 कमरों में टी.वी. लगायी गयी है, जिस पर पी.पी.टी. के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।